सुप्रभात
रांची, रविवार
18.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, षष्ठी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 302



06 ओरल हेल्थ को लेकर रहें सजग


सिर्फ मेडिकल Preparation का संस्थान

BIOME से लगातार दूसरी बार NEET (UG) में 700 Marks पार

BIOME®
Leading Institute for Pre-Medical Exam.
A Unit of Bhavya Educational Services LLP

DIRECT ADMISSION
BASED ON 2025 BOARD RESULTS
According To BOARD MARKS (X[th]/XII[th])

| Scholarship Eligibility for NEET | Scholarship |
|---|---|
| For any State Board (Top 15 Merit Students) | 30% |
| For CBSE Board (95% or above) | 25% |
| For ICSE Board (90% or above) | 25% |
| For any State Board (80% or above) | 25% |
| For CBSE Board (90% or above) | 20% |
| For ICSE Board (85% or above) | 20% |
| For any State Board (75% or above) | 20% |
| For CBSE Board (85% or above) | 15% |
| For ICSE Board (80% or above) | 15% |
| For any State Board (70% or above) | 15% |
| For CBSE Board (80% or above) | 10% |
| For ICSE Board (75% or above) | 10% |
| For any State Board (65% or above) | 10% |
| For CBSE Board (75% or above) | 5% |
| For ICSE Board (70% or above) | 5% |
| For any State Board (65% or above) | 5% |

ADMISSION ANNOUNCEMENT through B-SAT

For NEET 2026 / 2027

Get upto 100%* SCHOLARSHIP
through
BIOME SCHOLARSHIP CUM ADMISSION TEST




SCHOLARSHIP TEST TO BE HELD ON
17[th], 18[th] & 24[th], 25[th] May 2025
Test results on same day | OFFLINE Test

SCAN this QR CODE & Register for OFFLINE SCHOLARSHIP TEST

*Note : The Scholarship is offered only on Tuition Fee.*

BIOME CLASSROOM HIGHLIGHTS



COMPLETE DIGITAL CLASS | HI-TECH LIBRARY | INDIVIDUAL DOUBT SOLVING | HOSTEL FACILITY | TRANSPORT FACILITY

SOME OF OUR STAR PERFORMERS OF NEET UG - 2024



HALIMA 701/720 | FAIZAN 692/720 | AYUSH 690/720 | AYUSH 690/720 | KIRAN 687/720 | HIMANSHU 685/720

*and many more...*

FOUNDATION (11[th] moving students) For NEET 2027
FRESHER (12[th] moving students) For NEET 2026
TARGET (12[th] passed students) For NEET 2026

PHASE - II
Batch Starting from
29[th] May 2025

7360066185 / 86 / 87 / 88 / 89 / 90 / 91 / 92

Shivpuri (Kilburn Colony) Opp. Spring City Mall, Hinoo, Ranchi
New Nagratoli, Near Women's College, Science Block, Ranchi
BARIATU : (Classroom Campus) - Chhotanagpur Public School, Beside Medica Hospital, Booti More, Ranchi

LIBRARY | HOSTEL | TRANSPORT
Manage by third party

www.biomeinstitute.in | youtube.com/biomeinstitute | facebook.com/biomeinstitute/

## राजधानी में सुप्रीम कोर्ट की बेंच हो : अरशद



**रांची।** नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड जस्टिस मूवमेंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद अरशद खान ने शनिवार को कहा कि हम पूरे देश में न्याय व्यवस्था में बदलाव की लड़ाई लड़ रहे हैं। हमारे देश में न्याय व्यवस्था बहुत महंगी है और गरीबों की पहुंच से दूर है। अदालतों में फैसलों की कोई समय सीमा निर्धारित नहीं है। जिसकी वजह से चोरी, डकैती, छिनतई, लूट खसूट, कालाबाजारी, करप्शन, हत्या बलात्कार बढ़ रहा है। इसलिए इस देश की न्याय व्यवस्था में बदलाव होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की बेंच सभी राज्यों की राजधानी में होनी चाहिए। हर राज्य की आबादी और क्षेत्रफल के हिसाब से सुप्रीम कोर्ट की कई कई बेंच हो।

**शपथ पत्र**

मैं, नोमिता कुजुर, पति-संदीप कुजुर, निवास स्थान- मकान संख्या-256/Z180बी. ग्राम-भीठा, कांके रोड, गांधीनगर, जिला-रांची, राज्य- झारखण्ड-834008, शपथ पूर्वक निम्न बयान देती हूँ कि नीचे लिखी बातें मेरी जानकारी में सही एवं पूर्ण सत्य है:-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हूँ तथा भारतीय नागरिक हूँ।
2. यह कि 'नायसा कुजुर' (आधार नं0-9863 5847 8280) मेरी पुत्री है।
3. यह कि मेरी पुत्री का नाम नायसा कुजुर है जो सही एवं सत्य है, जो उसके आधार कार्ड पर अंकित है।
4. यह कि किसी कारणवश मेरी पुत्री का नाम 'नायसा मेलिसा कुजुर' उसके जन्म प्रमाण-पत्र में हो गया है।
5. यह कि 'नायसा कुजुर' एवं 'नायसा मेलिसा कुजुर' दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है, जो मेरी पुत्री है।
6. यह कि उपरोक्त सारी बातें मेरे जानकारी में सही एवं सत्य है। गलत पाये जाने पर इसकी पूरी जवाबदेही मेरी होगी।

शपथ न. 298
दिनांक 14.5.2025

**AFFIDAVIT**

The Executive Magistrate, Lohardaga.Affidavit
I, Reena Devi wife of Jayesraj Sahu, resident of Kaimo Patra Toli, Lohardaga, P.S Lohardaga Dist. Lohardaga, Jharkhand do hereby solemnly affirm and declare as follows-

1. That I am permanent resident of above mentioned address.
2. That I have obtained UID Card No. 9527 6943 0730 of my daughter in which her name is written as Sumridhi Gupta in place of Samridhi Sahu.
3. That correct name of my daughter is written as Samridhi Sahu in her birth certificate etc.
4. That my daughter known to all by name as Samridihi Sahu @ Sumridhi Gupta both name belongs to one and same person name.
5. That this affidavit is being swearing for purpose of proof and correction name.
6. That all the facts or information given by me above are correct, if found wrong then all responsibility will be mine.That the contents of this affidavit is true and true to the best of my knowledge and belief. Sworn and signed this affidavit on 2nd day of May 2025 at Lohardaga.ef NO-305

## विभिन्न आदिवासी मुद्दों को लेकर 4 जून को झारखंड बंद

**रांची।** केंद्रीय सरना स्थल सिरोम टोली में मुख्य द्वार पर से रैंप हटाए जाने की मांग को लेकर शनिवार को संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान कहा गया कि आदिवासियों के केंद्रीय सरना स्थल सिरोम टोली में रैंप हटाए जाने सहित पेसा कानून, जमीन लूट धर्म कॉलम को लागू करने आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए सभी मुद्दों को आंदोलन का रूप देने के लिए आदिवासी बचाओ मोर्चा का गठन किया गया है। वहीं 27 मई को राज भवन के समक्ष धरना एवं प्रदर्शन किया जायेगा। इसके साथ ही 4 जून को विभिन्न आदिवासी मुद्दों को लेकर झारखण्ड बंद की घोषणा की गयी है। मौके पर पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव, देव कुमार धान, प्रेम शाही मुंडा, कुंदरसी मुंडा, निरंजना हेरेंज, राहुल तिर्की, सूरज टोप्पो, संगीता तिर्की, सुरेंद्र लिडा , प्रभात तिर्की, आकाश तिर्की, बहालिंडा, सुशीला कश्यप, सनी हेंब्रम आदि थे।

# तीन अहम विभागों को अब तक फंड नहीं मिलने पर बाबूलाल ने सरकार को घेरा

# सरकार की प्राथमिकता में विकास योजनाएं शामिल ही नहीं : बाबूलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष और भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट जारी कर कहा कि चालू वित्त वर्ष के डेढ़ महीने बीत जाने के बावजूद राज्य सरकार ने तीन अहम विभागों (गृह विभाग, पेयजल विभाग और पंचायती राज विभाग) को अब तक एक भी पैसा जारी नहीं किया है। मरांडी ने चेताया कि कुछ ही दिनों में मॉनसून आ जाएगा। इसके बाद अगले दो-तीन महीनों तक कोई सिविल निर्माण कार्य संभव नहीं होगा। ऐसे में विभागों को बजट न जारी करना न सिर्फ विकास कार्यों में बाधा है,



बल्कि जनता के साथ एक प्रकार का अन्याय है।

**अभी गृह विभाग को बजट देने का औचित्य ही नहीं** : बाबूलाल मरांडी ने लिखा कि राज्य में अभी तक डीजीपी की नियुक्ति नहीं हुई है, ऐसे में गृह विभाग को बजट देने का औचित्य नहीं दिखता। सीएम हेमंत सोरेन खुद की कमाई और दिहाड़ी के लिए एक भ्रष्ट अधिकारी को पद पर बनाये रखे हैं और इस तरह बजट की राशि को बचाया जा रहा है।

**जल संकट के बावजूद पेयजल विभाग का बजट रोका** : मरांडी ने कहा कि झारखंड इस समय भीषण गर्मी और जल संकट से जूझ रहा है, ऐसे में पेयजल विभाग को अब तक बजट नहीं जारी करना समझ से परे है। पेयजल योजनाओं का बजट रोकने को आम जनता के हितों की उपेक्षा बताया।

### प्राथमिकता पर सवाल

मरांडी ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता विकास योजनाएं नहीं, बल्कि अपने निजी स्वार्थों की पूर्ति करना है।

### पंचायती राज विभाग की भी हालत गंभीर

पंचायती राज विभाग की स्थिति को अत्यंत चिंताजनक बताते हुए मरांडी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक विकास कार्य अधूरे पड़े हैं, मजदूरों का भुगतान लंबित है, लेकिन इसके बावजूद विभाग के मंत्री और अधिकारी पांच सितारा होटलों में सेमिनार आयोजित कर ऐशो अय्याशी में करोड़ों रुपये फूंक रहे हैं।

## झारखंड की शराब नीति के खिलाफ जल्द होगा आंदोलन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सरकार की नई शराब नीति का विरोध किया है। आरोप लगाया है कि सरकार अपने चहेतों को लाभान्वित करने के लिए इस नीति को लायी है। भाजपा इसका पूरे प्रदेश में प्रबल विरोध करेगी। झारखंड के प्रखंड से लेकर जिलों तक में आंदोलन किया जायेगा।

**नयी शराब नीति में माफिया को खुली छूट** : बाबूलाल ने कहा कि नयी शराब नीति माफिया राज को खुली छूट देने की साजिश है। इस नीति के तहत नीलामी यूनिट के आधार पर होगी। इसमें एक व्यक्ति या समूह अधिकतम 12 यूनिट ले सकता है। इससे एक व्यक्ति या समूह एक जिले में 48 दुकानें और राज्य में 140 दुकानें ले सकता है।

**कारोबारी बनाएंगे एकाधिकार**

श्री मरांडी ने कहा कि इस नीति से कारोबारी पूरे राज्य की शराब दुकानों पर कब्जा और एकाधिकार स्थापित करेंगे। इससे राज्य के शराब व्यापार पर कुछ चुनिंदा नामों का खुला नियंत्रण होगा।

**राजस्व की होगी भारी क्षति** : उन्होंने कहा कि इस नीति से राज्य को राजस्व की भारी क्षति होगी। साथ ही बेरोजगारों, छोटे उद्यमियों और ग्रामीणों के लिए इसमें कोई जगह नहीं है।

**समाधान के लिए सुझाव** : मरांडी ने कहा कि अगर सरकार सचमुच रोजगार देना चाहती है तो एक व्यक्ति को एक दुकान की नीति लागू होनी चाहिये। इससे शराब व्यापार में समानता और पारदर्शिता आएगी। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि अधिसूचित क्षेत्रों में जनसंख्या के अनुपात में दुकानों को आरक्षित किया जाये। ग्रामीण महिलाओं को प्राथमिकता दी जाये, जो हड़िया बेचने को विवश हैं।

## बाबूलाल मरांडी शराब माफिया के बन गये हैं प्रवक्ता: ऋषीकेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ऋषीकेश सिंह ने कहा है कि भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी द्वारा राज्य की नयी शराब नीति पर दिया गया बयान न केवल भ्रामक है, बल्कि दुर्भावनापूर्ण भी है। यह बयान किसी जन-भावना से प्रेरित नहीं, बल्कि उस सिस्टम की हताश चीख है, जिसे सरकार ने बंद कर दिया है। श्री सिंह ने कहा है कि भाजपा नेता जिस आत्मविश्वास से झूठ का पुलिंदा परोस रहे हैं, उससे यही साफ है कि सरकार की नयी शराब नीति ने माफिया-ठेकेदारों के गठजोड़ पर ऐसी चोट की है जिसकी टीस भाजपा नेताओं को बेचैन कर रही है।

उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी बताएं कि जब वे खुद सीएम थे, तब उन्होंने नशाबंदी के लिए क्या किया था? कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा है कि असल में भाजपा की राजनीति संवेदनाओं से नहीं, ठेकेदारों की जेब से संचालित होती है। इधर हेमंत सरकार ने शराब वितरण को सरकारी नियंत्रण में लाकर जो पारदर्शिता और राजस्व वृद्धि सुनिश्चित की है, वह भाजपा के भ्रष्ट मॉडल पर करारा तमाचा है।

कांग्रेस पार्टी का स्पष्ट कहना है कि गठबंधन सरकार में शराब माफिया, दलाल और भाजपा की तिकड़ी को तोड़ दिया है और इसको लेकर आगे भी कोई समझौता गठबंधन सरकार नहीं करेगी।


## बोर्ड, निगम और आयोग के खाली पदों को भरे सरकार : कांग्रेस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में लगातार दूसरी बार महागठबंधन की सरकार बनने के बाद भी राज्य में कई बोर्ड, निगम और महत्वपूर्ण आयोगों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यों का पद वर्षों से रिक्त है। झारखंड राज्य महिला आयोग, झारखंड राज्य सूचना आयोग, झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सहित कई बोर्ड निगम और आयोग गठन नहीं होने की स्थिति में अपनी भूमिका नहीं निभा पा रहा है। इसको लेकर कांग्रेस पार्टी ने इन पदों को जल्द भरने की मांग को लेकर सीएम हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है।

2019 से 2024 तक की सरकार में झारखंड राज्य आवास बोर्ड, झारखंड राज्य कृषि विपणन पर्षद, झारखंड राज्य गौ सेवा आयोग,

### सीएम को लिखा पत्र



झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के पद भरे गये। हाल के दिनों में झारखंड राज्य बाल संरक्षक आयोग के अध्यक्ष या अन्य पदों पर मनोनयन तो हुआ, बावजूद आधी आबादी के अधिकार के लिए गठित संवैधानिक संस्था राज्य महिला आयोग, सूचना आयोग जैसे कई आयोग और बोर्ड खाली रह गए। अब झारखंड कांग्रेस के नेताओं ने राज्य के खाली पड़े आयोग, बोर्ड और निगमों के पद भरने के लिए सरकार पर दवाब बनाना शुरू किया है। पीसीसी झारखंड द्वारा मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर गठबंधन में पहले से तय फॉमूर्ले के अनुसार जल्द सभी बोर्ड, निगम और आयोग को भरने का आग्रह किया है।

### कांग्रेस बोर्ड, निगम और आयोग के रिक्त पदों को भरने के प्रति गंभीर

झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता जगदीश साहू कहते हैं कि पिछले दिनों राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के रांची दौरे के समय भी इस मुद्दे पर चर्चा हुई। साथ ही प्रदेश प्रभारी के. राजू भी बोर्ड निगम और आयोग के खाली पड़े पदों को भरने के लिए गंभीर हैं।

### रिक्त पदों को भरने के लिए कांग्रेस चिंतित

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप बलमुचू ने कहा कि राज्य के खाली पड़े बोर्ड, निगमों और आयोगों को जल्द भरने को लेकर झारखंड कांग्रेस चिंतित है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की चिंता इस बात की भी है कि कैसे हमारे नेताओं-कार्यकर्ताओं को उचित भागीदारी बोर्ड निगम या आयोग में सुनिश्चित हो। प्रदीप बलमुचू ने कहा है कि मुख्यमंत्री को भी शीघ्र इसके लिए संज्ञान लेना चाहिए क्योंकि इसका फायदा झामुमो के नेताओं-कार्यकर्ताओं को भी होगा। हालांकि बोर्ड निगम और आयोग को लेकर झामुमो, कांग्रेस और राजद के बीच क्या समझौता पूर्व में हुआ है। इसकी जानकारी देने से प्रदीप बलमुचू ने इनकार कर दिया।

**कार्यालयः– जिला पशुपालन पदाधिकारी, गुमला।**

**:: पशुपालकों के लिए आम सूचना ::**

जिले के पशुपालकों को सूचित करना है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में पशुओं में होने वाले खुरहा–मुँहपका रोग FMD टीकाकरण अभियान Round – 5 Phase – 1 एवं LSD टीकाकरण एक साथ दिनांक 19.05.2025 से सभी ग्रामों में निःशुल्क प्रारम्भ हो रही है।

अतः सभी पशुपालकों से अनुरोध है कि अपने पशुओं में FMD एवं LSD का टीका आवश्य लगवायें।

जिलें के सभी पशुपालक भाई–बहनों एवं जनप्रतिनिधि ( प्रमुख, मुखिया, वार्ड सदस्य आदि ) से अनुरोध है कि इस टीकाकरण कार्य में आपका सहयोग अपेक्षित है।

टीकाकारण से लाभ लेने हेतु अपने प्रखण्ड के पशुपालन पदाधिकारी से सम्पर्क कर अधिक जानकारी एवं पशुओं में टीका लगवाकर FMD एवं LSD से मुक्त रखना चाहेंगे।

जिला पशुपालन पदाधिकारी,
गुमला।

PR 352755 (Animal Husbandry) 25-26 (D)

रजिस्ट्री सं0 डी एल0–33004/99 | REGD.NO.D.L-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.–डी.एल.–अ.–14052025–263094
CG-DL-E-14052025-263094
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II–खण्ड 3–उप–खण्ड (ii)
PART II-Section 3 -Sub-Section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2054] नई दिल्ली, शुक्रवार, मई 9, 2025/वैशाख 19, 1947
No. 2054] NEW DELHI, FRIDAY, MAY 9, 2025/VAISAKHA 19, 1947

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**
**अधिसूचना**
**नई दिल्ली, 9 मई, 2025**

**का.आ. 2099(अ)**—केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. **799 तारीख 13.02.2025**, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा झारखंड राज्य के गढ़वा जिले के गांवों में अर्थात् मेराल अंचल अन्तर्गत मेराल, **NH75** के कि.मी. 219.6 से कि.मी. 260.483 तक के राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण (चौड़ा करने/चार लेन का बनाने, आदि) अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख **''21.02.2025''** को **''खबर मंत्रा''** और **'' टाइम्स ऑफ इंडिया''** दोनों में प्रकाशित किया गया था;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3–ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

**अनुसूची**

**झारखंड राज्य के गढ़वा जिले में NH75 के अन्तर्गत कि.मी. 219.6 से कि.मी. 260.483 (गढ़वा) के गांवों में अर्थात् मेराल अंचल अन्तर्गत मेराल, जिला–गढ़वा, झारखण्ड राज्य के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित भूमि का विवरण।**

जिलाः गढ़वा
प्रकाशन तिथिः 09.05.2025
[फा.स. NHAI/PIU/RNC/NH-75/Section-V(LA)/3D]
शेख अमीनखान, निदेशक
https://egazette.gov.in
https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/showFileDf.cshtml?notification_id=59218&file_id=30528
https://egazette.gov.in/(S(2ja5vvf2zt2c4xi22vk0rveo))/viewPDF.aspx

## चंपई सोरेन ने पूछा- क्या रेपिस्ट को इनाम देगी झारखंड सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि बोकारो में एक विशेष समुदाय के एक व्यक्ति द्वारा एक आदिवासी महिला के साथ दुष्कर्म की कोशिश पर बीच बचाव करने आये लोगों के साथ आरोपी व्यक्ति के साथ हाथापाई हुई। पुलिस के अनुसार, बाद में उसकी मृत्यु हो गई। उन्होंने लिखा कि आत्मरक्षा का अधिकार हर किसी को है और ऐसे अपराधियों से किसी को भी सहानुभूति नहीं होनी चाहिए। लेकिन अगले दिन, झारखंड के एक मंत्री ने स रेपिस्ट को विक्टिम साबित करने की कोशिश की। उन्होंने उस आरोपी व्यक्ति के परिवार के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से 1 लाख, मुख्यमंत्री की ओर से 1 लाख तथा राज्य सरकार की ओर से 4 लाख की सहायता राशि एवं स्वास्थ्य विभाग में नौकरी देने की घोषणा की।

**यह कैसी राजनीति** : चंपाई सोरेन ने कहा कि क्या वोट बैंक के लिए सरकार इस स्तर तक गिर सकती है कि वो आदिवासी समाज की महिला का रेप करने वाले को इनाम देगी? क्या हमारी बेटियाँ ज्यादा असुरक्षित नहीं हो जायेंगी? क्या उस महिला को आत्मरक्षा का अधिकार नहीं था?

## ओबीसी क्रीमी लेयर की सीमा 12 लाख करे सरकार : डॉ. लंबोदर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सह पूर्व विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से ओबीसी की क्रीमी लेयर की सीमा बढ़ाने की मांग की है। पूर्व विधायक ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष में पिछड़ी जातियों के लिए क्रीमी लेयर की निर्धारित सीमा 08 लाख से बढ़ाकर 12 लाख किया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री को प्रेषित पत्र में कहा कि भारत सरकार के द्वारा वर्ष 2008 में देश की पिछड़ी जातियों की क्रीमी लेयर की सीमा साढ़े चार लाख निर्धारित की गई थी जिसे 26 फरवरी 2016 को बढ़ाकर आठ लाख प्रतिवर्ष निर्धारित किया गया था। इस सीमा की बढ़ोतरी किए जाने के लगभग नौ वर्ष बीत चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इस बात के लिए धन्यवाद के पात्र हैं कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में आयकर की अधिसीमा बढ़ाकर 12 लाख रुपए की गई है। साथ ही जातिगत जनगणना कराने का निर्णय लिया है।

## एनआइए चार दिनों तक टीएसपीसी के जोनल कमांडर से करेगी पूछताछ

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** चतरा के टंडवा स्थित मगध और आम्रपाली कोयला परियोजना से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में गिरफ्तार टीएसपीसी के जोनल कमांडर रवींद्र गंझू से एनआईए की टीम पुलिस रिमांड पर लेकर चार दिनों तक पूछताछ करेगी। सिविल कोर्ट रांची के एनआईए के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने एनआईए की ओर से दायर पुलिस रिमांड के आवेदन पर सुनवाई के बाद अनुमति प्रदान की। एनआईए 23 मई तक पूछताछ करेगी। गौरतलब है कि रवींद्र गंझू 5 मई से न्यायिक हिरासत में है। एनआईए ने मामले में फरार दिखाते हुए चार्जशीट दाखिल की थी। एनआईए के अनुसार आरोपी से पूछताछ आवश्यक है ताकि दस्तावेजी पुष्टिकरण प्राप्त किया जा सके और उन सरकारी अधिकारियों की पहचान की जा सके, जिन्होंने उन आपराधिक वार्ताओं में मदद की।

## आइएएस अजय कुमार सिंह के बाद वंदना दादेल भी करेंगी विदेश यात्रा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** दो भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी विदेश दौरे पर जाने वाले हैं। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह यूनाईटेड किंगडम की 10 दिनों की यात्रा पर जा रहे हैं। वहीं, अब कैबिनेट व गृह सचिव वंदना दादेल भी छुट्टी पर जाने वाली हैं। वंदना दादेल ने भी विदेश दौरे के लिए एक्स इंडिया लीव का आवेदन दिया है। 31 मई से वे छुट्टी पर जा रही हैं। इन अधिकारियों के अवकाश पर जाने के चलते राज्य सरकार ने दोनों पदाधिकारियों के स्थान पर उनकी छुट्आी अवधि तक अन्य भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। वित्त सचिव प्रशांत कुमार को कैबिनेट व गृह सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया जा रहा है। वहीं स्वास्थ्य विभाग के लिए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव व सदस्य राजस्व पर्षद मस्त राम मीणा को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। सीएम की सहमति के बाद कार्मिक विभाग अधिसूचना जारी कर देगा। हालांकि, चास एसडीओ प्रांजली ढांढ़ा भी अवकाश पर बिट्रेन जा रही हैं, उनके स्थान पर अभी सरकार के स्तर पर किसी को अतिरिक्त प्रभार नहीं दिया गया है।

# राहुल गांधी का संभावित झारखंड दौरा जल्द

### तैयारी में जुटी प्रदेश कांग्रेस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बाद अब राहुल गांधी के झारखंड आगमन की खबर को लेकर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में नेताओं और कार्यकर्त्ताओं के बीच चर्चा का बाजार गर्म है। कांग्रेस सूत्रों की माने तो राहुल गांधी का इस बार का झारखंड दौरा जनजातीय बाहुल्य इलाके में कराने की है। इतना ही नहीं प्रदेश कांग्रेस की योजना इस बार राज्य के जनजातीय इलाकों में राहुल गांधी की पदयात्रा कराने की भी है। जल्द ही प्रदेश कांग्रेस लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के दौरे की तारीख की घोषणा करेगी।

### किसी जनजातीय बाहुल्य इलाके में राहुल गांधी के कार्यक्रम का होगा आयोजन

राहुल गांधी के दौरे को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया कि राहुल गांधी का कार्यक्रम किसी जनजातीय बाहुल्य इलाके में आयोजित होगा। इसकी तिथि तय करने के लिए वे जल्द ही दिल्ली जाएंगे और राहुल गांधी से मिलकर समय लेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का हर कार्यकर्त्ता और नेता चाहता है कि राहुल गांधी का कार्यक्रम राज्य में हो ताकी उत्साह का संचार हो सके।



**झारखंड के साथ हिन्दी बहुल्य राज्यों पर है कांग्रेस का फोकस**

कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व का इन दिनों झारखंड के साथ हिन्दी बहुल्य राज्यों पर ज्यादा फोकस है। बीते दिनों कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे रांची आए और संविधान बचाओ रैली में शामिल हुए। उन्होंने पहली बार प्रदेश कांग्रेस कमेटी की विस्तारित बैठक में भी शामिल हुए। अब प्रदेश कांग्रेस लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के झारखंड दौरे की योजना बन रही है। हालांकि इसको लेकर कोई तिथि निर्धरित नहीं की गयी है।

### राहुल गांधी के संभावित झारखंड दौरे को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह

प्रदेश कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी के दौरे की तैयारी भी शुरू हो चुकी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश जल्द ही दिल्ली जाकर राहुल गांधी से मुलकात कर कार्यक्रम को लेकर उनसे समय मांगेगे। फिलहाल राहुल गांधी के झारखंड दौरे को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। इसके बावजूद राहुल गांधी के आगमन की चर्चा से ही कांग्रेस में उत्साह में दिखाई देने लगी है। कांग्रेस का कहना है कि अगर राहुल गांधी का झारखंड दौरे का कार्यक्रम बनता है तो इस क्रम में वे जनजातीय समाज की समस्या से भी रूबरू होंगे। पार्टी की योजना भी सामाजिक न्याय और पिछड़े, आदिवासियों और अनुसूचित जनजाति के बीच पार्टी के जनाधार को बढ़ाना है।

सुप्रभात
रांची, रविवार
18.05.2025
नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, षष्ठी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 302



12 थरूर ने स्वीकारी पाक की पोल खोलने की जिम्मेदारी

## न्यूज डायरी

### दिल्ली में आतंकी हमले की आशंका, हाई अलर्ट

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में आतंकी हमले की आशंका के मद्देनजर खुफिया एजेंसियां और पुलिस हाइअलर्ट पर है। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ राजधानी में लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिद्दीन जैसे संगठनों के जरिए हमला करवा सकती है। भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा कड़ी कर दी गयी है। लोगों से सतर्क रहने की अपील की गयी है।

### 25 को रांची आयेंगे स्पीकर ओम बिरला

**रांची।** लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला 25 को रांची आयेंगे। यहां से वह चेंबर ऑफ कॉमर्स जमशेदपुर के प्लेटिनम जुबली समारोह में शामिल होने जायेंगे। चैंबर ऑफ कॉमर्स जमशेदपुर अपनी स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण कर रहा है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आमंत्रण पर श्री बिरला ने कार्यक्रम में भाग लेने की अपनी अनुमति प्रदान की है। श्री सेठ ने बताया कि रांची में शाम 5 बजे स्वर्ण भूमि सभागार डांगरा टोली में लोकसभा अध्यक्ष का नागरिक अभिनंदन किया जायेगा।

### सड़क हादसे में पति पत्नी व मासूम की मौत

**गिरिडीह।** बगोदर में तेज रफ्तार एक कार अनियंत्रित हो कर एक पेड़ टकरा गयी। इस घटना में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गयी। घटना बगोदर थाना क्षेत्र के बगोदर-सरिया रोड पर अंबाडीह मोड़ के पास शुक्रवार की देर रात हुई। छोटकी सरिया निवासी आशीष कुमार बर्णवाल, पत्नी श्वेता बर्णवाल और डेढ़ वर्षीय बेटे पलटू के साथ रांची से सरिया लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकरा गयी।

### अवहेलना मामले में 10 सीआरपीएफ जवान सस्पेंड

**पश्चिम सिंहभूम।** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर रेल मंडल में अनुशासनहीनता के एक गंभीर मामले में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के 10 कांस्टेबलों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## कार्टून कोना




### झारखंड हाइवे शुल्क संशोधन नियमावली लागू

# खनिज वाहनों को हर ट्रिप लगेगा 150 रु. टोल टैक्स

### नहीं देने पर तीन गुना जुर्माना, वाहन जब्ती भी




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार ने एक नया नियम लागू किया है, जिसके तहत अब राज्य के सभी हाईवे पर खनिज ढोने वाले यांत्रिक वाहनों से प्रति ट्रिप 150 रुपये टोल टैक्स लिया जायेगा। भारतीय टोल अधिनियम (झारखंड संशोधन) 2002 की धारा 2 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य सरकार ने झारखंड हाइवे शुल्क (दर निर्धारण एवं संग्रहण) संशोधन नियमावली, 2025 के रूप में कई संशोधन करते हुए नियम बनाये हैं। पथ निर्माण विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दिया है।

**खनिज ढोनेवाले सभी वाहन दायरे में :** प्रावधान के अनुसार कुछ छूट प्राप्त वाहनों को छोड़कर, यह नियम सभी खनिज ढोने वाले वाहनों पर लागू होगा। अब यदि कोई वाहन खनिज जैसे कोयला, पत्थर आदि को एक स्थान से दूसरे स्थान तक लेकर जाता है, तो उसे प्रति यात्रा उक्त टोल शुल्क देना होगा। इसके तहत यदि कोई यांत्रिक वाहन उपयुक्त शुल्क का भुगतान नहीं करता है या नियमों का उल्लंघन करता है, तो अधिकतम तीन गुना पेनल्टी (जुर्मना) देनी होगी। इसका विस्तार पूरे राज्य में होगा।

**जब्ती का भी प्रावधान :** प्रावधान के अनुसार यदि कोई वाहन मालिक या चालक निर्धारित शुल्क का भुगतान नहीं करता है, तो उस पर अधिकतम तीन गुना जुर्माना लगाया जायेगा। भुगतान न होने पर 15 दिन के भीतर यह दंड लगाया जायेगा और इसके बाद वाहन जब्त भी किया जा सकता है। राज्य सरकार ने पथ निर्माण विभाग के सचिव को निर्धारण प्राधिकारी और विभाग के संयुक्त सचिव को मूल्यांकन प्राधिकारी बनाया है। उन्हें धारा 7 के तहत अधिकृत किया गया है। दंड के खिलाफ अपील मूल्यांकन प्राधिकारी के पास की जा सकती है।

#### भुगतान अनिवार्य

सरकार ने यह भी साफ कर दिया है कि टोल टैक्स का भुगतान ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से करना अनिवार्य होगा। इसमें खनिज चालान, जीएसटी चालान, वैट चालान और वन पास जैसे दस्तावेज शामिल होंगे।

#### राजस्व बढ़ाने की कोशिश

झारखंड सरकार इस नियम के जरिये राजस्व बढ़ाने की कोशिश कर रही है। इससे पहले खनिज पर सेस लगाया गया था और अब परिवहन पर टोल टैक्स लगाया गया है। इससे खनिजों की ढुलाई लागत बढ़ेगी और खनिज महंगे हो सकते हैं।

### भारत के पास ताकत है और सबक सिखाना आता है : भागवत

# दुनिया ताकतवरों की ही सुनती है, हमने दिखाया भी

**एजेंसी**

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सर संघचालक मोहन भागवत ने जयपुर में कहा कि भारत किसी से शत्रुता नहीं रखता, लेकिन यदि कोई दुस्साहस करेगा तो उसे सबक सिखाने से पीछे नहीं हटता। भारत-पाक तनाव के बीच बोले मोहन भागवत ने कहा, दुनिया प्रेम और मंगल की भाषा तब ही सुनती है, जब आपके पास शक्ति हो। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा अन्य देशों की मदद की है, भले ही कुछ देश विपरीत धाराओं में बहते हों। संघ प्रमुख ने कहा कि भारत हर क्षेत्र में प्रगति करेगा। भारत किसी से शत्रुता नहीं चाहता लेकिन अगर कोई दुस्साहस करता है तो भारत उसे सबक सिखाने की ताकत रखता है। अब कभी पीछे नहीं हटता। हाल में भारत की ताकत दुनिया ने देखी। में अपनी अलग पहचान बनाने की बात कही।



**दुनिया मार्गदर्शन जरूरी :** उन्होंने कहा कि हमें छोटे राष्ट्रों को मार्गदर्शन देना हैं। उन्हें प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाना है। यही बड़े भाई का असली फर्ज है। भारत ने हमेशा दूसरे देशों की मदद की है, चाहे परिस्थितियां कैसी भी रही हों। उन्होंने इशारों में बिना किसी देश का नाम लिए कहा कि कुछ देश विपरीत दिशा में चलते हैं, फिर भी हम किसी की सहायता करने से पीछे नहीं हटते। कभी-कभी परिस्थितियां विपरीत हो जाती हैं, लेकिन भारत का स्वभाव सहयोग और करुणा का रहा है। डॉ. भागवत ने लोगों से अपील की कि वे अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें।

#### हमारा किसी से विद्वेश नहीं

संघ प्रमुख ने कहा, भारत किसी से द्वेष नहीं रखता, लेकिन दुनिया उसी की सुनती है, जिसके पास ताकत हो। ये दुनिया का स्वभाव है जिसे बदला नहीं जा सकता। विश्व कल्याण के लिए हमें शक्ति संपन्न होने जरूरी है। वह जयपुर में हरमाड़ा स्थित रविनाथ आश्रम में एक समारोह में बोल रहे थे। संघ प्रमुख भागवत अपने सम्बोधन में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर बोले। उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिये बिना कहा कि अगर कोई दुस्साहस करेगा, तो भारत सबक सिखाने में पीछे नहीं हटेगा। सहयोग की भावना हमारे व्यवहार का हिस्सा है। भारत कई देशों के लिए बड़े भाई की भूमिका में है, लेकिन हमें इसका घमंड नहीं करना चाहिए।

# पलामू के मनातू में मुठभेड़ एक नक्सली को लगी गोली

### पुलिस को भारी पड़ता देख कई नक्सली भागे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पुलिस और प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन कमेटी (टीएसपीसी) के बीच भीषण मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने मौके से एके-47 के मैगजीन समेत कई सामग्री को बरामद की है।

इस मुठभेड़ में एक नक्सली को गोली ल्लगी है। पुलिस को भारी पड़ता देख अन्य नक्सली जंल का लाभ ले कर भाग निकले। पूरे इलाके में सर्च अभियान जारी है। एसपी रीष्मा रमेसन कोगुप्त सूचना मिली थी कि टीएसपीसी का 10 लाख का इनामी कमांडर शशिकांत के नेतृत्व में एक दस्ता किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में है।



(शेष पेज 11 पर)

# बारिश-वज्रपात से राज्यभर में 5 की मौत

### दिन में धूप, दोपहर बाद तेज हवा के साथ झमाझम बारिश

#### छह दिनों तक तेज आंधी, बारिश व ओलावृष्टि की चेतावनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में शनिवार की दोपहर बाद मौसम बदला और राज्य के कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश, वज्रपात और कहीं-कहीं ओलावृष्टि हुई। वज्रपात की घटनाओं में गुमला, रातू, पलामू, चाईबास समेत अन्य इलाकों में पांच लोगों की मौत की खबर है। आकाशीय बिजली गिरने से दर्जन भर लोगों के घायल होने की भी खबर है। मौसम विभाग ने अगले छह दिनों तक राज्य के कई जिलों में तेज आंधी, पानी, गर्जन के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की है। साथ ही लोगों को सकर्त रहने की सलाह दी है।

रांची राजधानी में शनिवार को दिन में तेज धूप थी। दोपहर बाद अचानक मौसम बदला और जमकर बारिश हुई। उसके बाद मौसम सुहाना हो गया। मौसम विभाग के अनुसार रांची में 4.8 मिमी, बोकारो में 44.2 मिमी, देवघर में 16.5 मिमी, गिरिडीह में 0.5 मिमी, गोड्डा में 6.0 मिमी, हजारीबाग में 4.5 मिमी, जामताड़ा में 6.0 मिमी वर्षा दर्ज की गयी है। इन जिलों में राहत की बारिश से लोगों को सुकून मिला। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार राज्यभर में आने वाले दिनों तक मौसम का मिजाज बदला-बदला रहेगा। 23 मई तक कई जिलों में गरज के साथ बारिश, धूल भरी आंधी और तेज हवाएं चलने, ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। 18 मई को उत्तर-पश्चिमी भागों को छोड़कर शेष भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ बारिश हो सकती है। 19, 20 और 21 मई को अधिकांश जिलों में गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश संभव है।



### सरकारी भूमि पर सूचना पट्ट लगाने का निर्देश

**रांची।** रांची जिला के सभी अंचलों में सरकारी भूमि को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक प्लॉट में 'सरकारी भूमि से संबंधित सूचना पट्ट' लगाया जायेगा। रांची ने इस संबंध में सभी अंचल अधिकारियों को आदेश जारी किया है। उन्होंने सूचना पट्ट में जिले का नाम एवं संबंधित अंचल/मौजा का नाम, हल्का संख्या, थाना संख्या, खाता संख्या, प्लॉट संख्या, कुल रकबा तथा भूमि के किस्म को भी अंकित करने का आदेश दिया है। साथ ही सूचना पट्ट की विवरणी फोटोग्राफ के साथ उपलब्ध कराने को कहा गया है। सभी अंचल अधिकारियों को अपने संबंधित अंचल में सरकारी भूमि की मार्किंग करने का भी आदेश उपायुक्त द्वारा दिया गया है।

# पाक की जासूस निकली फेमस यूट्यूबर

### ज्योति मल्होत्रा सहित 6 गद्दार गिरफ्तार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ से जुड़े जासूसों के खिलाफ सुरक्षा एजेंसियों की कार्रवाई तेज हो गयी है। सोशल मीडिया पर सक्रिय और लाखों फॉलोअर्स वाली हरियाणा की पेमस यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में हिसार से गिरफ्तार कर लिया गया। खुफिया एजेंसियों के अनुसार, उन पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों को भारत से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां देने का आरोप है। कोर्ट में पेशी के बाद ज्योति मल्होत्रा को 5 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया।



पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पुलिस अब तक छह लोगों को हरियाणा और पंजाब से गिरफ्तार कर चुकी है। अब सबकी कुंडली निकलकर सामने आ गयी। सूत्रों के अनुसार, साल 2023 में ज्योति ने एक कमीशन एजेंट की मदद से पाकिस्तान का वीजा प्राप्त किया और वहां यात्रा की। वहीं उसकी मुलाकात पाकिस्तान हाई कमीशन में कार्यरत एक कर्मचारी दानिश से हुई। दानिश से ज्योति के व्यक्तिगत संबंध बन गये। यही रिश्ता आगे चलकर खुफिया एजेंसियों तक पहुंचने की पहली सीढ़ी बना। इसी दौरान ज्योति के पाकिस्तानी खुफिया नेटवर्क से संपर्क की शुरूआत हुई। ज्योति की गिरफ्तारी पंजाब के मलेरकोटला से पकड़ी गयी गजाला की पूछताछ के बाद हुई। कई जासूसों के नाम सामने आये।

**दो साल में तीन दफे पाक, चीन गयी थी :** ज्योति मल्होत्रा अपने ट्रैवल यूट्यूब चैनल के लिए जानी जाती हैं। वह पिछले दो साल में तीन बार पाकिस्तान, एक बार चीन, साथ ही यूएई, बांग्लादेश, भूटान और थाईलैंड की यात्रा कर चुकी हैं।

(शेष पेज 11 पर)




# जेपीएससी का अब रिजल्ट शीघ्र जारी होगा

### राज्यपाल ने सरकार और आयोग को दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष गंगवार ने शनिवार को झारखंड लोक सेवा आयोग के परीक्षाफल के शीघ्र प्रकाशन का निर्देश आयोग को दिया है। इसे लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के शिष्टमंडल ने राज्यपाल से मुलाकात कर रिजल्ट प्रकाशित कराने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल की बातें सनिने के बाद राज्यपाल आयोग से टेलीफोन पर बात की और परीक्षाफल प्रकाशन में विलंब का कारण पूछा। साथ ही यथाशीघ्र रिजल्ट प्रकाशन का निर्देश दिया। वहीं आयोग ने रिजल्ट प्रकाशन पर सकारात्मक आश्वासन दिया।प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई कर रहे देवेन्द्रनाथ महतो 11 वीं से 13 वीं सिविल सेवा, फॉरेस्ट रेंजर ऑफिसर, फूड सेफ्टी सिक्योरिटी ऑफिसर,असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति और अन्य परीक्षाओं की जानकारी राज्यपाल को दी। परीक्षा परिणाम जारी न होने से नाराज अभ्यर्थी पिछले एक सप्ताह से अनिश्चिकालीन आंदोलन पर बैठे थे। शुक्रवार को उन्होंने अपना आंदोलन टालने की घोषणा की थी। जेएलकेएम सुप्रीमो व डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो का समर्थन मिला है। जयराम ने आंदोलन को औपचारिक रूप से समर्थन देते हुए शनिवार को राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात की है। इस दौरान उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि राज्यपाल ने परीक्षा परिणामों में अनावश्यक देरी होने पर चिंता जतायी।



#### लेट होने से अभ्यर्थी हैं आक्रोशित

मालूम हो कि जेपीएससी की मुख्य परीक्षा 22 से 24 जून 2024 के बीच ली गयी थी। आयोग के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार परीक्षा का परिणाम अगस्त 2024 में घोषित किया जाना था, लेकिन अब तक परिणाम जारी किया गया। इससे अभ्यर्थियों में भारी नाराजगी है और वे लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस अवसर पर देवेंद्रनाथ महतो ने कहा कि यदि मई के अंत तक मुख्य परीक्षा का परिणाम जारी नहीं किया गया तो जून में आंदोलन को और तेज किया जायेगा। यह आंदोलन सिर्फ जेपीएससी कार्यालय नहीं, बल्कि पूरे राज्य में चक्का जाम और झारखंड बंद के रूप में दिखेगा। उन्होंने कहा, राज्यपाल पर पूरा भरोसा है। उम्मीद है कि अब जल्द रिजल्ट प्रकाशित होगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे राज्यपाल से पुनः भेंट कर इस मुद्दे का स्थायी समाधान निकालने का प्रयास करेंगे। शिष्टमंडल में सत्यनारायण शुक्ला, हर्षित सिंह, श्याम तिवारी, चंदन कुमार रजक, अजित महतो सहित अन्य मौजूद थे।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रविवार 18.05.2025

धनबाद, वर्ष 02, अंक 63

epaper.khabarmantra.net

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

### डीएवी स्कूल सिंदरी मे सेमिनार का आयोजन



**सिंदरी।** डी ए वी पब्लिक स्कूल सिंदरी में तीन दिवसीय रीजनल सेंटर के अंतर्गत सेमिनार का आयोजन शनिवार को किया गया। प्राचार्य अशोक कुमार सिंह और सेमिनार के पर्यवेक्षक प्राचार्य डी ए वी मुगमा शुभाशीष चट्टराज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सेमिनार में पुस्तकालय, फिजीकल एजुकेशन, म्यूजिक एवं परफार्मिंग और आर्ट्स विषय पर गहन विचार विमर्श और प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रकार का सेमिनार शिक्षकों के ज्ञान, कौशल और शिक्षण विधियों को समृद्ध करते हैं। अतिथि प्राचार्य शुभाशीष चट्टराज ने कहा कि चारों विषयों का शिक्षा में विशेष महत्व है। कार्यक्रम में झारखंड सी जोन से संबंधित डी ए वी विद्यालयों से आए मास्टर ट्रेनर्स ने प्रशिक्षण सत्र का संचालन किया। इस दौरान शिक्षकों को शैक्षणिक विधियों से अवगत कराया गया। तीन दिवसीय सेमिनार नवाचार, सहभागिता और समर्पण का आदर्श उदाहरण बना।

### बीसीसीएल कर्मियों को कोर्ट का बेदखली नोटिस

सिंदरी। एफसीआई के रांगामाटी स्थित विभिन्न श्रेणियों के आवासों में अवैध रूप से रह रहे 580 लोगों को बेदखली का नोटिस जारी किया गया है। एफसीआई के वित्तीय और संपदा सलाहकार देवदास अधिकारी ने बताया कि रांगामाटी के आर एम के फोर, आर एम एल और आर एम फोर श्रेणी के आवासों में अवैध रूप से रह रहे 580 बीसीसीएल कर्मियों और पूर्व कर्मियों को आवास बेदखली का पी पी कोर्ट का नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि पी पी कोर्ट ने 580 बीसीसीएल कर्मियों को 28 मई से 2 जून तक पी पी कोर्ट के बेंच मे हाजिर होने का नोटिस जारी किया है। हाजिर नहीं होने पर कोर्ट एक्स पार्टी निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र होगा। देवदास अधिकारी ने बताया कि कोर्ट के बेदखली आदेश के बाद एफसीआई जिला प्रशासन के सहयोग से आवासों को अवैध कब्जा से मुक्त कराएगी।

### गोविंदपुर और टुंडी रेल लाइन से जुड़ेंगे : मथुरा

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर और टुंडी रेल लाइन से जुड़ेंगे। दोनों स्थानों पर रेलवे स्टेशन बनेंगे। इसके लिए रेल मंत्रालय ने पहल शुरू कर दी है। शनिवार को धनबाद से पूर्वी टुंडी जाने के क्रम में टुंडी विधायक एवं विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक मथुरा प्रसाद महतो ने गोविंदपुर में जानकारी देते हुए कहा कि इसकी मांग वह लंबे समय से कर रहे हैं। झारखंड विधानसभा के विगत बजट सत्र में उन्होंने यह सवाल उठाया था और उन्हें परिवहन मंत्री ने इस संबंध में कार्रवाई का आश्वासन दिया था। श्री महतो ने कहा कि विधानसभा में सवाल उठाने के बाद विगत 17 मार्च 2025 को परिवहन विभाग की सचिव विप्रा भाल ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष को पत्र लिखा था। उन्होंने पत्र में कहा था कि टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने झारखंड विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम 128 के अंतर्गत प्राप्त गैर सरकारी संकल्प द्वारा धनबाद से गिरिडीह भाया टुंडी, गोविंदपुर नई रेल लाइन निर्माण का अनुरोध किया है। अत: उक्त गैर सरकारी संकल्प संदर्भित विषय पर आवश्यक कार्रवाई की जाए। इसके बाद रेल मंत्रालय ने इस दिशा में कार्रवाई शुरू की है। उन्होंने कहा कि गोविंदपुर और टुंडी के रेल लाइन से जुड़ने से क्षेत्र के विकास में तेजी आएगी। रेल लाइन के ट्रैफिक सर्वेक्षण के बाद अब यातायात और इंजीनियरिंग सर्वे होगा। धनबाद के प्रधानखूंटा से गोविंदपुर और टुंडी होते हुए गिरिडीह तक रेल लाइन जुड़ेगी।

## शंखनाद : सूदखोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कराई जाएगी

# शोषित मजदूरों की लड़ाई लड़ेंगे : अमर बाउरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** सूदखोरों के प्रताड़ना से हमारे लोग आत्महत्या कर लेते हैं। मजदूरों का परिश्रम का पूरा रुपया सूदखोर हड़प जाते हैं। इसमें बीसीसीएल, बैंक के अधिकारी की मिलीभगत होती है। अमर बाउरी ने कहा कि ऐसे सभी मजदूरों की सूची बनाई जाएगी। उत्सव भवन में महजनी प्रथा के खिलाफ हुई बैठक में ये बातें पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि सूदखोर पूरा रुपया हड़प लेता है और पुलिस प्रशासन कुछ नहीं करती है। सूदखोर के जाल में फंसकर मजदूर आत्महत्या तक कर लेते हैं। लेकिन पुलिस मुकदर्शक बन देखती रह जाती है। किसी को सजा तक नहीं मिलती है। जिससे ऐसे असामाजिक तत्वों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। ऐसे लोगों के खिलाफ बड़ी लड़ाई लड़ी जाएगी। इसे लेकर बीसीसीएल के 12 एरिया के प्रभारी मनोनयन किया गया कि सूदखोरों की सूची तैयार करेंगे। जिसकी सूची पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों से लेकर आयोग को सौंपी जाएगी। सूदखोरों के चंगुल में फंसे लोगों को मदद की जाएगी। इस दौरान केंद्रीय समिति का गठन किया गया। इसमें केंदीय संयोजक अमर कुमार बाउरी को बनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बलदेव महतो ने की। संचालन मीडिया प्रभारी बप्पी बाउरी ने किया। इस दौरान बलदेव महतो, शेखर सिंह, केपी गुप्ता, योगेंद्र यादव, उचित महतो, गौर चंद बाउरी, डबलू बाउरी, ध्रुव हरि, अजय निषाद, ललन पासवान, प्रकाश बाउरी, परेश चंद्र दास, अश्विनी खेत्रपाल, अजय कुमार दास, विनय रजवार, श्रीमंत बाउरी, फूल जोशी, उरी, मनोज मिश्रा, संजय सिंह, रुदल पासवान, बलराम हरि, गणेश बाउरी, रूपेश पासवान उपस्थित थे।

# डोमगढ़ व गौशाला में एफसीआई की भूमि पर अवैध कब्जाधारकों के खिलाफ कोर्ट का नोटिस

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** सिंदरी के डोमगढ़ और गौशाला क्षेत्र में एफसीआई की भूमि पर अवैध रूप से मकान, दुकान और संस्थान चलाने वाले अवैध कब्जा धारकों के खिलाफ पी पी कोर्ट ने बेदखली का नोटिस जारी किया है। इस प्रक्रिया के तहत डोमगढ़ शिव मंदिर, मस्जिद और शिक्षण संस्थान एसपीएम कॉलेज को भी नोटिस जारी किया गया है।पी पी कोर्ट के नोटिस में उल्लेख किया गया है कि डोमगढ़ और गौशाला क्षेत्र में कुल 317 लोगों ने अवैध रूप से मकान अथवा दुकान का निर्माण किया है। कोर्ट ने सभी नोटिस धारकों को 28 मई को कोर्ट में हाजिर होकर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही चेतावनी दी है कि निर्धारित तिथि पर कोर्ट में उपस्थित नही होने पर कोर्ट एक्स पार्टी निर्णय के लिए स्वतंत्र होगा। इसके पूर्व डोमगढ और गौशाला क्षेत्र के आवासों पर अवैध कब्जा किए हुए लोगो के खिलाफ कोर्ट बेदखली का आर्डर जारी कर चुका है। अब एफसीआई प्रबंधन जिला प्रशासन के सहयोग से अवैध कब्जा मुक्ति का मूवमेंट शुरू कर चुकी है।डोमगढ़ और गौशाला क्षेत्र को अवैध कब्जा से मुक्ति के बाद इन निर्धन लोगों के समक्ष पुनर्वास सबसे बड़ी समस्या होगी। लोग अपने रैन बसेरा के उजड़ने की आशंका से भयभीत हैं। ज्ञातव्य है कि भारत सरकार ने मंत्रालय स्तर पर गौशाला में 85 एकड़ और डोमगढ में 304 एकड़ जमीन सेल के टासरा प्रोजेक्ट को कोयला खनन के लिए हस्तांतरित कर दिया है। एफसीआई सिंदरी प्रबंधन जमीन को खाली करवाने के प्रयास में लगी हुई है।

## कारा सुरक्षा समिति की बैठक में नए जेल के निर्माण की उठी मांग

# डीसी ने अपर समाहर्ता को जमीन चिन्हित करने का दिया निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में कारा सुरक्षा समिति के साथ बैठक की। जिसमें समिति ने कैदियों की सुरक्षा और सुविधाओ को ध्यान में रखते हुए नए जेल के निर्माण की मांग की। इसपर उपायुक्त ने अपर समाहर्ता को जमीन चिन्हित करने का दिया निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने जेल में कैदियों- बंदियों की मूलभूत सुविधाएं, स्वास्थ्य सुविधाएं, सीसीटीवी कैमरा सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं पर समीक्षा की। उन्होंने जेल अंतर्गत वॉच टावर, बाउंडरी वॉल, वार्ड, वीसी रूम, मीटिंग रूम, शौचालय, अप्रोच एवं इंटरनल सड़क, आदि की जानकारी ली। उन्होंने भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को वॉच टावर एवं एप्रोच रोड की मरम्मती करने की बात कही। वहीं जेल में फायर सेफ्टी, फर्स्टएड किट दुरुस्त रखने के भी निर्देश दिए। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को डॉक्टरों के नियमित उपस्थित एवं महिला डॉक्टर को हफ्ते में एक दिन प्रतिनियुक्ति करने की बात कही। वहीं एसएसपी ने जेल सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने, निगरानी को मजबूत करने और अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एसडीएम राजेश कुमार समेत स्पेशल ब्रांच एवं जेल के अधिकारी मौजूद रहें।

### उपायुक्त ने बैंक मोड़ फ्लाईओवर का किया औचक निरीक्षण

▶▶ 10 जून तक काम पूरा करने का दिया निर्देश



**धनबाद।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने शनिवार को बैंक मोड़ फ्लाईओवर के मरम्मती कार्य का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आरसीसी ढलाई, फ्लाईओवर का ज्वाइंट, मरम्मत में उपयोग हो रही सामग्री, जेसीबी व न्यूमेटिक मशीन से निकाला जा रहा पुराना लेयर, कार्य की प्रगति सहित अन्य बिंदुओं का अवलोकन किया। उपायुक्त ने काम कर रही कंपनी को तीन शिफ्ट में युद्ध स्तर पर काम करने, काम की गुणवत्ता बरकरार रखने एवं 10 जून 2025 तक फ्लाईओवर के दोनों लेन की मरम्मत पूरी करने का निर्देश दिया। विभागीय अधिकारियों को काम की लगातार मॉनिटरिंग करने की बात कही। मौके पर पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता मिथिलेश प्रसाद, सहायक अभियंता जीतेन्द्र मिश्रा, ठेकेदार संजय गोतिया मौजूद थे।

एक नजर में

### बिहार कोलियरी कामगार यूनियन पी बी क्षेत्र के द्वारा सम्मेलन, यूनियन को किया गया पुनर्गठित



**पुटकी।** शनिवार को बिहार कोलियरी कामगार यूनियन पी बी क्षेत्र के द्वारा सम्मेलन का आयोजन पीबी गेस्ट हाऊस में आयोजित की गई। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में निरसा विधायक सह यूनियन महामंत्री अरूप चटर्जी उपस्थित हुए। सम्मेलन में यूनियन को पुनर्गठित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता निरंजन महतो, संचालन देवीलाल महतो ने की। नए गठन में अध्यक्ष के रूप में निरंजन महतो, उपाध्यक्ष के रूप में महेंद्र यादव, जगदीश प्रसाद महतो और दिलीप कुमार महतो को जिम्मेदारी सौंपी गई। सचिव पद पर देवीलाल महतो को चुना गया, संयुक्त सचिव सह सचिव, कोषाध्यक्ष, उप कोषाध्यक्ष, इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य को भी चुना गया। मौके पर संयुक्त महामंत्री हरि प्रसाद पप्पू, पोलित ब्यूरो सदस्य हलदर महतो, केंद्रीय संघटन महा मंत्री आनंद महिपाल, निर्मल महतो, जेठू महतो, महेंद्र यादव, अर्जुन महतो, अरविंद तिवारी आदि उपस्थित थे।

### रंजय हत्याकांड : मामा की याचिका पर सुनवाई

**पोस्टमार्टम की सीडी देने की प्रार्थना**

**धनबाद।** विधायक संजीव के करीबी रंजय सिंह ऊर्फ रवि रंजन सिंह की हत्या के मुकदमे में शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायाधिश डी सी अवस्थी की अदालत में सुनवाई हुई इस दौरान बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता आयुष श्रीवास्तव एवं सिद्धार्थ शर्मा ने मृतक रंजय के पोस्टमार्टम के समय की गई वीडियोग्राफी की सीडी की कॉपी उपलब्ध कराने की प्रार्थना की। जिसका अभियोजन ने विरोध किया। सुनवाई के दौरान जेल मे बंद आरा बेरथ निवासी नंद कुमार सिंह उर्फ बबलू उर्फ रूना सिंह उर्फ मामा को रांची के होटवार जेल से वीसीएस के द्वारा पेश किया गया। वहीं जमानत पर मुक्त हर्ष सिंह आज हाजिर नहीं थे। रूना सिंह ऊर्फ मामा ऊर्फ नंद किशोर सिंह 8 अगस्त से जेल मे बंद है। पांच नवंबर 18 को सरायढेला थाना प्रभारी निरंजन तिवारी ने मामा को शूटर बताते हुए उसके विरूद्ध अदालत मे चार्जशीट दायर किया था। जबकी चंदन शर्मा, हरेन्द्र सिंह के विरूद्ध अनुसंधान जारी रखा है। रंजय सिंह उर्फ राजीव रंजन सिंह की हत्या बिग बाजार के सामने चाणक्य नगर मोड़ पर 29 जनवरी 2017 के संध्या करीब 5:30 बजे रामेश्वर तिवारी के घर के समीप गोलियों से भून कर कर दी गई थी।

### डीएवी मुनीडीह में हिंदी-अंग्रेजी कार्यशाला शुरू

**तीन दिवसीय प्रशिक्षण में शिक्षकों को मिलेगा वैज्ञानिक विधियों का ज्ञान**




**पुटकी।** डीएवी पब्लिक स्कूल मुनीडीह प्रोजेक्ट में शुक्रवार को तीन दिवसीय हिंदी-अंग्रेजी कार्यशाला की शुरूआत हुई। यह कार्यशाला सीबीएसई के क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, धनबाद प्रक्षेत्र-सी द्वारा आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र के साथ स्कूल की प्राचार्या इंदू प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान वरिष्ठ शिक्षक एम. पी. सिंह सहित विषय प्रशिक्षकों ने भी दीप प्रज्वलन में सहभागिता की। इसके बाद सामूहिक रूप से राष्ट्रीय डीएवी गान और दो छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। प्राचार्या इंदू प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि समय की मांग के अनुसार शिक्षा में वैज्ञानिक व तकनीकी विधियों का समावेश आवश्यक है। इन विधियों के प्रयोग से बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने प्रशिक्षकों व शिक्षकों से अपेक्षा जताई कि वे इस कार्यशाला से प्राप्त ज्ञान को बच्चों के विकास में प्रयोग करेंगे।

### खालसा होटल बमबाजी काण्ड: मेजर व विकास सिंह का सफाई बयान दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** रंगदारी के लिए खालसा होटल में बम मारने के दो वर्ष पुराने मामले में शनिवार को प्रिंस खान के शूटर मेजर उर्फ नसीम अंसारी उर्फ रजी अहमद उर्फ रॉकी उर्फ सूरज एवं अंबिकापुरम निवासी विकास सिंह का सफाई बयान दर्ज किया गया। कोर्ट को दिए बयान में दोनों ने खुद को निर्दोष बताया तथा कहा कि घटना के संबंध में उसे कोई जानकारी नहीं है। अदालत ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता जया कुमार को बहस करने का निर्देश देते हुए 16 जून 25 की तारीख निर्धारित कर दी है। प्राथमिकी खालसा होटल के संचालक गुरुचरण सिंह के शिकायत पर गोविंदपुर थाने में। 11 सितंबर 23 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक 11 सितंबर 23 को सुबह 7:42 बजे गुरुचरण सिंह के छोटे पुत्र तरनजीत सिंह खालसा होटल के काउंटर पर बैठे थे तभी मोटर साइकिल पर सवार होकर दो युवक आए जिसमें से एक युवक ने बम फेंका, वह बम विस्फोट नहीं किया जिसके बाद दूसरे युवक ने जान मारने की नीयत से दूसरा बम फेंका जो विस्फोट कर गया जिस कारण खालसा होटल में काफी क्षति पहुंची। अनुसंधान के बाद पुलिस ने प्रिंस खान, मेजर उर्फ नसीम अंसारी, शंकर साव, विकास सिंह, मोहम्मद जियाउल रहमान, उर्फ गोपी सैय्यद शेख अब्बास नकवी, राघव उर्फ राघवेंद्र उर्फ रामलला, आदित्य सिंह, विशाल मिश्रा, दीप एवं रौशन सिंह के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था।

### कोल कर्मी की मौत के बाद परिजन शव के साथ कोलियरी कार्यालय पर दिया धरना

▶▶ प्रोविजनल नियोजन पर बनी सहमति

खबर मन्त्र संवाददाता



**तेतुलमारी।** शनिवार की सुबह कार्य से घर लौटने के दौरान कोल कर्मी 53 वर्षीय हुबलाल बाउरी की तबियत बिगड़ गयी। उसको धनबाद केंद्रीय अस्पताल ले गया जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन शव को तेतुलमारी कोलियरी कार्यालय के समक्ष रखकर धरना पर बैठ गए। वे आश्रित को नियोजन व पावना राशि की भुगतान की मांग करने लगे। इस दौरान परियोजना पदाधिकारी एस. के. दास के साथ विधायक शरद महतो व विधायक मथुरा प्रसाद महतो के अलावा यूनियन के प्रतिनिधियों के बीच वार्ता हुई। जिसमें मृतक के पुत्र पथिक बाउरी को प्रोविजनल नियोजन पर सहमति बनी। इसके बाद पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद ले गयी। बताते है कि हुबलाल तीसरी पाली में ड्यूटी समाप्त कर सुबह अपने आवास जा रहा था। इस दौरान अचेत होकर गिर गया। केंद्रीय अस्पताल धनबाद ले जाने के बाद चिकित्सक ने देखकर मृत घोषित कर दिया। वार्ता में सिजुआ पीएम जगदीश कर्मकार, रमेश कुमार सिंह के अलावा यूनियन प्रतिनिधियों में रामप्रीत यादव, अशोक ठाकुर, पूर्व पार्षद बिरजू बाउरी, मो. शरीफ, विपिन राय, बिरेन्द्र ठाकुर, बबलू बाउरी, धर्मेंद्र बाउरी आदि शामिल थे।

## माँ देशवाली मंदिर को पर्यटन स्थल घोषित कराने की मांग

# पर्यटन विभाग की टीम ने किया अवलोकन

खबर मन्त्र संवाददाता



**पुटकी।** वार्ड संख्या 10 स्थित कच्छी बलिहारी में माँ देशवाली मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में प्रयास तेज हो गए हैं। युवा विकास मंच द्वारा मार्च महीने में धनबाद जिला पर्यटन विभाग को मंदिर को पर्यटन के दृष्टि से विकसित करने के लिए के संबंध में आवेदन दिया गया था, जिसके आलोक में विभाग की टीम ने मंदिर परिसर, तालाब घाट व अन्य स्थल का निरीक्षण किया। धनबाद जिला पर्यटन विशेषज्ञ संतोष कुमार ने बताया कि वर्तमान में जिले के चार स्थल पर्यटन अधिसूची में शामिल हैं। माँ देशवाली स्थान को भी पर्यटन स्थल के रूप में अधिसूचित कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मंदिर का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व देखते हुए इसे पर्यटक आकर्षण का केंद्र बनाया जा सकता है। स्थल निरीक्षण के दौरान पर्यटन विभाग की ओर से संतोष कुमार और विपिन कुमार मौजूद रहे। वहीं, युवा विकास मंच के संयोजक संतोष कुमार सिंह, माँ देशवाली मंदिर के अध्यक्ष सूरज कुमार महतो और स्थानीय ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

# डीवीसी मैथन परियोजना के तीन स्कूलों में चित्रांकन व भाषण प्रतियोगिता आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैथन।** डीवीसी मैथन परियोजना क्षेत्र के तीन स्कूलों मध्य विद्यालय, डाईक एरिया, डीवीसी हाई स्कूल, लेफ्ट बैंक तथा डीवीसी हाई स्कूल, राइट बैंक में शनिवार को स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बच्चों के बीच चित्रांकन एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उनमें रचनात्मकता एवं अभिव्यक्ति क्षमता को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वच्छता विषय पर सुंदर चित्र बनाए एवं प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किया। बच्चे ही देश के भावी कर्णधार और भविष्य है, जो आने वाले दिनों में देश के विकाश में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि यह हमारी दैनिक जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। ऐसे आयोजनों से हम सभी में एक सकारात्मक सोच और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। इस आयोजन के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूकता को समाज के निचले स्तर तक पहुंचाने का सार्थक प्रयास किया गया। भाषण प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय, डाइक एरिया के प्रीति हांसदा, परिणिता यादव एवं रिकता शर्मा, डीवीसी हाई स्कूल, लेफ्टबैंक के जिन्नत नाज, अलिया एवं दिपशा घोष ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

## स्पीड न्यूज

### प्रेस क्लब गुमला के उपेश पांडेय अध्यक्ष व आफताब अंजुम बने कार्यकारी अध्यक्ष



गुमला। प्रेस क्लब गुमला की बैठक शनिवार को जिला जनसंपर्क कार्यालय में हुई। बैठक में नये सत्र के लिए पदाधिकारियों का चयन अजय कुमार शर्मा व प्रमोद दास की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से उपेश कुमार पांडेय को अध्यक्ष व आफताब अंजुम को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। बैठक में प्रस्ताव लाया गया कि जिले के तीनों अनुमंडल में एक-एक उपाध्यक्ष व जिले में एके वरीय उपाध्यक्ष बनाया जाएगा। साथ ही जिला टीम का विस्तार पांच दिनों में करने का निर्णय लिया गया। जिला टीम में महासचिव, सचिव व कोषाध्यक्ष का चयन जिला अध्यक्ष द्वारा किया जाएगा। वहीं तीन सदस्यीय अनुशासन समिति का भी गठन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में चयनित पदाधिकारियों को प्रेस क्लब के सदस्यों ने बधाई दी। मौके पर जिलाध्यक्ष उपेश कुमार पांडेय ने कहा कि उनका पहला लक्ष्य जिले के पत्रकारों की एकजुटता बनाये रखने की होगी। जिसके बाद पत्रकार हित में कई कार्य किये जाएंगे। इस अवसर पर दुर्जय पासवान, सुशील कुमार सिंह, दीपक वर्मा काजू, निर्मल सिंह, दीपक कुमार गुप्ता, किशोर जायसवाल, मुकेश सोनी, रूपेश कुमार, जगन्नाथ पासवान, अंकित चौरसिया, अंकित विश्वकर्मा, मो रागीव आदि उपस्थित थे।

### ई-जनशिकायत के तहत डीसी ने सुनी बिशुनपुर व डुमरी के लोगों की समस्या



गुमला। ई-जनशिकायत कार्यक्रम के तहत शनिवार को डीसी कर्ण सत्यार्थी ने डुमरी एवं चैनपुर प्रखंड के नागरिकों की ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर समस्या सुनी और समाधान का अश्वासन दिया। कार्यक्रम में चैनपुर एवं डुमरी प्रखंड से लगभग 20 आवेदकों ने अपनी समस्याओं का विवरण दिया। इन समस्याओं में पुल निर्माण, जलमीनार, सड़क निर्माण, मंईया सम्मान योजना, पेयजल समस्या, सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध नहीं, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, आवास एवं अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे शामिल थे। डीसी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित बीडीओ को आवश्यक समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किए जाने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान मुख्य रूप से मंईया सम्मान योजना की राशि के संबंध में कई ग्रामीण महिलाओं ने भीसी के माध्यम से समस्याओं को रखा। इस समस्या के संबन्ध में डीसी द्वारा संबंधित पदाधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### गुमला के जलडेगा गांव के बिरहोर समुदाय को मिला पहचान का अधिकार



गुमला। डीसी कर्ण सत्यार्थी के निर्देश के आलोक में पीएम जनमन योजना के तहत जिले के पीवीटीजी समुदाय के सतत विकास हेतु विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के पालकोट प्रखंड अंतर्गत जलडेगा गांव में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के रूप में चिह्नित बिरहोर समुदाय के 21 परिवारों को पहली बार जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया है। लंबे समय से बिरहोर समुदाय के इन परिवारों को सरकारी योजनाओं और संवैधानिक अधिकारों से वंचित रहना पड़ रहा था। क्योंकि उनके पास आवश्यक जाति प्रमाण पत्र नहीं था। यह स्थिति लगभग 40 वर्षों से बनी हुई थी, जिससे शिक्षा, रोजगार, आरक्षण और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन्हें नहीं मिल पा रहा था। डीसी द्वारा संबंधित बीडीओ को ग्राम सभा आयोजित कर आवश्यक अनुशंसा तैयार करने का निर्देश दिया गया। अनुशंसा को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग को प्रेषित किया गया। जिसके आधार पर उन्हें जाति प्रमाण पत्र निर्गत किए गए। बिरहोर समुदाय मूलतः वन आधारित जीवनशैली और रस्सी निर्माण जैसे पारंपरिक कार्यों पर निर्भर है। प्रमाण पत्र प्रदान करने की यह पहल केवल एक दस्तावेजी पहचान नहीं बल्कि सामाजिक न्याय व सशक्तिकरण की दिशा में एक ठोस कदम है।

### प्रोजेक्ट अजीत प्रेरणा से परिवर्तन की ओर अंतर्गत चयनित हुए प्रेरक शिक्षक

गुमला। जिले में प्रारंभिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु डीसी कर्ण सत्यार्थी के नेतृत्व में संचालित नवाचारी पहल प्रोजेक्ट अजीत प्रेरणा से परिवर्तन की ओर के अंतर्गत चल रही टीचर ऑफ द मंथ गतिविधि में इस सप्ताह तीन प्रेरक शिक्षकों का चयन किया गया है। चयनित प्रेरक शिक्षकों में कृष्णा प्रजापति मध्य विद्यालय चम्पाटोली बिशुनपुर, शबनम नामलेन लुगून रा प्रा विद्यालय झिकिरमा पालकोट व बाल कृष्णा उत्क्रमित प्रा विद्यालय पबेया गुमला के नाम शामिल है। उल्लेखनीय है कि शिक्षा कर भेंट कार्यक्रम के तहत जिले में चल रही इस अभिनव गतिविधि का उद्देश्य शिक्षकों के उत्कृष्ट प्रयासों को पहचान प्रदान करते हुए उन्हें प्रोत्साहित करना है। प्रत्येक सप्ताह तीन अलग-अलग प्रखंडों से प्रेरक शिक्षकों का चयन कर उन्हें टीचर ऑफ द मंथ पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला के तत्वावधान में संचालित इस गतिविधि की निगरानी बीपीओ दिलदार सिंह द्वारा की जा रही है।

### रसोईया-संयोजिका संघ डुमरी की बैठक

गुमला। डुमरी प्रखंड मे झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया संयोजिका अध्यक्ष संघ की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सह प्रदेश उपाध्यक्ष देवकी देवी ने की। जबकि संचलन प्रखंड सचिव सुचिता खलखो ने किया। बैठक मे स्कूल कमिटी बनाते हुए प्रखंड सम्मेलन करने और सदस्यता अभियान चलाने पर जोर दिया गया। साथ ही 29 मई को जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय गुमला मे ताला बन्दी की तैयारी पर चर्चा की गई और अगली बैठक 29 जून को प्रखंड में रखा गया है। क्योंकि प्रखंड कोषाध्यक्ष के निधन होने के बाद उनके जगह में चुनाव करना है। बैठक मे प्रखंड अध्यक्ष प्रभा एक्का सहित कई लोग उपस्थित थे।

## मछली पालन को करें प्रोत्साहित, तेज गति से बनाये तालाबः डीसी

**सीएसआर व जिला उद्योग विभाग के योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक**



खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** डीसी कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय स्थित सभागार में कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं जिला उद्योग विभाग से जुड़ी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में हिंडाल्को द्वारा खनन क्षेत्र में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। डीसी ने जल मीनार निर्माण, विद्यालयों की मरम्मत तथा अन्य सीएसआर मद से किए जा रहे कार्यों का बिंदुवार आकलन करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि खनन प्रभावित क्षेत्रों में दो माह के भीतर पेयजल सुविधा का कार्य पूर्ण किया जाए। उन्होंने जल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई का आदेश दिया। बैठक में ग्रामीणों विशेषकर किसानों की आयवृद्धि पर भी विशेष चर्चा हुई। उपायुक्त ने मछली पालन को प्रोत्साहित करते हुए तालाब निर्माण कार्य में तेजी लाने, आवश्यक फीड और सीड का वितरण शीघ्र सुनिश्चित करने को कहा। खराब पड़े जल मीनारों की एक सप्ताह के भीतर मरम्मत का निर्देश भी उन्होंने संबंधित विभागों को दिया। बिशुनपुर एवं घाघरा प्रखंडों में हिंडाल्को द्वारा किए जा रहे कार्यों की नियमित जांच एवं औचक निरीक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश भी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। स्वास्थ्य सेवाओं पर चर्चा के दौरान उपायुक्त ने सभी आवासीय विद्यालयों में हेल्थ कार्ड बनाने का निर्देश दिया। टीबी के मरीजों की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने बताया कि घाघरा में 77 तथा बिशुनपुर में 62 मरीजों का इलाज चल रहा है। उनके लिए नियमित दवा वितरण और पोषण युक्त रागी लड्डू का वितरण सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला मत्स्य पदाधिकारी, खनन पदाधिकारी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, एलडीएम, बीडीओ व सीओ घाघरा एवं बिशुनपुर, हिंडाल्को प्रतिनिधि सहित व पदाधिकारी मौजूद थे।

## डायन बिसाही का आरोप लगाकर महिला से मारपीट

खबर मन्त्र संवाददाता



मारपीट की शिकायत करने पहुंचे पीड़ित परिवार के सदस्य

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के सेहल बरांग गांव निवासी लक्ष्मी देवी 60 वर्ष को डायन बिसाही के आरोप में गांव के ही कुछ लोगों ने लाठी डंडे तलवार चाकू से मार कर अधमरा कर दिया। वहीं लक्ष्मी को बचाने गए लक्ष्मी के पति पीयर महतो 65 वर्ष और उसके बेटा सकलदीप महतो 35 वर्ष को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया। सभी घायलों को रात में ही परिवार के अन्य सदस्यों ने टेंपो में लादकर घाघरा अस्पताल लाया। जहां पर उनका इलाज किया जा रहा है। रात में ही घटना की सूचना पुलिस को दी गई एवं प्राथमिकी के लिए आवेदन भी सौंप दिया गया है। घायल लक्ष्मी देवी ने बताया कि गांव के ही सिकंदर महतो का बेटा का तबीयत खराब रहता है। उसे किसी नस की बीमारी है। लेकिन उसके द्वारा मेरे ऊपर आरोप लगाया जाता है कि तुम ही डायन बिसाही करके मेरा बेटा को बीमार कर दी है। शुक्रवार को अचानक ही रात को खाना खाकर सोने की तैयारी कर रहे थे। तभी गांव के ही सिकंदर महतो, मनी महतो, नीतीश महतो, ज्योतिष महतो, रामानंद महतो व आनंद महतो लाठी डंडे तलवार चाकू लेकर हमला कर दिया। मेरे चिखने पुकारने की आवाज सुनकर पति पीयर महतो और बेटा सकलदीप बचाने के लिए आए उनके ऊपर भी हमला कर दिया।

गांव वालों ने किसी तरह हम लोगों की जान बचायी। इसके बाद परिवार के अन्य सदस्यों ने हम लोगों को घाघरा थाना लाया।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रशिक्षण हेतु टीम को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**गुमला।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी निर्वाचन प्रक्रियाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से गुमला जिले से चयनित वोलिंटियर्स, बीएलओस, बैगस एवं मास्टर्स की टीम को दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रवाना किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम इंडियन इंटरनेशन इंच्यूट डेमोक्रेसी और इलेक्शन मैनेजमेंट नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी कर्ण सत्यार्थी द्वारा समाहरणालय परिसर से टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

## जिला के विकास के लिए आपसी सदभावना जरूरी : डॉ वाघमारे

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला का 42वां स्थापना दिवस समारोह शनिवार को समाहरणालय मैदान में मनाया गया। इस मौके पर जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा मेला में स्टॉल लगाया गया जिसे विकास मेला का नाम दिया गया। विकास मेला का उद्घाटन डीसी, एसपी व अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस मौके पर डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि लोहरदगा जिला का गठन वर्ष 1983 में किया गया जिसके बाद यह जिला लगातार विकास की राह पर बढ़ता रहा। जब मैंने उपायुक्त के रूप में इस जिले का कार्यभार संभाला तो आपसी सद्भाव के लिए बहुत बड़ी चुनौती थी। सभी जन के प्रयास से जिला में अमन चैन स्थापित किया जा सका। असल में आपसी समन्वय, सद्भावना और सहभागिता ही किसी जिले के विकास की नींव होती है। इसके बिना कोई भी विकास की राह पर आगे नहीं बढ़ सकता। सभी छात्र-छात्राएं यह बात गांठ बांध लें कि अशांति के साथ प्रगति नहीं हो सकती। इसके लिए हम सभी को एक दूसरे का सम्मान करते हुए आपस में मिल-जुल कर रहना होगा। जो विरासत हमें दी गई है उसे आगे ले जाना है। जिला प्रशासन की टीम हमेशा युवाओं के उत्थान के लिए कार्य कर रही है।

### नक्सलवाद से मुक्त होने की ओर अग्रसर है लोहरदगा : एसपी



पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि एक समय में लोहरदगा जिला अति नक्सलवाद ग्रस्त जिला की श्रेणी में था। पूर्व पुलिस अधीक्षक ने भी अपने प्राण नक्सलवाद के कारण ही गंवाये थे। लेकिन आज हालात अलग है। नक्सलवाद की जड़े खोखली हो चुकी हैं और जिला विकास की ओर तेजी से अग्रसर है। डीसी के नेतृत्व में लोहरदगा जिला को अलग पहचान राष्ट्रीय स्तर पर मिली है जहां अभावग्रस्त छात्र-छात्राओं को नीट व आईआईटी प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी निःशुल्क करायी जा रही है। लोहरदगा जिला में लगातार नये-नये प्रतिष्ठान खुल रहे हैं। स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ रही हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि रांची जिला से सटे होने और नियमित विकास की राह पर अग्रसर होने के कारण लोहरदगा जिला अगले 7-8 वर्षों में रांची जिला के साथ ट्विन सिटी के रूप में जाना जाएगा। पुलिस आम जनता की सेवा में चौबीसों घंटे तत्पर है।

## लोहरदगा शहर में घुसा हाथी

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** शुक्रवार देर रात लोहरदगा में शहर के अंदर एक जंगली हाथी के आने से लोगों में हड़कंप मच गया। शहरी इलाके में हाथी देखने लिए लोग घरों की छतों पर तो चढ़ गए लेकिन राहगीरों के लिए दहशत की रात हो गई है। शहर के रिहायशी इलाके में हाथी आने की सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौजूद पर पहुंची लेकिन हाथी भगाने के लिए उनके पास कुछ भी पर्याप्त सामग्री नहीं होने से काफी परेशानी हुई। जानकारी अनुसार भंडरा प्रखंड के जंगल से अपने समूह से बिछड़े हाथी लोहरदगा प्रखंड के जुरिया करचा टोली पतरा टोली होते हुए जिला मुख्यालय के नजदीक शांति नगर किस्को मोड़ पंहुचा जहां पर उस हाथी ने लगभग 2 घंटे आवसीय इलाके में घूमता रहा और हाथी को भागने के लिए लोग उसके पीछे शोर गुल करते रहे।

## मधुमक्खी के काटने से वृद्ध महिला की हुई मौत

**घाघरा।** मधुमक्खी के काटने से घाघरा थाना क्षेत्र के देवाकी खपरा टोली निवासी लगभग 65 वर्षीय वृद्ध महिला माड़ो देवी की मौत हो गई। घटना के संबंध में मृतका का बेटा दिवाकर उरांव ने बताया कि उसकी मां अपने घर के बाहर शुक्रवार की दोपहर बैठी थी। इसी दौरान पेड़ के ऊपर छत्ता बनाकर बैठे मधुमक्खी की झुंड को किसी पंछी ने मार दिया। जिसके बाद घर के बाहर बैठी माड़ो के ऊपर सभी मधुमक्खी टूट पड़े और पूरे शरीर में काटने लगे। जैसे ही इसकी सूचना माड़ो के बेटों को हुई तो दोनो बेटा दौड़ते हुए घटनास्थल पहुंचे तो देखा की मां को मधुमक्खी बुरी तरह से काट रहा है। जिसके बाद उठाकर अपनी मां को नदी में ले गए और पानी में डूबा दिया। पानी से निकालने के बाद मधुमक्खी फिर से काटने लगा। वृद्ध महिला होने के कारण बहुत देर तक पानी के अंदर डूबा कर रखना संभव नहीं था। जैसे ही बाहर निकालते मधुमक्खी फिर से काटने लगता। यह सिलसिला लगभग तीन से चार घंटे तक चला। जिसके बाद अंत में मिट्टी तेल लाकर पूरे शरीर में उड़ेल दिया गया।

## पुस्तकालय केवल भवन नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का केंद्र है : डीसी गुमला

### पुस्तकालय प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में शामिल डीसी, डीडीसी, कर्मचारी चयन आयोग के सचिव।

**गुमला।** डीसी कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में पुस्तकालय प्रबंधन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विशेष रूप से झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के सचिव एवं गुमला जिले के पूर्व अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता उपस्थित थे।

जिन्होंने जिले में प्रखंड स्तरीय पुस्तकालयों की शुरूआत और सुदृढ़ संचालन में अहम भूमिका निभाई है। बैठक में जिले के सभी 12 प्रखंडों में संचालित पुस्तकालयों की वर्तमान स्थिति, संचालन व्यवस्था एवं भविष्य की योजनाओं पर व्यापक चर्चा की गई। सुधीर गुप्ता ने बताया कि गुमला राज्य का एकमात्र जिला है। जहां प्रत्येक प्रखंड में अच्छी सुविधा युक्त पुस्तकालय का संचालन हो रहा है। उन्होंने पुस्तकालयों के लिए बनाई गई रणनीति, नियमावली, संचालन समिति की सक्रियता एवं समुदाय की भागीदारी को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि गुमला के 12 पुस्तकालयों में 6000 से अधिक छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। जिनमें 8 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए कंप्यूटर, समाचार पत्र, प्रतियोगिता सामग्री एवं अन्य आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा का अर्थ केवल किताबी ज्ञान नहीं बल्कि जीवन में दिशा देना है। उन्होंने कहा कि डीसी कर्ण सत्यार्थी द्वारा प्रारंभ हुए शिक्षा कर भेंट गतिविधि के तहत पिछले दो वर्षों में गुमला की प्रगति में पुस्तकालयों की भी बड़ी भूमिका रही है और इसी कारण गुमला राज्य स्तरीय रैंकिंग में 22 वें स्थान से 8 वें स्थान पर पहुंच सका है। डीसी कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि पुस्तकालय केवल भवन नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का केंद्र हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि एक बकरी बेचने वाली एक महिला की बेटी आज पटना में पढ़ रही है, जो नियमित रूप से पुस्तकालय आती थी। उन्होंने सभी वरीय अधिकारियों से अपील की कि वे पुस्तकालयों को समय दें, छात्रों से संवाद करें एवं स्थानीय स्तर पर समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहें। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय को काम नहीं, पैशन के रूप में लें। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पुस्तकालय संचालन समिति को पुनः सक्रिय किया जाएगा। निष्क्रिय सदस्यों को हटाकर नये सक्रिय सदस्य जोड़े जाएंगे तथा पुस्तकालयों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु समाज के सहयोग से गिफ्ट ऑफ एजुकेशन जैसे अभियानों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

इस अवसर पर डीसी ने सभी प्रखंडों में स्थित पुस्तकालयों की स्थिति की समीक्षा करते हुए वहां संचालित योजनाओं की अद्यतन जानकारी प्राप्त की। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि पुस्तकालयों के लिए काम कर रहे नागरिकों को चिन्हित कर उन्हें सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में डीडीसी, अपर समाहर्ता, निदेशक आईटीडीए, भू-अर्जन पदाधिकारी, एसडीओ (चैनपुर व बसिया), डीटीओ, सभी प्रखंडों के बीडीओ, सीओ, लाइब्रेरी के अध्यक्ष एवं सचिव सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।


**जिला पशुपालन कार्यालय, कोडरमा**
द्वितीय तल्ला, लेफ्ट विंग, कोडरमा समाहरणालय भवन, कोडरमा – 825410
Email - ahdkoderma@gmail.com

**–: आम सूचना :–**
**(निःशुल्क टीकाकरण)**

केन्द्रीय योजना पशु स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम (LH&DCP) अन्तर्गत गौवंशीय पशुओं एवं भैंस में होने वाले FMD (खुरहा एवं मुहपका रोग) एवं LSD (Lumpy Skin Disease) बीमारी के रोक – थाम हेतु दिनांक 19.05.2025 से 18.07.2025 तक निःशुल्क FMD (खुरहा एवं मुहपका रोग) एवं LSD (Lumpy Skin Disease) टीकाकरण कार्यक्रम 2025–26 चलाया जाएगा। जिसमें कोडरमा जिला अन्तर्गत सभी गाय एवं भैंस में उक्त टीकाकरण करना आवश्यक है।

आप सभी पशुपालक भाईयों से अनुरोध है कि अपने आधार एवं मोबाईल नंबर से अपने पशुओं को पंजीकरण कराते हुए टैगिंग एवं टीकाकरण करवाना सुनिश्चित करेंगे। इस कार्य हेतु विभाग द्वारा प्रत्येक गाँव/पंचायत के लिए टीकाकर्मी घर – घर जाकर पशुपालकों से संपर्क कर निःशुल्क टीकाकरण करेंगे।

अतः सभी पशुपालक भाई – बहनों एवं जनप्रतिनिधियों (प्रमुख, मुखिया वार्ड सदस्य) का सहयोग आपेक्षित है।

PR 352748 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 25-26 (D)

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा



**Office of the Civil Surgeon, Koderma**
Sadar Hospital, Koderma, Jharkhand - 825410.

Tender Reference No: _ (MMJAY) Date: / /2025

**Very Short Tender Notice**

On the basis of approval from Chairman, DHS on dated 07/03/25, Office of the civil surgeon, Koderma invites very short tender from eligible bidders for entering into rate contract for supply of medical equipment for sadar hospital Koderma. The detailed conditions can be obtained through the website https://koderma.nic.in or visit civil surgeon office building and copies of technical bid and financial bid can be downloaded from the website on and before declared due date and time. It is mandatory for the tenderer himself or his authorized representative to be present at the time of opening the tender and give presentation of items.

**Tender for Medical Equipment**

| Sl. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | 'Supply and Installation of Laparoscopic Machine (HD Camera System, Monitor, Light Source with rack/stand), Insuflator CO2, Bipolar (under Water cutting cautery machine with Seelar), Lithoclast with compressor, URO Flo Metry Machine, Lap Hand Instrument for General Surgery With Telescope 10MM, Ultrasound Machine & other essential items in Sadar Hospital of Koderma district' |
| 2 | Period of Work | 15 days |
| 3 | Date of Publication of Bid on the website | 18/05/2025 |
| 4 | Earnest Money Deposit (EMD) (Refundable) | Rs. 2,00,000.00 (Two Lakhs Only) in the form of EMD (Valid for at least 3 months from the last date of submission of the bid) duly pledged in favour of CS-AB MMJAY SADAR HOSPITAL Koderma . |
| 5 | Tender Cost/ Document Fee (Non – Refundable) | Rs 10,000.00 (Ten Thousand) (In the form of DD) in favour of the CS -AB MMJAY SADAR HOSPITAL Koderma |
| 6 | Last date and time of receipt of Bid | Date: 26/05/2025 Time: 11:00 PM |
| 7 | Date and time of opening of Bid | Date: 26/05/2025 Time: 4:00 PM |
| 8 | Name of the officer inviting the tender | Civil Surgeon, cum CMO Koderma |
| 9 | Bid submission Place | JILA AYUSHMAN KENDRA, Sadar Hospital KODERMA, Room no 38 |
| 10 | Bid Opening Place | DDC CONFERENCE HALL, KODERMA |

-Sd-
Civil Surgeon,
Koderma, Jharkhand

PR 352817 (Health Med Edu and Family Welfare) 25-26 (D)



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. -02. RANCHI**

**NOTICE INVITING QUOTATION NO-04/2025-26**

Sealed quotations are invited for the work -

| S.No. | Name of Work | Cost of BOQ | Time of Completion |
|---|---|---|---|
| 1 | Revised Comprehensive AMC Campus Networking, IPAPBX System, CCTV Surveillance System Along with Audio Video System and IBMS installed at Jharkhand High Court, Dhurwa Campus, Ranchi | 10000.00 | One Year |

by the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-02, Ranchi sell of quotation paper will be on 02-06-2025 upto 1.00 pm, quotation paper received on dated-03-06-2025 at 3.00 p.m and will be opened on 03-06-2025 at 3.30 pm at B.C.D. Division No.-02, Ranchi by Executive Engineer or his authorized representative in the presence of Quotationers or their authorized representative, whosoever desire may remain present at the time of opening. Cost of Bid for work in shape of Demand draft (non refundable) on any State Bank Payable at SBI Main Branch, Ranchi (Code-0167) /any Schedule Bank, Payable at Ranchi in favour of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-02, Ranchi.

The quotation should be accompanied with (1) Initial security deposit which will be 2% of the quoted amount in shape of Bank Guarantee or 5 Years/3 Years Post Office Term Deposit or N.S.C. (8th issue)/fixed deposits of a scheduled Bank duly pledged in favour of Executive Engineer, Building Division No.-02, Ranchi. (2) Updated Income Tax Return and GST Return (3) PAN Card (4) Quotationer having similar nature of work experience.

In the case of Gazetted holiday the quotation will be received/opened on the next working day. Duration of this work is One Year.

अधिक जानकारी के लिए Scope of Work और निविदा की नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना–पट्ट पर देखा जा सकता है।

Executive Engineer
Building Construction Department
Building Division No-02, Ranchi.

PR.NO.352769 Building(25-26):D



रजिस्ट्री सं. डी. एल.–33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.–डी.एल.–अ.–14052025–263081
CG-DL-E-14052025-263081
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II – खण्ड 3 – उप–खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2062] नई दिल्ली, शुक्रवार, मई 9, 2025/वैशाख 19, 1947
No. 2062] NEW DELHI, FRIDAY, MAY 9, 2025/VAISAKHA 19, 1947

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**
**अधिसूचना**
**नई दिल्ली, 9 मई, 2025**

**का. आ. 2107 (अ)**– केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि झारखंड राज्य के लातेहार जिले में NH75 के कि.मी. 97.515 से कि.मी. 130.6 तक के भू–खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण/पेव्ड शोल्डर सहित 2–लेन/4–लेन का बनाना आदि) के गाँव में अर्थात् मनिका अंचल अंतर्गत सिन्जो, मनिका, एजामांड, नामुदाग, दुन्दु, लाली, नदबेलवा एवं लातेहार अंचल अंतर्गत होटवाग, पाण्डेपुर, इचाक, नवाडीह एवं उदयपुरा, जिला–लातेहार, राज्य झारखंड के अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् काला कम डीएलएओ लातेहार को लिखित रूप में प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप में या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा।

इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध है और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

**अनुसूची**

**झारखंड राज्य के लातेहार जिले में NH75 के कि.मी. 97.515 से कि.मी. 130.6 के गाँवों में अर्थात् मनिका अंचल अन्तर्गत सिन्जो, मनिका, एजामांड, नामुदाग, दुन्दु, लाली, नदबेलवा एवं लातेहार अंचल अन्तर्गत होटवाग, पाण्डेपुर, इचाक, नवाडीह एवं उदयपुरा जिला–लातेहार, राज्य–झारखंड के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण**

जिला : लातेहार
फाइल नंबर : NHAI/RO/RNC/JH/LA/3A]
शेख अमीनखान, निदेशक
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथि: 9 मई, 2025
https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/showFileCA.cshtml?notification_id=72429&file_id=48552
https://egazette.gov.in/(S(2ja5vvf2zt2c4xi22vk0rbeo))/ViewPDF.aspx

## समय संवाद

बाजारवाद के आगे आप और हम हारते इसलिए हैं क्योंकि हम अपनी ईगो या अहंकार के गुलाम बने रहते हैं। ऐसा करना सुगम होता है क्योंकि ईगो के बहाव के साथ बहना आसान है। समाज व्यक्तियों से बनता है और जब ज्यादातर लोग उसी बहाव में बहते दिखते हैं तो समाज भी उसी बहाव में बहता दिखता है। और जैसे ही समाज बहता दिखता है बाजारवाद की लहर में, हम अपने बहने को सही मान लेते हैं। लेकिन ध्यान रहे, बहाव के साथ मुर्दा लाशें ही बहती हैं और इसी चाल को भेड़ चाल कहते हैं। बहाव के खिलाफ तैरने के लिए हुनर और हिम्मत चाहिए। नौसेना में तो बाकायदा इसकी ट्रेनिंग होती है, वो भी समुद्र में। खैर, अब कंज्यूमर किंग तो बना दिया गया है। महीने के अंत में मिलना वही बंधी तनख़्वाह है।

# बाजार आज राजा है शेष सभी गुलाम

**मनोज शर्मा**

**वहीं** बाजारवाद में सामान पहले बनाया जाता है, और जरूरतें फिर पैदा की जाती हैं।

इसे ऐसे समझिए कि जब आपकी जरूरत साफ पीने योग्य पानी है, तो बाजारवाद आपको बिसलेरी का पानी पीने को बाध्य करेगा। समझाया जाएगा ये प्योर है, सबसे अच्छा है, सबसे साफ है। ऐसे ही, जब आपकी जरूरत तेल, साबुन, मंजन है, तब बाजारवाद आपको समझायेगा कि फलाना ब्रांड का तेल, साबुन, मंजन लेना चाहिए क्योंकि वो सबसे अच्छा है, बेहतरीन क्वालिटी का है। खैर, बात वापस अपने मुद्दे की। चर्चा ईगो पर पहुंची थी। तो फि लहाल बाजारवाद आपकी-हमारी ईगो का मसाज ऐसे कर रहा है कि हमें-आपको कंज्यूमर इज किंग कर राजा घोषित कर रहा है। एक आभासी दुनिया में राजा बना रहा है।

अब आपको राजा घोषित कर दिया गया तो आपको राजा की परिभाषा पर पूरा भी उतरना पड़ेगा। मतलब राजसी तरीके से रहना और खर्चा करना। खर्च करने के लिए बाजारवाद ने आपके लिए सामान पहले ही बना कर रख लिए हैं, मसलन सबसे अच्छा



तेल, मंजन, शैम्पू।

तो अब आप राजा बनने के एहसास में राजसी खर्च करने लगे। भले ही आपको जरूरत न हो, आपने नयी जरूरतें बना लीं। मसलन कोई खास क्रीम या कोई स्पेशल फूड। और उन जरूरतों को पूरा करने और राजा सा दिखने के चक्कर में आपने अपने आर्थिक संसाधनों का दोहन शुरू कर दिया। और अब आपके इस किंग होने के एहसास के चलते, आपके परिवार की आदतें भी वैसी बनने लगीं। अब आपके बच्चे भी प्रिंस और प्रिंसेज बन गए। अब राजा साहब और रानी साहिबा सुबह से शाम या रात तक दफ़्तरों में काम करते हैं चुपचाप क्योंकि अब वो राजा सा दिखने के लिए दफ़्तर के गुलाम बन चुके हैं। नौकरी नहीं तो राजसी शौक और जीवनशैली कैसे मैनिज करेंगे? और राजा भी अब अमूमन वीकेंड पर ही बन पाते हैं, या बहुत हुआ तो दफ़्तर के बाद कभी-कभी शामों को जब ईगो मसाज के लिए राजा साहब, क्वीन और प्रिंस और प्रिंसेज के साथ किसी रेस्टोरेंट में राजसी खाने के अनुभव के लिए जाते हैं।

इस सब के बीच वो बाजारवाद का चेहरा खी-खी कर छिप कर हंस रहा होता है। बिल्कुल वैसे ही, जैसे आप हैरत से हंसेंगे अगर आप सड़क पर किसी परिवार को राजसी वेशभूषा में टहलता और नॉर्मल सा बिहेव करता देखेंगे। आपको पता है वो राजा नहीं, न किसी फि ल्म की शूटिंग चल रही है, और न कोई फैंसी ड्रेस शो। आपके मूँह से शायद निकले ह्यये पगला गए हैं क्या?

बस ठीक ऐसा ही बाजारवाद को बढ़ाती ब्रांड्स को लगता है। वो हँसते हैं आप पर मन ही मन क्योंकि आप उसी फजी राज परिवार से हैं जैसा सड़क पर आपने घूमता देखा। वो हँसते हैं आपको देख कर क्योंकि आप उनके जाल में फंस उनकी जेब गरम कर रहे हैं। और वो ब्रांड्स आपके सामने अब और ज्यादा जोश और संजीदगी से बताते हैं कि आप जो कर रहे हैं वो सही है क्योंकि आपके ह्यपरिवार की सेहत और सुरक्षा और खुशीह्ल के लिए वो सब जरूरी है। और आप फिर इमोशनल गेम में उनके फंस गए।

खैर, अब राजा साहब ने इतना प्रचार कर दिया अपने राजा होने का कि वो अगर अपने नॉर्मल रूप में घूमेंगे को उन्हें अजीब लगेगा और शायद शर्मिंदा महसूस करेंगे। इसलिए अब राजा साहब ओढ़े रहते हैं वही घिसा हुआ राजसी चोला जिसके पीछे से झाँकती है असलियत।

वैसे न जाने क्यों राजा साहब का सुनते ही शादियों में गेट पर खड़े उन चमकीले कपड़ों और नकली मूंछों और भाले लिए राजसी सुरक्षा कर्मी याद आ गए। जिन्हें मेजबान ने शायद किसी राजसी आभास के लिए खड़ा किया था लेकिन असलियत आपको पता होती है। अंदर न राजा होता है न रानी, और प्लेट पर मिलती है वही पुड़ी-पनीर और ग्लास में होता है वही पानी। सब सोच कर हंसी आ रही है।अब अगर नार्मल बाजार से खरीदारी करते तो जाहिर है ज्यादा तनख़्वाह बचती, ज्यादा तसल्ली रहती, और टेंशन कम रहते क्योंकि जेब में बच रहा है ज्यादा कैश। (पत्रकारिता विभाग रांची विवि)

# धार्मिक निष्ठा हर काल में हिन्दूओं का रक्षक

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**समाज** की मजबूती प्रेम से संभव है। अगर किसी व्यक्ति को जंगल में अकेले भेज दिया और सभी साधन उसके पास हो तब भी वह खुश नहीं रहता है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, यह सभी जानते हैं और शौक से गुलामी भी की जाए तो बुरी नहीं लगती है। उन्होंने कहा कि तन, मन और धन के समर्पण की बात की जाती है। तन और धन का समर्पण ज्यादा कठिन नहीं है लेकिन मन का समर्पण सबसे कठिन है। कंचन तजना सरल है सरल त्रिया का मोह, लेकिन मन जो मान से बना है और उसे मांद से समझना आसान होता है। उसमें जीव सबसे ज्यादा घिरा होता है। इसमें सबसे ज्यादा लोग फंसते हैं। जिसने मन का समर्पण कर दिया वह मान-अपमान से उपर हो जाता है।

लक्ष्मण का उदाहरण देते हुए स्वामी जी ने बताया कि लक्ष्मण का मन राम को समर्पित था। लक्ष्मण ने जितनी बार क्रोध किया वह राम के अपमान पर किया, चाहे चित्रकूट में भरत पर, गंगा पार कराते निसाध पर, धनुषभंग के क्रम में परशुराम पर। जीव सबसे ज्यादा मान अपमान में फंसता है और इससे ही अहंकार पैदा होता है। इस मन को हम प्रेम के माध्यम से ही समर्पित करते हैं।

भारतीय समाज में जब प्रेम था तब भारत दुनिया का सबसे समृद्ध और सुदंर देश था। भारतीय मन कभी हिंसक और साम्रज्यवादी नहीं रहा। मौर्य वंश के बाद गुप्त वंश तक लगभग 800 वर्षों तक पूरे विश्व में भारत का डंका बजता रहा। यूरोपीय देश भारत से व्यापार करते थे। लोग बहुत समृद्ध थे। प्रेम और त्याग की भावना से भरे थे। यूरोपीय देश अरब होकर भारत से व्यापार करते थे। अरब के लोगों को इस व्यापार के कारण भारत की समृद्धि की जानकारी मिली।

इस कारण नादिरशाह, तैमूरलंग जैसे कई अरबी शासकों ने भारत पर आक्रमण कर लूट-पाट की और लौट गये। दूसरी ओर भारत की समृद्धि के कारण यूरोपीय देशों ने भारत तक आने को समुद्री मार्ग खोजना चाहा क्योंकि अरब देशों में चुंगी अधिक हो गयी। इसी क्रम में कोलंबस 1498 में निकला और अमेरिका की खोज हो गयी, जिसे रेड इंडियंस कहा गया। फिर वास्कोडिगामा ने भारत की खोज की। अंग्रेजों ने इसी समृद्धि के कारण देश को गुलाम बना लिया। दुनिया की सबसे अच्छी आबोहवा भारत के गंगा युमना के मैदानी क्षेत्र और पंजाब के पंचनद क्षेत्र की है। समतल मैदान, उपजाउ भूमि, धर्म में आस्था रखने वाले लोग। दूसरे विश्व युद्ध में ब्रिटेन तबाह हो गया और भारत को आजाद करना उसकी बाध्यता हो गयी। इस बीच मुगलों ने शासन किया और उन्हें भारतीय समाज ने सहजता से स्वीकार किया। उस काल में भी धार्मिक निष्ठा हमारी सुरक्षा कवच के तौर पर काम करती है। समाज को एक करने में धर्म का महत्वपूर्ण योगदान है। पूरे विश्व में ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम की स्थापना प्रेम बढ़ाने के लिये ही की गयी है जिससे धर्म की स्थापना स्वतः होती है। श्री राम का जीवन संतोष, प्रेम, त्याग और तप का जीवन था । यही कारण है कि आज भी भारतीय जीवनशैली एक मात्र संतोष प्रधान है। जो दिया अच्छा दिया। न्यायालय के उपर दयालय की कल्पना है। ईश्वर और कुदरत के बीच का सूक्ष्म अंतर भारतीय संतों ने दुनिया को बताया। स्वामी सदगुरु शिवर्धमानंदजी ने कहा था कि भारत समृद्ध था और फिर देश को समृद्ध होने से कोई नहीं रोक सकता है। कोई भी संप्रदाय देश की मूल भावना से हटकर कार्य करें तो असंतोष पनपेगा इसलिए सभी को देश के मूल भावना का, मूल प्रकृति का सहयोगी वृति का ख्याल रखना चाहिए।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम मुख्य स्थानः छोटका राजपुर, बक्सर, बिहार)

# ड्राई आई सिंड्रोम से बचें

**रितु ढिल्लों**

**आंखें** कुदरत का अनमोल रतन हैं। इनका ध्यान रखें। लंबे समय तक लैपटॉप और मोबाइल का इस्तेमाल करने से बच्चों में ड्राई आई सिंड्रोम की समस्या आम हो गई है। यूं तो पहले भी टीवी ज्यादा देखने वाले बच्चों में ऐसी परेशानी देखी जाती थी, लेकिन कोविड-19 के चलते बच्चों की पढ़ाई ऑनलाइन होने से यह समस्या बढ़ गई। बच्चे ही नहीं, बड़े भी ड्राई आई सिंड्रोम का शिकार हो रहे हैं। लेकिन मोबाइल और लैपटॉप के अंधाधुंध प्रयोग ने बच्चों को ऐसा बांधा कि लगातार एक ही जगह पर नजरें टिकाए रहने से न तो उनकी आंखों का व्यायाम हो पाता है और न ही बीच-बीच में जरूरी आराम मिल पाता। समय के हिसाब से ऑफिस या स्कूल के काम का भले ही अंदाज बदला हो, लेकिन अपनी आंखों का ध्यान हर किसी को रखना चाहिए।

कोशिश करें कि समय-समय पर आपकी आंखों को आराम मिले और लगातार आप किसी स्क्रीन की तरफ देखते नहीं रहें।

**क्या हैं लक्षण**

आंखों में जलन और खुजली होने के साथ ही दृष्टि धुंधली होने लगती है। ऐसा भी देखा गया है कि आंखों से पानी आना भी ड्राई आई सिंड्रोम का लक्षण हो सकता है। सामान्यतः आई सिंड्रोम के लक्षण हैं-आंखों में जलन (इचिंग) महसूस होना, आंखें भारी होना, आंखे शुष्क होना, आंखें लाल होना, दृष्टि धुंधली होना। ऐसी समस्या आए तो चिकित्सक से परामर्श लें। इस समस्या से बचाव के लिए विटामिन-ए युक्त चीजों का अधिक सेवन करें। साथ ही पेय पदार्थ अधिक लें। बच्चों को अनावश्यक रूप से मोबाइल का इस्तेमाल करने से रोकें। चिकित्सक की सलाह के बिना आंख में कुछ भी न डालें।

**इस सिंड्रोम के कारण और निदान**

मुख्य कारणों में शामिल हैं, लंबे समय तक डिजिटल डिवाइस का इस्तेमाल करना, ज्यादा समय तक एसी में रहना, लगातार कॉन्टेक्ट लैंस का प्रयोग करना, फैटी एसिड वाले भोजन का न करना, बहुत ज्यादा किताबें पढ़ना। आई सिंड्रोम की परेशानी से बचने के लिए जरूरी है कि लगातार स्क्रीन के सामने न रहें, ब्रेक लेते रहें, विटामिन-ए युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करें, पेय पदार्थों का सेवन अधिक करें, तंबाकू और एल्कोहल के प्रयोग से बचें और साबुत अनाज, फल और सब्जियों का सेवन करें।

# ओरल हेल्थ को लेकर रहें सजग

**मिताली जैन**

जब भी ओरल हेल्थ की बात होती है तो आमतौर पर लोग दिन में दो बार ब्रश करना ही पर्याप्त समझते हैं। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। आपके दांतों के साथ-साथ जीभ की सफाई करना भी उतना ही जरूरी है। हालांकि कई बार जीभ की क्लीनिंग को पूरी तरह से इग्नोर किया जाता है। जिसके कारण जीभ पर एक सफेद परत जम जाती है। जिसके कारण ना सिर्फ मुंह से बदबू आती है, बल्कि इसे बैक्टीरियल इंफेक्शन होने व अन्य कई समस्याएं होने का खतरा भी रहता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आप अपनी जीभ की सफाई किस तरह से बेहद आसानी से कर सकते हैं-



### लहसुन

आमतौर पर जब लहसुन को भोजन में शामिल किया जाता है और आप उसका सेवन करते हैं तो इससे मुंह से स्मेल आती है। लेकिन क्या आपको पता है कि यह आपकी जीभ की सफाई में भी मददगार है। दरअसल, जब इसे कच्चा खाया जाता है तो यह बैक्टीरिया को खत्म करता है, जिससे जीभ जल्दी ही क्लीन हो जाती है।

### एलोवेरा का करें इस्तेमाल

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, एलोवेरा में एंटी-इंफलेमेटरी व हीलिंग प्रॉपर्टीज होती हैं। यह जीभ और मसूड़ों पर कीटाणुओं को मारने में मददगार साबित हो सकता है। इसके इस्तेमाल के लिए एक बड़ा चम्मच एलोवेरा का रस मुंह में लें और इसे कुछ मिनटों के लिए घुमाएँ, और इसे थूक दें। फिर अपने मुंह को गर्म पानी से कुल्ला करें। आप इसे दिन में कई बार दोहरा सकते हैं।

### नमक आएगा काम

जीभ साफ करने के लिए नमक सबसे अच्छा और सस्ता उपाय है। यह आपकी जीभ से गंदगी व डेड स्किन सेल्स को बेहद आसानी से हटाता है। इसके लिए आप जीभ पर कुछ नमक छिड़कें और एक मिनट के लिए टूथब्रश से हल्के से ब्रश करें। फिर अपने मुंह को पानी से कुल्ला। दिन में दो बार दोहराएं। आपको पहली बार में भी अंतर नजर आएगा।

### हल्दी

हल्दी किचन में इस्तेमाल किया जाने वाला महज एक मसाला नहीं है, बल्कि यह मुंह के लिए एंटीसेप्टिक दवाओं का एक उत्कृष्ट विकल्प है। इसके इस्तेमाल के लिए आप नींबू और हल्दी को मिलाकर एक पेस्ट बनाएं। अब 2 मिनट के लिए जीभ पर इस पेस्ट को रगड़ें। आखिरी में गर्म पानी से अच्छी तरह कुल्ला करें।

# अब शेरनी की दहाड़ है...



**पल्लवी सिंह**


देखें वीर अनेक,
अब शेरनी की दहाड़ है।
एक आसमान की बिजली

दूसरी भूकंप की आगाज है।।

विंग कमांडर व्योमिका सिंह
कर्नल सोफिया कुरैशी
भारत माता की शान है।।

सिंदूर मिटाने वाले आतंकी,
तुझे एक चुटकी सिंदूर की कीमत बताएंगे
तुझसे भारत माता की जय के नारे लगाएंगे।

इंदिरा ही थी वह नारी,
हर भारतीय के दिल में बसी है मां काली ।।
आतंकी, रोते हुए तुने हमें छोड़ा था,
सुनो हम हिंद की नारी हैं,
हिम्मत ही सुहाग हमारा,
मातृभूमि के खातिर, कुर्बान है जहां सारा ।।



कलमा पूछ के मारने वाले,
तुझे कलमा का मतलब बताएंगे
जय श्री राम के नारे लगवाएंगे।।
मत भूलो पाकिस्तान,
1971 में तेरे टुकड़े हुए ।

और कहा था तुने मोदी को जाकर बताओ'
आ गए हैं तुझे मिटाने
भारत की सीमा को अफगानिस्तान से मिलाने,
जय मां भवानी,
जय हिंद, जय हिंद की सेना ।।

# जाने कहां गये वो दिन...



अब चिट्ठियों का जमाना लद गया है। पहले लोग डाकिया और अपनी सुविधा के लिये अपने घर में लेटर बॉक्स लगाया करते थे। राजधानी रांची के कोकर स्थित बैंक कॉलोनी के एलसी विश्वास के घर पर लगा यह लेटर बॉक्स अपनी प्रासंगिकता खोकर अंतिम दिन गिन रहा है। इस तस्वीर को अपने कैमरे से उतारा है हमारे सुधी पाठक और खबर मन्त्र के स्थापना काल से जुड़ें **जीवीएस शास्त्री ने।** अगर आपको भी इस तरह के मानवीय दिलचस्पी की तस्वीर नजर आये तो हमें अवश्य प्रेसित करें।

हम आपकी तस्वीर और नाम के साथ उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।




# आइये ट्रेकिंग करें इन गर्मियों में

**रमेश पठानिया**

अगर आप हाइकिंग, ट्रेकिंग में रुचि रखते हैं तो हिमाचल एक खूबसूरत विकल्प है। कुल्लू मनाली में कई खूबसरत ट्रेक हैं जो अप्रैल, मई और जून के महीने में किये जा सकते हैं। यह सब इतने कठिन भी नहीं हैं। जैसे कुल्लू से बिजली महादेव, थार्ट से माहुट या माहुटी नाग। आज जिस ट्रेक पर आपको लेकर चल रहा हूं, वह माहुटी नाग मंदिर का ट्रेक है। कुल्लू से बिजली महादेव के रास्ते जाते हुए आप थार्ट से यह ट्रेक शुरू कर सकते हैं वाइल्ड एडवेंचर कैंप से एक पगडंडी जाती है। जो आपको एक खूबसूरत चरागाह, सारी पधर तक ले जाती है। चीड़, देवदार के पेड़ों के बीच के मनमोहक चरागाह देखते ही बनती है। बलखाती पगडंडी पुराने देवदार के गगनचुम्बी पेड़ों के बीच से होकर गुजरती है। बीच में विशालकाय चट्टाने हैं और कहीं कहीं गुफाएं हैं, जिनमें बारिश या मुसीबत के समय आप शरण ले सकते हैं। यह गुफायें कितनी पुरानी है इसका कोई अनुमान नहीं है। लिखणु जोत होते हुए आप पाहुरुआड़ पहुंचते हैं जहां इतनी बड़ी चट्टानें हैं कि आप उनका आकार देखकर हैरान हो जायेंगे। वहां से पार्वती घाटी का विहंगम दृश्य दिखता है। इसके आसपास कई गुफाएं हैं जिनमें जाना खतरे से खाली नहीं है। उनकी लम्बाई-चौड़ाई का कोई अनुमान भी नहीं लगाया जा सकता।

इसकी ट्रेक खासियत यह है कि चारों और से घने पेड़ों से घिरा है और कई चट्टानों पर ब्रह्मी भाषा में कुछ शिलालेख भी हैं। बड़ी चट्टानों पर पानी के निशान हैं, जो कितने पुराने हैं इनका कोई अनुमान नहीं है। यहां पर जैसे-जैसे ऊंचाई बढ़ती जाती है, कोणधारी पेड़ों की संख्या और प्रकार भी बदलते जाते है। जैसे चीड़, देवदार, रई तोश, कायल और रखाल के बड़े पेड़ मिलते हैं। इन सब की लकड़ी भवन निर्माण में प्रयोग की जा सकती है। रखाल एक ऐसा पेड़ है जिसकी छाल और पत्तों से चाय बनती है, जो स्वास्थ्य के लिये बहुत लाभकारी है इसे ग्रीन-टी भी कह सकते हैं। फ्लाण बसंत में पहाड़ पर खिले वाला पहला फूल है। मार्च-अप्रैल में अगर आप भाग्यशाली हैं तो आप को बर्फ भी मिल सकती है। 6 किमी इस ट्रेक में जब आप बैरिंग टॉप पहुंच कर चारों और नजर घुमाएंगे तो आपको सारी पहाड़ियां जो आपको कुल्लू से बहुत ऊंची लगती हैं बहुत बोनी दिखाई देंगी।

बैरिंग टॉप के बाद डेढ़ किमी चलने के बाद आप सीधे माहुटी नाग के मंदिर के पहले दर्शन करते हैं। छोटा-सा लकड़ी का मंदिर है नाग देवता का जिसके पास जाना मना है। देवभूमि में बहुत से मंदिरों में एक सीमा तक ही आप जा सकते हैं कुछ में प्रवेश खास उत्सव के समय ही किया जा सकता है। धार्मिक मान्यताएं यहां की शैली और परम्परा में हैं।

पर्यावरण की चिंता




साभारः कॉटून मूवमेंट डॉट कॉम

# गर्भपात और पूर्व प्रसव से बचने वाली दवाईयों से कैंसर का खतरा

**प्रिया शर्मा**

कई बार गर्भवती महिलाऐं गर्भपात और समय से पूर्व प्रसव से बचने के लिए दवाइयों का सेवन करती हैं। लेकिन इससे लंबे समय में उनके साथ-साथ उनके गर्भ में पल रहे बच्चे पर भी नकारत्मक प्रभाव पड़ता है। गर्भपात या समय से पूर्व बच्चे का जन्म रोकने के लिए दी जाने वाली एक दवा का महिला के गर्भाशय पर बुरा प्रभाव पड़ता है, जिससे बच्चे में कैंसर का खतरा अधिक है। यह निष्कर्ष ह्यूस्टन स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास हेल्थ साइंस सेंटर के साइंटिस्टों की तरफ से की गई रिसर्च में सामने आए है। यह निष्कर्ष अमेरिकन जर्नल ऑफ अब्स्टेटिक्स एंड गाइनकोलाजी में प्रकाशित हुए है।

साइंटिस्ट्स के मुताबिक, 17-ओएचपीसी (17-डल्ढढउ) नामक दवा एक सिंथेटिक प्रोजेस्टोजन है, जिसका इस्तेमाल 1950-1960 से लेकर वतर्मान समय में भी पूर्व प्रसव रोकने के लिए गर्भवती महिलाओं को दी जाती है। प्रोजेस्टेरोन गर्भावस्था के दौरान गर्भ को बढ़ने में मदद करता है और इसके साथ ही गर्भवती महिला में प्रारंभिक संकुचन की रोकथाम करता है, जिसकी वजह से ही गर्भपात का खतरा बढ़ता है। इस अध्ययन की लेखिका, कैटलिन सी मर्फी के मुताबिक, गर्भावस्था के दौरान दवा लेने वाली महिलाओं से पैदा हुए बच्चों में सारी उम्र कैंसर का रिस्क सामान्य बच्चों की तुलना में दोगुना बना रहता है।

क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स

अध्ययन के शोधकताओं ने बताया कि 1960 में या उसके बाद पैदा हुए लोगों में कोलोरेक्टल यानी आंत और मलाशय कैंसर, पैंक्रिएटिक कैसर, थायराइड कैंसर समेत कई अन्य बीमारियां देखी गईं लेकिन इसका कोई ठोस कारण किसी को पता नहीं था। इसी के मद्देनजर शोधकताओं ने जून 1959 से जून 1967 के बीच एक योजना के तहत जिन



महिलाओं ने प्रसव-पूर्व देखरेख की सेवाएं लीं, उनके डेटा के साथ ही कैलिफोर्निया कैंसर रजिस्ट्री के डेटा की भी समीक्षा की।

स्टडी का निष्कर्ष

इस अध्ययन में शोधकताओं ने 18,751 से लोगों के आंकड़ों का अध्ययन किया, जिसमें से 1,008 लोगों को कैंसर हुआ था और इन लोगों में से 234 लोग गर्भावस्था के दौरान दवा 17-ओएचपीसी के संपर्क में आए थे। वयस्क होने पर कैंसर ग्रसित होने वाले लोगों की संख्या दोगुनी थी, जो गर्भावस्था के दौरान इस दवा के संपर्क में आए थे। खास बात यह कि 65 प्रतिशत लोग 50 साल से कम उम्र में ही कैंसर पीड़ित हुए।

केटलीन सी मर्फी ने बताया कि स्टडी में पाया गया कि गर्भावस्था के दौरान इस दवा के इस्तेमाल से बच्चों का शुरूआती विकास बाधित हो सकता है, जिससे दशकों बाद कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि स्टडी में इस दवा के प्रयोग से सिंथेटिक हार्मोन का प्रभाव भी देखने को मिला। उन्होंने आगे कहा कि जो प्रक्रिया या बदलाव हमारे साथ गर्भ में होते हैं, वे कई दशकों बाद कैंसर के विकास के लिए महत्वपूर्ण जोखिम कारक हैं। उन्होंने कहा कि 17-ओएचपीसी लेने का कोई लाभ नहीं है और यह दवा समय से पहले जन्म के जोखिम को भी कम नहीं करता है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने अक्तूबर 2020 में प्रस्ताव दिया था कि इस विशेष दवा को बाजार से वापस ले लिया जाए।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत



भुरकुंडा (रामगढ़)। सौंदा बस्ती पारटांड के समीप शनिवार को सडक दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना के बाद भुरकुंडा पुलिस शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। जानकारी के अनुसार रीवर साइड दुमहानी कॉलोनी निवासी तेजुवा महतो ( 43 वर्ष) मोटर साइकिल जेएच 02 एन-5249 से बड़ी बेटी अशकी देवी के ससुराल बीचा से वापस लौट रहा था। इसी क्रम में सौंदा बस्ती पारटांड मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर सडक किनारे डिवाइडर से जा टकराया। घटना में तेजुवा महतो के सर में गंभीर चोटे आई। स्थानीय लोगो की मदद से घायल युवक को भुरकुंडा सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही भुरकुंडा ओपी के एसआई अविनाश कुमार भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल पहुंचे। जहां शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी रेखा देवी, दो पुत्री और एक पुत्र सहित भरापुरा परिवार छोड़ के गया है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही मृतक का परिवार भुरकुंडा अस्पताल पहुंचा। परिजनो की चित्कार से पुरा अस्पताल गमगीन हो गया। मृतक राजमिस्त्री का काम करता था।

### नयामोड़ में जदयू की बैठक आज

कुजू। जनता दल युनाईटेड की बैठक रविवार को नयामोड़ कार्यालय में होगी। यह जानकारी जदयू जिला अध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष सह रामगढ़ जिला प्रभारी कुमेश्वर महतो शामिल होंगे। उन्होंने बैठक में जिला के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को शामिल होने का आग्रह किया।

### शिक्षा में सुधार की जरूरत : रामेश्वर



भुरकुंडा (रामगढ़)। जय भारत मंच के प्रांतीय अध्यक्ष रामेश्वर गोप ने शनिवार को कहा कि झारखंड की शिक्षा व्यवस्था बदहाल है और गरीब तबके के बच्चों के लिए आज भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एक सपना बनी हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य में समान शिक्षा का अधिकार केवल कागजों पर है, जबकि जमीनी स्तर पर इसकी स्थिति चिंताजनक है। रामेश्वर गोप ने कहा कि ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में सरकारी स्कूलों की हालत खराब है। कहीं शिक्षक नहीं हैं तो कहीं भवन जर्जर स्थिति में हैं। बच्चों को न तो अच्छी किताबें मिलती हैं और न ही तकनीकी संसाधन। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह ऐसी नीति बनाए जिससे समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के बच्चों तक भी वही शिक्षा पहुंचे जो शहरों में रहने वाले बच्चों को मिल रही है। श्री गोप ने कहा कि जब तक झारखंड में हर बच्चे को समान अवसर और बेहतर शिक्षा नहीं मिलेगी, तब तक विकास की बात अधूरी रहेगी।

### वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे पर कार्यक्रम



रामगढ़। विश्व रक्तचाप दिवस के अवसर पर रामगढ़ जिला कें सदर अस्पताल, रामगढ़ के परिसर में डॉ. महालक्ष्मी प्रसाद, सिविल सर्जन, एवं डॉ० तुलिका रानी, जिला कुष्ठ निवारण सह नोडल पदाधिकारी एनसीडी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सिविल सर्जन ने कहा कि स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम, स्वस्थ वजन स्तर का रखरखाव, शराब और धुम्रपान नहीं करें। डॉ. तुलिका रानी जिला कुष्ठ निवारण सह नोडल पदाधिकारी, रामगढ़ ने कहा कि तनाव, उच्च रक्तचाप के कुछ संभावित लक्षण सिर दर्द, छाती में दर्द, थकान, सांस लेने में कठिनाई, चक्कर आना और मूत्र में रक्त इत्यादि नियमित रूप से दवा लेना और डॉक्टर कि सलाह लेते रहनी चाहिए। समारोह में मुख्य रूप से पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, डीएस, डीएमडब्लू , डीटीओ , डीपीएम , डीएएम , डीडीएम , एनपीपीसीएफ कंसलटेंट आदि शामिल हुए ।

### नये परियोजना पदाधिकारी का स्वागत



कुजू। सीसीएल कुजू क्षेत्र के करमा परियोजना में नए परियोजना पदाधिकारी रामेश्वर मुंडा के पदभार ग्रहण के बाद करमा परियोजना एसटी एससी बीसी कॉओडिनेशन काउंसिल ने बुके देकर व अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत किया। साथ परियोजना से जुड़े समस्याओं को उनके समक्ष रखा। जिसपर परियोजना पदाधिकारी ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया। जबकि सभी को कोलियरी हित एवं मजदूर हित के लिए कार्य करने का भरोसा दिलाया। स्वागत करने वालों में राजकुमार महतो, मिश्रलाल मुंडा, सुरेश कुमार मांझी, राजेंद्र मुंडा, सदस्य तरुण कुमार रंजन, अली मोहम्मद, मो जान, भारती देवी, तिर्ती देवी, सुनीता देवी, मनोज कुमार, श्रवण कुमार, राकेश कुमार मुख्य रूप से शामिल थे।

### यज्ञ के दूसरे दिन धार्मिक अनुष्ठान




भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा के सयाल मोड़ स्थित मां शीतला मंदिर प्रांगण में स्थापित मां दक्षिणेश्वर काली मंदिर के 25वां स्थापना दिवस के अवसर पर चल रहे तीन दिवसीय यज्ञ अनुष्ठान के दूसरे दिन शनिवार को पुरोहित द्वारा कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये गये। इस दौरान वाराणसी और रांची से आये आचार्यों के द्वारा पुरे विधि-विधान व वैदिक मंत्रोउच्चारण के बीच सप्तशती पाठ, पूजन-अनुष्ठान की गई। वहीं यज्ञ मंडप का परिक्रम और संध्या आरती में श्रद्धालु महिला-पुरूषों की भारी भीड़ उमड़ी रही। पूजा में बतौर यजमान ननकू महतो व रुबी देवी, राजन नायक व मधु देवी, रोशन नायक व सरस्वती देवी, विजय वर्मा व पूनम देवी, संतोष चौरसिया व रतनी देवी, उपेन्द्र प्रसाद व रीना देवी सपत्नी शामिल हुए। पूजा के दौरान आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। इधर संध्या में प्रवचन का आयोजन का किया गया। जिसमें आचार्य शिव शंकर पांडेय ने अपनी अमृतवाणी की वर्षा में श्रद्धालुओं को डुबोये। रखा। उन्होंने प्रवचन के माध्यम से धर्म, आस्था और जीवन मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# कोयला तस्करों की अंधी कमाई

## फर्जी पत्रकारों और खाकी के गठजोड़ ने गंझुनिया को बना दिया कोयला हब

खबर मन्त्र संवाददाता



हजारीबाग/चरही। गंझुनिया में कोयला तस्करी का गोरखधंधा इस कदर हावी है कि इलाके के लोग दहशत में जी रहे हैं। इस अवैध कारोबार को बढ़ावा देने के लिए तस्करों ने एक पूरा नेटवर्क खड़ा कर रखा है। सूत्रों के अनुसार, इस रैकेट को संचालित करने के लिए 'मैनेजमेंट गुरू' के नाम से कुख्यात ऋषि कुमार ने फर्जी पत्रकारों और कुछ 'खाकी' वालों को अपने शिकंजे में ले रखा है।

सूत्र बताते हैं कि गंझुनिया के अवैध कोल डिपो में ऋषि कुमार के साथ एकरामुल अंसारी नामक व्यक्ति भी शामिल है। यह अवैध धंधा कई महीनों से फल-फूल रहा है और पुलिस की आंखों के सामने संचालित हो रहा है। बताया जा रहा है कि ऋषि कुमार कोयला तस्करों के लिए वह पुल साबित हो रहा है, जो पुलिस और फर्जी पत्रकारों के बीच कड़ी के रूप में काम करता है। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, ऋषि कुमार का 'मैनेजमेंट' का तरीका बेहद शातिराना है। वह पहले फर्जी पत्रकारों को मोहरा बनाकर खबरें दबवाता है और विरोधियों को धमकाने का काम करता है। इसके बाद, वह पुलिस के कुछ कथित 'मैनेज्ड' कर्मियों को मोटी रकम पहुंचाकर पूरे रैकेट को सुरक्षित रखता है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। लोग कहते हैं कि तस्करों और पुलिस के इस गठजोड़ ने गंझुनिया को अवैध कोयला कारोबार का गढ़ बना दिया है। मांडू विधायक तिवारी महतो से जब इस मामले पर प्रतिक्रिया लेनी चाही तो उन्होंने फोन पर बात करने से इनकार कर दिया। उनका कहना था कि यह मुद्दा काफी संवेदनशील है और वह इस पर फोन पर कुछ नहीं कह सकते।

अब देखने वाली बात यह है कि क्या प्रशासन इस गठजोड़ पर लगाम कस पाएगा या फिर ऋषि कुमार का 'मैनेजमेंट' कोयला तस्करों को बचाने में कामयाब रहेगा।

# रामगढ़ में सरकारी भूमि होगा अतिक्रमण मुक्त : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

रामगढ़। उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से रामगढ़ जिले के सभी क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है। इसके तहत सर्वप्रथम स्थल निरीक्षण कर अतिक्रमित भूमि को चिन्हित करने एवं इसके उपरांत अभियान चलाकर भूमि आदि को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो सहित अन्य अधिकारियों के साथ रामगढ़ अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया वहीं भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर चल रहे कार्यों का जायजा लिया गया। उपायुक्त रामगढ़ अंतर्गत रांची रोड मरार पहुंचे जहां उन्होंने अतिक्रमण हटाने के

### डीसी, डीडीसी व अधिकारियों ने कई इलाकों का किया निरीक्षण



तहत चल रहे कार्यों का जायजा लिया। मौके पर उपयुक्त ने अच्छे तरीके से अतिक्रमण हटाने एवं आगे भी किसी प्रकार का अतिक्रमण न होने देने का निर्देश दिया। रांची रोड मरार के उपरांत उपायुक्त माण्डू प्रखंड अंतर्गत कुज्जु मुरपा के सरना टोली पहुंचे जहां उन्होंने स्थल पर अतिक्रमण का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने अधिकारियों को जल्द से जल्द स्थल से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने अधिकारियों से पतरातू प्रखंड अंतर्गत बुजुर्ग जमीरा क्षेत्र में अतिक्रमण की जानकारी लेते हुए अतिक्रमण हटाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने जिले में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, गोपनीय प्रभारी रविंद्र कुमार गुप्ता, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद मनीष कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर, अंचल अधिकारी रामगढ़ सुदीप एक्का सहित अन्य उपस्थित थे।

### प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में शामिल हुयीं श्रेया

रामगढ़। आर्मी पब्लिक स्कूल, रामगढ़ कैंट की कक्षा दसवीं की छात्रा श्रेया मेहता ने अद्वितीय वैज्ञानिक सोच और नए प्रयोग के बल पर इंस्पायर अवार्ड्स-मानक योजना 2023-24 के अंतर्गत अपनी उपलब्धि हासिल की। यह प्रतियोगिता 16 मई को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार, नई दिल्ली के तत्वाधान में माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, राँची द्वारा राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी-सह-प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव, जिला विद्यालय, रांची में आयोजित किया गया। जिसमें श्रेया मेहता ने राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी एवं परियोजना प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर विद्यालय एवं पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। झारखंड राज्य के सैकड़ों विद्यालय से 42000 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिसमें केवल 15 विद्यार्थियों का चयन इस प्रतिष्ठित मंच के लिए हुआ है।

### बिजली के खंभों से टकराया हाइवा, तीन पोल क्षतिग्रस्त

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा हॉस्पीटल कॉलोनी स्थित बिजली सब स्टेशन मोड़ के समीप शनिवार तड़के एक अनियंत्रित हाइवा (जेएच 02 एएक्स-5468) बिजली खंभों से जा टकराई। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 3 बजे चालक ने सामने से आ रही बोलेरो को बचाने की कोशिश में नियंत्रण खो दिया और हाइवा सीधे बिजली के तीन खंभों से टकरा गया। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन तीन विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। हादसे के बाद बिजली विभाग ने सुरक्षा के लिहाज से लाइन को बंद कर दिया। 33 हजार वोल्ट का संरक्षण तार पोल से अलग होकर सड़क पर लटक गया, जिससे खतरा और बढ़ गया। दुर्घटनाग्रस्त हाइवा को क्रेन की मदद से हटाया गया, लेकिन सड़क पर दोनों ओर लंबी गाड़ियों की कतार लग गई। करीब आठ घंटे तक बिजली आपूर्ति बंद रहने से जलापूर्ति व्यवस्था भी पूरी तरह ठप हो गई। इससे लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ा और जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ।

### कुजू : मुरपा में अतिक्रमण हटाने आये अधिकारियों का ग्रामीणों ने किया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता

कुजू। रामगढ़ अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर कुजू पूर्वी पंचायत के मुरपा के खाता संख्या 86 एवं प्लॉट नंबर 799 किस्म-गैरमजरूआ आम/खास भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर शनिवार को प्रभारी अंचल निरीक्षक सह दंडाधिकारी रामरतन पांडेय कुजू पुलिस साथ जेसीबी लेकर पहुंचे। जहां उनको ग्रामीणों का भारी विरोध का सामना करना पड़ा। विरोध कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि उक्त भूमि पर हमलोग सैंकड़ों वर्ष पूर्व से निवास कर रहे है। अब जिला प्रशासन के द्वारा अचानक से हमलोगों के घरों के अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए पहुंचा है, जो सरासर गलत है। ग्रामीणों ने कहा कि प्रशासन द्वारा बिना सूचना नोटिस के ही आज हमलोगों के घरों को तोड़ने उद्देश्य के साथ जेसीबी लेकर पहुंची, जिससे हमारे परिवार के लोग काफी डरे सहमे है। जिला प्रशासन के द्वारा हमारे घरों को तोड़ा गया तो हम सभी लोग सामूहिक रूप से आत्मदाह करने को बाध्य होंगे,



जिसकी सारी जिम्मेवारी जिला प्रशासन की होगी। ग्रामीणों ने उपायुक्त से इस मामले को गंभीरता पूर्वक संज्ञान लेते हुए पहल करने का आग्रह किया है। इधर ग्रामीणों के भारी विरोध के बाद अतिक्रमण हटाने आये अधिकारी जेसीबी के साथ बैरंग लौट गये। विरोध कर रहे ग्रामीणों में डॉ मनोज अगरिया, मुकेश अगरिया, दिलीप अगरिया, अशोक अगरिया, बलराम अगरिया, कारू अगरिया, जानकी अगरिया, सोहर अगरिया, छोटन अगरिया, रामचंद्र अगरिया, पवन अगरिया, सोनू अगरिया, मोनू अगरिया, सावन अगरिया, योगेंद्र अगरिया, संदीप अगरिया, दीपक अगरिया, सूरज अगरिया सहित काफी संख्या में महिला-पुरूष ग्रामीण शामिल थे।

### परवरिश स्कूल में शिक्षक व अभिभावक की बैठक

कुजू। परवरिश एडुकेयर स्कूल कुंदरियाबांध (कुजू) में वर्ग पीजी से लेकर वर्ग 9वीं तक यूनिट वन का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसे लेकर शनिवार को शिक्षक व अभिभावक की बैठक हुई। बैठक में बच्चों और अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं, मौजूद अभिभावक अपने बच्चों का परीक्षा परिणाम देखकर काफी संतुष्ट दिखे। वहीं, अभिभावकों ने शिक्षको का प्रयास की सराहना की और विद्यालय के प्रति सकारात्मक विचार बताया।बैठक के दौरान अभिभावकों ने कहा कि परवरिश सिर्फ इसका नाम नहीं है, ये हमारे बच्चों का सही मायने में परवरिश भी करता है। वहीं,नए अभिभावक भी शामिल होकर स्कूल की उपलब्धियां से अवगत हुए। विद्यालय के कंप्यूटर लैब और स्मार्ट क्लास से काफी प्रभावित रहे। अभिभावकों के सकारात्मक सोच से विद्यालय के शिक्षक और विद्यालय को काफी प्रोत्साहन मिला। अभिभावकों ने बताया कि कुजू क्षेत्र में यह परवरिश विद्यालय एक बेहतर विकल्प के रूप में श्रेष्ठ स्थान बना रहा है, जिसमें हम अपने बच्चों को बेफिक्र होकर अच्छी शिक्षा दिला सकते हैं। निदेशक शैलेंद्र कुमार और प्रबंधक निदेशक विकास कुमार सिंह ने मौजूद अभिभावको और शिक्षकों को बधाई दी। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यालय को और प्रगति के पथ पर ले जाने का प्रण लिया। मौके पर काफी संख्या में अभिभावक शामिल रहे।

# लायंस क्लब ने शीतला मंदिर में किया भंडारा

खबर मन्त्र संवाददाता



भुरकुंडा (रामगढ़)। लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने इस शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा किया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कर मां को लड्डू का भोग चढ़ाया गया। इसके बाद भव्य भंडारा का आयोजन कर लायंस क्लब के लोगों द्वारा फूड फॉर हंगर के तहत लगभग 400 लोगों को खिचड़ी रूपी प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद लिया गया। बताया गया कि प्रत्येक सप्ताह लायंस परिवार के सदस्यों द्वारा व्यक्तिगत सहयोग से इस तरह का आयोजन किया जाता रहा है। मौके पर क्लब की अध्यक्ष लायन रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी और कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने बताया की लायंस क्लब भुरकुंडा समाज के निचले स्तर पर जीवन यापन कर रहे लोगो को ध्यान में रखकर समाजिक उत्थान का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों को भोजन कराना सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। जरूरतमंदों की सेवा ही क्लब का उद्देश्य भी है, जो निरंतर जारी रहेगा। लायंस परिवार ने ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सबों को सहयोग करने की अपील की। वहीं लायन अजय सिंह के पुत्र आदर्श कुमार के जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर खुशियां बांटी गई। साथ ही जन्मदिन की बधाई दी गई। इधर परमानेंट प्रोजेक्ट वैक्सीनेशन के तहत लायंस

### 400 लोगों ने किया भोजन, राज नर्सिंग होम में गर्भवती महिलाओं व शिशुओं का कराया टीकाकरण

क्लब द्वारा भुरकुंडा ट्रैक्टर स्टैंड स्थित राज नर्सिंग होम में गर्भवती महिलाओं व दर्जनों शिशुओं का स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा निःशुल्क टीकाकरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ डॉ राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष माला शर्मा, लायन विजयंत कुमार, लायन डॉ एमके मंजुल, सूबेदार एचएन यादव, लायन दीनबंधु सिंह, लायन विजय वर्णवाल, एमजेएफ संजय जयसवाल, लायन भूपेंद्र सिंह सैनी उर्फ जीबु लायन अजय सिंह आदि सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर में

### दौलत महतो कॉलेज में टीएलएम प्रतियोगिता



विष्णुगढ़। बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शनिवार को बी.एड. सत्र 2024-26 के द्वितीय सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं के बीच टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मटेरियल) प्रतियोगिता हुआ। प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रशिक्षुओं की रचनात्मकता, नवाचार और शिक्षण कौशल को प्रोत्साहित करना था। प्रशिक्षुओं ने अपनी शिक्षण सामग्री के माध्यम से विषयों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रितेश कुमार ने कहा कि ₹यह प्रतियोगिता प्रशिक्षुओं के लिए अपनी रचनात्मकता और शिक्षण कौशल को प्रदर्शित करने का एक सशक्त मंच है।₹ विशिष्ट अतिथि नरेश कुमार मिश्रा ने टीएलएम को शिक्षण की कला को प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण बताया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार चतुर्वेदी ने प्रशिक्षुओं की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा, ₹आप सभी ने जिस निष्ठा और रचनात्मकता के साथ अपने-अपने विषयों को प्रस्तुत किया, वह प्रशंसनीय है। मुझे विश्वास है कि आप सभी भविष्य में उत्कृष्ट शिक्षक बनेंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय की आईक्यूएसी कॉर्डिनेटर डॉ. कुमारी स्वर्णा मिश्रा, सहायक प्राध्यापक बबली कुमारी, डॉ. ओमकार नाथ शर्मा, अशोक कुमार झा, जयपाल राणा, भुवनेश्वर कुमार महतो सहित समस्त शिक्षकगण एवं प्रशिक्षु उपस्थित थे।

### मंत्री इरफान अंसारी से मिले महमूद आलम



विष्णुगढ़। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय महासचिव एवं मांडू विधानसभा के भावी विधायक महमूद आलम ने 15 मई को राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्रियों से मुलाकात कर आंदोलनकारियों की लंबित मांगों को रखा। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन अंसारी से उनके सरकारी आवास पर मिलकर एक मांग पत्र सौंपा। महमूद आलम ने मांग पत्र में आंदोलनकारियों के लिए जेल जाने की बाध्यता समाप्त करने, मान-सम्मान पेंशन, चिकित्सा सुविधा, रेलवे सुविधा और अबुआ आवास योजना की मांगों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य के निर्माण में आंदोलनकारियों का बड़ा योगदान रहा है, लेकिन आज भी उन्हें अपने हक के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने आश्वासन दिया कि वे इन मांगों को प्राथमिकता से कैबिनेट में उठाएंगे। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन अंसारी ने भी कहा कि वे आंदोलनकारियों के हित में हर संभव प्रयास करेंगे। महमूद आलम ने सरकार से आग्रह किया कि जल्द से जल्द इन मांगों पर अमल करते हुए आंदोलनकारियों को उनका हक दिलाया जाए। इस दौरान कई आंदोलनकारी नेता और समर्थक मौजूद थे।
१७ है पी ३ : महमूद आलम ने मंत्रियों से की मुलाकात

### तेज आंधी-बारिश से पदमा में भारी तबाही



पदमा। शनिवार दोपहर अचानक आई तेज आंधी और बारिश ने पदमा प्रखंड क्षेत्र में जमकर तबाही मचाई। दोपहर करीब 2 बजे मौसम ने अचानक करवट ली और तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। हवाओं की रफ्तार इतनी तेज थी कि कई पेड़ जड़ से उखड़ गए। रोमी बंगला चौक पर स्थित कई दुकानों के कारगेट सेट उड़ गए। करमा गांव में एक विशाल इमली का पेड़ एक 709 गाड़ी और जेसीबी मशीन पर गिर गया, जिससे दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। तिलेडीह में एक पेड़ अल्टो कार के ऊपर गिरा। सड़क किनारे खड़े एक टेलर वाहन पर भी एक विशाल आम का पेड़ गिरने से वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। बाजार क्षेत्र की दर्जनों दुकानों की छतें उड़ गईं और कई दुकानें आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गईं, जिससे दुकानदारों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा। तेज हवाओं के कारण बिजली के खंभे गिर जाने से पूरे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इस दौरान पदमा-इटखोरी मुख्य मार्ग पर एक घंटे तक यातायात बाधित रहा।

### मां विंध्यवासिनी कॉलेज में रस्साकशी टूर्नामेंट



पदमा। कर्मटांड़ स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एकदिवसीय रस्साकशी टूर्नामेंट हुआ। खेल प्राध्यापक एवं रेफरी अविनाश कुमार के निर्देशन में आयोजित इस टूर्नामेंट में कुल चार टीमों ने हिस्सा लिया। बी.एड. सत्र 2 और सत्र 4 के छात्र-छात्राओं की कुल चार टीमों ने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन किया। लड़कियों के मुकाबले में सेमेस्टर 2 की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। विजेता टीम में प्रिया पांडे, रूबी, गुनगुन कुमारी, प्रिया वर्मा, श्वेता, संजना, स्नेहलता, शिल्पी, निशांजलि, वर्षा और सनम शामिल थीं। वहीं, लड़कों के मुकाबले में सेमेस्टर 4 की टीम विजेता बनी, जिसमें सोनू कुमार, राजीव रंजन, अमरदीप, कामेश्वर, महेंद्र, अजय, मनीष, प्रभात, अमित, धनंजय, अक्षय और राकेश शामिल थे। लड़कियों में सेमेस्टर 4 और लड़कों में सेमेस्टर 2 की टीमें उपविजेता रहीं। समापन समारोह में महाविद्यालय के निदेशक रवि प्रकाश और उपसचिव अजीत कुमार ने विजेता एवं उपविजेता टीमों के सदस्यों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में उद्घोषक की भूमिका प्रो. जितेंद्र झा ने निभाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए रेफरी अविनाश कुमार के योगदान की सराहना की गई। समारोह हर्षोल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ।
१७ है पी ५ : रस्साकशी टूनार्मेंट का आयोजन

### आंधी में उड़ा बरसोत कृषक पाठशाला का शेड

बरही। शनिवार दोपहर में आयी तेज आंधी पानी में बरही के बरसोत स्थित सरकारी कृषि फॉर्म सह कृषक पाठशाला का शेड उड़ गया। इसके साथ ही फार्म में लगी सब्जी फसल टमाटर, कद्दू, तरबूज, भिंडी और बोदी भी बर्बाद हो गया। बरसोत कृषि फार्म के तीन शेड उड़कर करीब तीन चार सौ मीटर दूर खेतों मे जा गिरा। शेड कॉरकेट सीट से बना था। निर्मित शेड गौ पालन, पिगरी और गोदाम का था। कृषक पाठशाला के संचालक नंदकिशोर प्रसाद ने बताया कि तीनों शेड पूरी तरह आंधी से से बर्बाद हो गया। कॉरकेट सीट टूट गया है। शेड में लगे लोहे का एंगल भी मुड़ गया है। खेतों में लगी सब्जी टमाटर, कद्दू, तरबूज, भिंडी और बोदी भी आंधी पानी के कारण बर्बाद हो गया।

### बरही : आटो व बाइक में टक्कर, एक घायल

बरही। रानीचुवां पंचायत अंतर्गत जीतपुर ग्रामीण सड़क पर एक आटो व बाइक में टक्कर हुई। जिसमें कूटमा गांव का 26 वर्षीय युवक बीरेंद्र हांसदा घायल हो गया। जिसे ग्रामीणों के मदद से बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि बीरेंद्र हांसदा के साथ बाइक पर बैठे रिश्तेदार बड़कीटांड़ बरकट्ठा निवासी को भी चोट लगी है।

### रसोईयाधमना में वज्रपात से बच्चा घायल

बरही। बरही में दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट बदल ली। तेज हवा गरज-चमक के साथ बरही में रिमझिम बारिश हुई। इसी दौरान रसोईयाधमना पंचायत अंतर्गत लश्करी नदी के पास अचानक तेज गर्जना के साथ वज्रपात हुई। वहीं नदी की तरफ घूमने गया लश्करी ग्राम निवासी मो. जिब्राइल का 14 वर्षीय पुत्र गुलाम मुस्तफा को हल्का झटका लगा, जिसमें वह घायल हो गया।

स्पीड न्यूज

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**गिद्धौर।** प्रखंड के इंद्रा गांव में शुक्रवार देर रात एक युवक ने रेलवे के खंभे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान मिथलेश कुमार यादव (उम्र 20 वर्ष), पिता शंभु यादव, निवासी द्वारी पंचायत, इंद्रा गांव के रूप में हुई है।घटना की जानकारी मिलते ही गिद्धौर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और बाद में परिजनों को सौंप दिया।इस दुखद घटना से गांव में शोक का माहौल है, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

## मिट्टी नमूना जांच संग्रह को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड सभागार में शनिवार को बीडीओ हुलास महतो की अध्यक्षता में मिट्टी नमूना जांच संग्रह करने को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें जिला कृषि पदाधिकारी रवि शंकर बर्णवाल, प्रखंड कृषि पदाधिकारी सर्वेश कुमार, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक जावेद अली, एसटीएल राहुल कुमार एवं एग्री क्लीनिक से दीक्षा शर्मा के द्वारा सॉइल हेल्थ एंड फर्टिलिटी पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर सभी जनसेवक, सभी किसान मित्र आदि मौजूद थे।

## जोनशन प्लम्बर मीट का आयोजन

**कोडरमा।** अंश हार्डवेयर जलवाबाद में जोनशन बाथ वेयर के द्वारा जोनशन प्लम्बर मीट का आयोजन किया गया। जिसमें कोडरमा नगर व प्रखण्ड के कई प्लम्बर उपस्थित रहे। इस मौके पर कंपनी के क्षेत्रीय विपणन प्रमुख रवि रंजन कश्यप, असिस्टेंट मैनेजर सुजय मालिक मौजूद रहे। वहीं उन्होंने कंपनी के बारे में उपस्थित लोगों को विस्तारपूर्वक बताया, साथ ही ऑनलाइन डिसप्ले के माध्यम से कंपनी द्वारा बनाई जाने वाली सामग्रियों को दिखाया गया। वहीं सामग्रियों की प्रीमियम क्वालिटी, बनावट, मजबूती, ट्रस्टेड ब्रांड, सेव वाटर आदि के बारे में भी जानकारी दी। इसके अलावा अंश हार्ड वेयर का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। वहीं उपस्थित पलम्बरों को उपहार भी भेंट किया गया। मौके पर अंश हार्डवेयर के प्रोपराइटर संदीप कुमार गुप्ता, आकाश दीप, टिंकू कुमार, कृष्णा यादव आदि मौजूद थे।

## अप्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत कोठियार अंतर्गत बैशखि रतनपुर निवासी सतगावां थाना कांड संख्या 96/24 के प्राथमिकी के नामजद अभियुक्त 50 वर्षीय जगदीश राय पिता स्व.माधे राय को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय अभिरक्षा में भेजा दिया।

## कच्चा मकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लधबेदवा में शनिवार की दोपहर एक कच्चा मकान में आग लगने से लाखों का नुकसान हो गया। वहीं आग की सूचना पर आस पास के ग्रामीण इक्कठा हो गए और आग पर काबू पाने की कोशिश किये। वहीं आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग को मिली तो मौके पर पहुंच का कड़ी मस्कत से आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के अनुसार आग उस वक्त लगी जब घर में एक वृद्ध महिला थी और घर के सभी सदस्य अपने रिश्तेदार के घर गए थे। वहीं पीड़िता सुनीता देवी ने बताया कि मेरे कच्चे मकान छत की लकड़ी पूरी तरह जल गई, साथ ही घर में रखे जमीन के कागजात, नगदी 50 हजार रूपये समेत राशन सहित अन्य सामग्री जल कर राख हो गई। पीड़िता ने प्रखंड प्रशासन एवं जिला प्रशासन से मुआवजा की मांग की है।

### ताप विद्युत केंद्र में बालू आपूर्ति किए जाने को लेकर दो भाजपा विधायक समर्थक आपस में भीड़े, मामला दर्ज

# बाहरी आकर बर्चस्व कायम न करे : अमित यादव

## यह भारत है, तालिबानी कानून नहीं चलने देंगे : मनोज यादव

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जयनगर ताप विद्युत केंद्र में अतिरिक्त1600 मेगावाट के लिए प्लांट निर्माण को लेकर बालू की आपूर्ति किए जाने को लेकर स्थानीय व बरही विधायक के समर्थकों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है।

इसके पहले शुक्रवार की रात यह विवाद हिंसक हो गया और प्लांट के मुख्य द्वार पर दोनों गुटों में जमकर मारपीट हुई। घटना के समय बरही विधायक मनोज यादव एवं बरकट्ठा विधायक अमित यादव भी मौजूद थे।

वहीं बताया गया कि झड़प दोनों विधायकों के समर्थकों के बीच हुई, लाठी और पत्थर चले, इस दौरान मनोज यादव की गाड़ी का शीशा टूटने की बात कही गई है, हलांकि विधायक की ओर से इससे इंकार किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी रतिभान सिंह, जयनगर थाना प्रभारी बबलू सिंह, चंदवारा थाना प्रभारी धनेश्वर कुमार, तिलैया डैम ओपी प्रभारी नवीन कुमार, भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को मौके देखते ही दोनों पक्ष के लोग भाग निकले। इसके बाद पूरा इलाका पुलिस छावनी में तबदिल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम मनोज यादव केटीपीएस प्लांट पहुंचे थे, उन्होंने अपने समर्थकों के जरिए बालू सप्लाई करने की बात कह रहे थे, जिसका स्थानीय लोगों ने विरोध किया। देर रात मनोज यादव फिर अपने समर्थकों के साथ प्लांट पहुंचे, इसी बीच अमित यादव भी वहां पहुंचे। दोनों पक्षों के समर्थक आमने-सामने हो गए। ज्ञात हो कि प्लांट में बालू आपूर्ति का टेंडर विधायक मनोज यादव के समर्थक बरही निवासी मनितोष यादव ने लिया है। जिसमें 850 रुपए प्रति सीएफटी की दर पर टेंडर लिया, जिसके बाद स्थानीय विस्थापित इसका विरोध कर रहे हैं। वहीं बताया जाता है कि शुक्रवार की रात संवेदक के द्वारा हाईवा से प्लांट में बालू की आपूर्ति की जा रही थी। जिसकी जानकारी मिलने के बाद स्थानीय विस्थापितों ने बालू लदे वाहन को रोक दिया, जिसके बाद विवाद बढ़ गया और दोनों भाजपा विधायक समर्थकों के साथ वहां पहुंचे।



**प्लांट में पहला हक विस्थापितों का है : अमित यादव**

वहीं शनिवार दोपहर बरकट्ठा विधायक अमित यादव ने केटीपीएस के समीप अपने कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक की। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि प्लांट के अंदर चाहे मजदूरी हो या मटेरियल सप्लाई की बात हो प्राथमिकता स्थानीय व विस्थापितों को दी जाएगी। विधायक अमित यादव ने कड़े तेवर में दूसरे पक्ष के लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि इस प्लांट में पहला हक विस्थापितों का है। कोई भी बाहरी आकर अपना बर्चस्व कायम करने का काम न करे। अगर ऐसे नहीं मानेंगे तो हम हर तरह से उनसे निबटने के लिए तैयार हैं।

**आसपास के विस्थापितों की ही जमीन नहीं बल्कि बरही के विस्थापितों की भी जमीन गई है : मनोज यादव**

वहीं बरही विधायक मनोज यादव ने कहा कि केटीपीएस में सिर्फ वहां के आसपास के विस्थापितों की ही जमीन नहीं गई है, बल्कि बरही के विस्थापितों की भी जमीन गई है। इसलिए वहां बरही के लोगों का भी उतना ही अधिकार है, जितना कि वहां के स्थानीय लोगों का है। उन्होंने कहा कि यह भारत है, यहां तालिबानी हुकूमत नहीं चलने देंगें। कानून विधानसभा और लोकसभा में बनती है। ऐसे गांव में बैठक कर कानून पारित नहीं किया जाता है।

**दोनों तरफ से कराया गया मामला दर्ज :** मामले में शनिवार सुबह एक पक्ष के बलराम राणा ने जयनगर थाना में दूसरे पक्ष के 6 लोगों के खिलाफ नामजद और 40 से 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। वहीं दूसरी ओर अरुण यादव ने भी जयनगर थाना में 4-5 लोगों पर 50 हजार रुपए रंगदारी मांगने और अन्य आरोप लगाते हुए आवेदन दिया है। मामले में डीएसपी ने बताया कि दोनों आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं उक्त क्षेत्र में बीएनएस की धारा 123 के तहत कार्रवाई की गई है। प्लांट के बाहर पुलिस बल को तैनात किया गया है।

## विभिन्न मांगों को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**डोमचांच (कोडरमा)।** कोडरमा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन डोमचांच ने कोडरमा उपायुक्त को मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के नाम छात्रों एवं शिक्षकों के हित के संदर्भ में विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उन्होंने मांग किया है कि झारखण्ड प्रदेश के निजी विद्यालयों द्वारा हमेशा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर परीक्षा परिणाम प्रस्तुत किया जाता रहा है, लेकिन वर्तमान में निजी विद्यालयों एवं अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकारी विद्यालयों की तरह निजी विद्यालयों में भी निःशुल्क पुस्तकें और पोशाक आदि उपलब्ध करवाया जाए।

## दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



कोडरमा। ग्रिजली पब्लिक स्कूल के जुनियर विंग ग्रिजली किड्स में शनिवार को नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथी शिवांगी, निदेशक अविनाश सेठ, मनीष कपसिमे, निदेशिका सुनीता सेठ, शुभा कपसिमे, डॉ संजीता कुमारी, तनिष्क सेठ, डॉ. मृदुला भगत, अंजना कुमारी, नीरजा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन व गणेश वंदना से की गयी। दीक्षांत समारोह की खुशी और आनंद बच्चों के चेहरे के साथ-साथ अभिभावकों के चेहरे पर भी नजर आ रही थी। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा यूकेजी के बच्चों हर्षित रंजन, खुशी मोदी, वैष्णवी कुमारी, सुखमन कौर, आरव चौधरी, अभिराज, खुशी रानी, विदिशा चौधरी, ऋषभ राज, धैर्य प्रताप सिंह के द्वारा स्वागत नृत्य के साथ हुई। फिर दीक्षांत समारोह में छात्रों की ग्रिजली किड्स के साथ उनकी शैक्षणिक यात्रा की समाप्ति तथा ग्रिजली पब्लिक स्कूल में उनकी शुरुआत का जश्न मनाया गया। वहीं नन्हे मुन्ने बच्चों को जब दीक्षांत पोशाक पहनाकर सर्टिफिकेट वितरण करने लाया गया तो लोग देखते ही रह गए और आयोजन स्थल तालियों से गूंज उठा।

## आर्ट एंड क्राफ्ट कंपटीशन का आयोजन

**कोडरमा।** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शनिवार को आर्ट एंड क्राफ्ट कंपटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें सत्र 2023-25 व 2024-26 के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। मौके पर मुख्य रूप से प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार एवं सहायक प्राध्यापक मौजूद थे। प्रतियोगिता में प्रशिक्षुओं द्वारा एक से बढ़कर एक कलाकृतियां को बनाकर दिखाया गया, जो काफी आकर्षक व सराहनीय था। वहीं प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रवि कुमार दास एवं द्वितीय स्थान पर मुस्कान कुमारी ने प्राप्त किया। वहीं लक्ष्मी सरकार ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता से बच्चों के अंदर कलात्मक वृद्धि होती है।

### उलूम में किया गया कंप्यूटर लैब का शुभारंभ

## दीनी व दुनियावी तालीम हासिल कर बच्चे देश की प्रगति में अपना योगदान दें : मुफ्ती



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** मदरसा कासमिया खादिमूल उलूम असनाबाद में शनिवार को उर्दू, अरबी, अंग्रेजी, साइनस व हिंदी तालीम के साथ-साथ अब कंप्यूटर की भी तालीम देने को लेकर कंप्यूटर लैब की शुरुआत की गयी। जिसका उद्घाटन हजरत मुफ्ती शोएब आलम कासमी जामिया रशीदुल उलूम चतरा व काजी-ए-शहर व मुस्लिम मैरिज रजिस्टरार कोडरमा मुफ्ती मोहम्मद नसीम कासमी ने संयुक्त रूप से किया। वहीं मुफ्ती मो. शोएब ने कहा कि मदरसा के छात्रों को कम्प्यूटर की तालीम पहले ही शुरू होनी चाहिए थी, लेकिन यह भी हकीकत है कि अल्लाह ने हर चीज की एक वक्त तय कर रखा है। इस मदरसा कासमिया के जिम्मेदारों को अल्लाह जजाए खैर से नवाजे। यकीनन यह वक्त की एक जरूरत और पुकार है के मदारिस के छात्र भी एक हाथ में कुरान और एक हाथ में साइंस की तालीम से अरास्ता हो। वहीं उन्होंने कहा कि जहां पूरी दुनिया के लिए कुरान हिदायत के लिए आया है, वहीं दुनिया में हम पीछे नहीं रह जाएं इसके लिए कंप्यूटर की तालीम जरूरी है। दोनों तालीम को हासिल कर हम सभी के साथ कंधा से कंधा मिलाकर देश की प्रगति में अपना योगदान दे सकेंगे। वहीं मुफ्ती नसीम कासमी ने कहा कि मदरसा के लिए आज तारीखी खड़ी है। हम अपने मुआविनीन और अल्लाह के फजल से ही आज तलबा को बेहतर तालीम के लिए और अल्लाह के दीन की दावत के लिए कुरान व हदीस के साथ-साथ कंप्यूटर की शुरुआत कर रहे हैं, जहां छात्र तालीम हासिल कर नई ऊंचाइयों को छूएगें। मौके पर हाजी गुलाम जिलानी, हाजी मो. कासिम, कारी कबीर उद्दीन, मौलवी अफजल, मो. जावेद उर्फ लाडो, मो. शफीक, मो. कैसर शाहिद कयूम, मो. इम्तियाज, मो. इफ्तिखार, शफीक हार्डवेयर मो. मुस्लिम, डॉ.निजामुद्दीन समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## बिजली की बदहाल व्यवस्था, आक्रोशित लोगों ने 2 दिनों का दिया अल्टीमेटम

खबर मन्त्र संवाददाता



**हंटरगंज/चतरा।** हंटरगंज प्रखण्ड मुख्यालय के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्र में उमस भरी गर्मी में विद्युत की बदहाल व्यवस्था को लेकर उपभोक्ता परेशान हैं। भीषण गर्मी के मौसम में बिजली की आंख मिचौली की समस्या से हंटरगंज प्रखण्ड मुख्यालय के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी खासा परेशान व त्रस्त हैं। भीषण गर्मी व उमस भरे इस मौसम में हंटरगंज में प्रतिदिन कई बार लोगो को अघोषित कटौती का सामना करना पड़ता हैं। लोगों का कहना है कि तेज धूप व उमस ने सभी को परेशान करके रखा है, ऊपर से बिजली की आंख मिचौली व अघोषित कटौती इस समय आग में घी डालने का काम करती है। रात हो या दिन किसी भी वक्त बिजली गुल हो जाती है,बार- बार बिजली गुल होना आम बात हो गई है। खास तौर पर शाम के समय बिजली की बदहाल व्यवस्था से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इस संबंध में हंटरगंज प्रखण्ड जिप सदस्य प्रतिनिधि बेचन पासवान ने बताया कि बिजली की इस आंख मिचौनी के कारण छोटे-छोटे बच्चों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। क्षेत्र में कब बिजली आएगी और कब कटेगी, इसका कोई समय-सारणी ही नहीं है। बिजली कटौती ने लोगों का जीना हराम कर दिया है। सरकार झारखंड से करोड़ों की खनिज बेचती है बावजूद इसके सरकार , सांसद, विधायक और बिजली विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यह स्थिति क्षेत्र में लगातार बनी हुई है। गर्मी के मौसम में लोगों को नियमित रूप से बिजली न रहने से परेशानी और भी बढ़ गई है। इस बिजली कटौती से लोग काफी आक्रोशित हैं। लोगो का कहना हैं की बार बार बिजली का कटने से लोगो को तो परेशानी हो ही रही है। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी खराब हो जा रहे हैं। दो माह से मात्र प्रखण्ड वासियों को 5 घंटे ही बिजली मिल रहा है बिजली को लेकर इन दिनों हर कोई परेशान रह रहा है। बिजली की आंख मिचौली से लोग त्रस्त हैं। शनिवार शाम 5 बजे क्षेत्र के लोगों ने 2 दिनो का अल्टीमेटम देते हुए बताया कि अगर बिजली विभाग समस्या में सुधार नहीं किया तो दो दिनों के अंदर प्रखण्ड के लोग आंदोलन को बाध्य होंगे।

# झारखंड विधानसभा की आवास समिति ने चतरा का किया दौरा

## विभागीय कामों की समीक्षा कर दिए निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** झारखंड विधानसभा की आवास समिति ने 17 मई को चतरा जिले का दौरा किया और समाहरणालय सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति दशरथ गागराई ने की, जबकि सदस्य प्रदीप प्रसाद और चतरा विधायक जनार्दन पासवान भी मौजूद रहे। अपर समाहर्ता अरविंद कुमार ने समिति के सदस्यों का पुष्पगुच्छ व पौधा देकर स्वागत किया। बैठक में बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, भवन निर्माण, ग्रामीण विकास, सड़क, जल संसाधन, कृषि, पशुपालन, राजस्व, परिवहन, खनन जैसे कई विभागों के कामों की समीक्षा की गई। भवन निर्माण विभाग को सभी सरकारी भवनों की मरम्मत समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरी करने का निर्देश मिला। प्रधानमंत्री आवास योजना और अबुआ आवास योजना के तहत लाभुकों को जल्द लाभ देने और लंबित आवासों का काम पूरा करने को कहा गया। शिक्षा विभाग को स्कूल भवनों का निर्माण तय समय पर पूरा करने और जरूरत के अनुसार अतिरिक्त कक्षा कक्ष बनाने के लिए पत्राचार करने की बात कही गई। स्वास्थ्य विभाग से दवाइयों की उपलब्धता, डॉक्टरों और कर्मियों की तैनाती और एंबुलेंस की स्थिति की जानकारी ली गई। विद्युत विभाग को ऐसे सभी टोलों में बिजली पहुंचाने का निर्देश दिया गया जहां अभी तक विद्युतीकरण नहीं हुआ है। साथ ही पावर ग्रिड संचालन में आ रही समस्याओं को जल्द दूर करने को कहा गया। पेयजल विभाग ने बताया कि पहले शहर को हेरुआ डैम से पानी मिलता था, लेकिन डैम सूखने के कारण अब लक्ष्मणपुर भेड़ी फॉर्म डैम से जल आपूर्ति की जा रही है। अंत में अपर समाहर्ता ने आश्वासन दिया कि समिति द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का पालन सभी विभाग सुनिश्चित करेंगे। बैठक में कई विभागों के पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी मौजूद थे।

एक नजर में

## नालसा स्कीम के तहत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड के बारिसाखी पंचायत अंतर्गत मायाडीह गांव में शनिवार को नालसा स्कीम के तहत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

यह शिविर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा के तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें अधिकार मित्र पवन कुमार और कुमारी शारदा भारती ने लोगों को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। शिविर में बताया गया कि नालसा का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करना है। इसके अंतर्गत लोक अदालतों का आयोजन, मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों को कानूनी सहायता, वकील और अदालत शुल्क की व्यवस्था आदि शामिल हैं। लोगों को नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी भी दी गई, जिससे जरूरतमंद लोग कानूनी सहायता प्राप्त कर सकें। ग्रामीणों ने शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया और कार्यक्रम की सराहना की।

## बिरहोर समुदाय की दो बच्चियों का कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन



खबर मन्त्र संवादाता

**गिद्धौर।** प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, गिद्धौर में शनिवार को बिरहोर समुदाय की दो बच्चियों का नामांकन किया गया। विद्यालय की वार्डन बिंदु पोद्दार की पहल और मेहनत से यह संभव हो सका।नामांकन के मौके पर वार्डन ने दोनों बच्चियों का तिलक लगाकर और गुलदस्ता भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। यह पहली बार है जब आदिम जनजाति बिरहोर की बच्चियों को कक्षा 6 में नामांकन मिला है। नामांकित बच्चियों में खुटी बिरहोर की पुत्री सिमा कुमारी और सुरज बिरहोर की पुत्री मोनिता कुमारी शामिल हैं। हाल ही में वार्डन ने जपुआ गांव जाकर बिरहोर परिवारों से मुलाकात की थी और बच्चियों के नामांकन को लेकर जागरूकता फैलाने का काम किया था। इस प्रयास की ग्रामीणों ने सराहना की है।

## कानूनी जागरूकता शिविर में लोगों को किया गया जागरूक



खबर मन्त्र संवाददाता

**हंटरगंज/चतरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चतरा के सचिव महोदय के निदेशानुसार हंटरगंज प्रखण्ड के वशिष्ठ नगर जोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत जोरी पंचायत के जोरी गांव में शनिवार को नालसा स्कीम के तहत कानूनी जागरूकता शिविर लगाया गया। इस शिविर का उद्देश्य आम जनों को विधिक अधिकारों की जानकारी देना मुफ्त कानूनी सहायता ,नालसा हेल्पलाइन 15100 तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। शिविर में अधिकार मित्र गुड़िया कुमारी एवं संदीप कुमार गुप्ता ने भाग लेकर उपस्थित लोगों को उनके अधिकारों की जानकारी दी एवं नालसा स्कीम के तहत मिलने वाली सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आपदा पीड़ितों के लिए प्राधिकरण के द्वारा मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान की जाती है। आपदा सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 112 पर भी कॉल करके सहायता प्राप्त कर सकते हैं। मौके पर ग्रामीण बबीता कुमारी, सोनम कुमारी, किरण देवी, गायत्री देवी, सोनी देवी, सुनैना देवी आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में कस्तूरबा विद्यालय की छात्रा सोनम को दूसरा स्थान

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिद्धौर।** प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की कक्षा 9 की छात्रा सोनम कुमारी ने जिला स्तरीय योग ओलंपिक 2025-26 में अंडर-17 वर्ग में द्वितीय स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि की जानकारी विद्यालय की वार्डन बिंदु पोद्दार ने दी। वार्डन ने बताया कि सोनम की मेहनत और लगन से विद्यालय का नाम रोशन हुआ है। विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्रा को बधाई दी और आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही अन्य छात्राओं को भी प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को मेहनत कर इसी तरह उपलब्धियां हासिल करनी चाहिए।

# झरिया, जोड़ापोखर क्षेत्र में हुई लूट की घटना का उद्भेदन

खबर मन्त्र संवाददाता

**जोड़ापोखर।** सिंदरी पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के झरिया, सिंदरी, जोरापोखर, सुदामडीह, सिंदरी आदि थाना क्षेत्रों में पिछले दो माह के अंदर बैंक से पैसे की निकासी कर घर वापसी के दौरान लोगो से की गई छिनतई की घटनाओं को लेकर पुलिस की विशेष टीम ने बिहार के कटिहार में छापेमारी कर घटना में शामिल एक अपराधी को लूट के पैसे एवं हथियार के साथ गिरफ्तार कर कई लुट की घटनाओं का उद्भेदन करने का दावा किया है। इस सिलसिले में शनिवार को जोड़ापोखर थाना में एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम ने पत्रकार वार्ता कर बताया कि अनुमंडल के उक्त थाना क्षेत्रों में घटित रुपया लुट की सभी घटना में कटिहार जिला के नया टोला रोतारा के संगठित कोढ़ा गिरोह के अपराधी शामिल थे। जो धनबाद में आकर बैंकों में रेकी कर पैसा निकासी कर झोला तथा परस में रखकर ले जाने के क्रम में झपट्टा मारकर लूट की घटना का अंजाम देते रहे है। जिसको लेकर प्रशासन परेशान थी । इस दौरान पिछले माह डिगवाडीह बैंक से पैसा निकासी कर उत्तम सुपकार अपनी पुत्री के साथ जब सुदामडीह अपने घर जा रहे थे तब पल्सर सवार दो अपराधियों ने सुपकार की पुत्री से 50 हजार रुपया रखा झोला को छीनकर फरार हो गया था। लगातार बैंकों से निकासी कर लौटने के क्रम में हो रही लूट की घटना को लेकर एसएसपी ने गंभीरता दिखाते हुए थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा एवं सिंदरी थानेदार संजय कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन कर घटना की उद्भेदन का निर्देश दिया। टीम ने घटना की जांचोपरांत कटिहार में छापामारी कर कोढ़ा गिरोह के अपराधी राहुल कुमार यादव को एक कट्टा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर उसके निशानदेही पर सुदामडीह की घटना में हुई लूट की घटना में दो हजार पांच सौ, झरिया थाना में हुई लूट की घटना में से 3 लाख, जोड़ापोखर लूट कांड की घटना में 40 हजार सहित तीन लाख 42 हजार 5 सौ रुपए नकदी सहित घटना के दौरान उपयुक्त हरा रंग का टीशर्ट, कारतूस सहित एक कट्टा को बरामद किया है। गिरफ्तार अपराधी राहुल ने अपनी स्वीकारोक्ति बयान में पुलिस को बताया है कि सिंदरी अनुमंडल क्षेत्र में जितनी भी लूट की घटनाएं हुई है उसमें उसके अलावे कोढ़ा गिरोह के दीपक यादव, शिबलू यादव, सिंटू यादव एवं पीकू ग्वाला सभी कटिहार के शामिल थे। गिरफ्तार किए गए राहुल ने कहा कि उनका लक्ष्य वो व्यक्ति होते थे जो बैंक से पैसा निकासी कर बैग,झोला एवं पर्स में रखकर ले जाते थे जिसको रेकी कर पीछा कर अबतक लूट की घटनाओं को अंजाम देते थे। वार्ता में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा, संजय कुमार, आशुतोष कुमार, राहुल कुमार, मो अफरोज, बिट्टू कुमार, संतन यादव आदि थे।



एक नजर में

## शहीद शक्तिनाथ महतो स्मारक इंटर कॉलेज के जेईई मेंस में सफल विद्यार्थी हुए सम्मानित



**कतरास।** शनिवार को शहीद शक्तिनाथ महतो स्मारक इंटर कॉलेज सिजुआ में आयोजित समारोह में विधायक सह मुख्य सचेतक मथुरा प्रसाद महतो को झारखंड अधिविद परिषद रांची के सदस्य व बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी में सीनेट मेंबर बनाए जाने पर कॉलेज परिवार की ओर से उन्हें शॉल, मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जेईई मेंस की परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने वाले मेधावी विद्यार्थी ऋषिकेश पासवान, विशाल कुमार महतो व ओम कुमार तथा एमबीबीएस की डिग्री हासिल करने वाली कॉलेज की पूर्ववर्ती छात्रा शिवांगी महतो सहित उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। विधायक मथुरा ने कहा कि कड़ी मेहनत के बाद ही सफलता मिलती है। छात्र-छात्राओं को धैर्य एवं संयम का परिचय देते हुए मेहनत करनी चाहिए। इस महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम शुरू से ही बेहतर रहा है और आगे भी रहेगा हमें ऐसा पूर्ण विश्वास है। प्राचार्य डॉ अरुण कुमार महतो ने कहा कि छात्र-छात्राएं अपनी मेहनत, लगन के दम पर पूरे देश भर में अपनी सफलता की कहानी लिख रहे हैं। इस मौके पर विनोद बिहारी महतो महिला इंटर कॉलेज मदैयडीह के प्राचार्य उत्तम कुमार महतो, प्राचार्य कार्तिक कुमार महतो, पीएम कॉलेज गोमो के प्राचार्य कांतिरथ महतो, फागू महतो इंटर कॉलेज कपुरिया के प्राचार्य अनूप चक्रवर्ती, शहीद शक्तिनाथ महतो उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक गोविंद महतो, मनोज कुमार महतो, नीलकंठ नारायण महतो, बसंत महतो, प्रो. रमेश प्रसाद, प्रो समीर कुमार महतो, प्रो. अविनाश कुमार, प्रो. राखोहारी महतो, प्रो. राजू महतो, प्रो. मेघनाथ महतो, प्रो. राकेश कुमार महतो, प्रो. दिनेश मधेशिया, इंदु कुमारी, नेहा कुमारी, प्रियंका कुमारी, मोहित कुमार महतो , जितेंद्र महतो, तेंदुलकर भट्ट, चक्रधर महतो, अभिमन्यु महतो, मोहित महतो, लालू महतो, भुनेश्वर महतो, अनीता देवी, देवीशंकर महतो, प्रदीप महतो, पंकज महतो आदि थे।

## नीरज हत्याकांड: विनोद सिंह, संजय, डब्लु की याचिका पर सुनवाई

**धनबाद।** नीरज हत्याकांड के गवाह अमर सिंह के आवाज की जांच एफएसएल से कराने, अनुसंधानक को गवाही के लिए फिर से बुलाने तथा समस्तीपुर के बैंक मैनेजर को गवाही के लिए बुलाने के तीन विभिन्न याचिकाओं पर शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चन्द्र अवस्थी की अदालत मे सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अपर लोक अभियोजक सतेंद्र राय ने तीनों आवेदनों पर विरोध किया अदालत ने सुनवाई के लिए सोमवार की तारीख निर्धारित की है। दरअसल झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अनिल कुमार चौधरी की खंडपीठ ने निचली अदालत के आदेश को रद्द करते हुए सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में फिर से आदेश पारित करने का आदेश दिया था। विनोद सिंह ने 26 मार्च 25 को अदालत में एक पेन ड्राइव दाखिल कर अदालत से प्रार्थना की थी कि पेन ड्राइव में चश्मदीद गवाह अमर सिंह का आवाज और वीडियो फुटेज है जिसकी फॉरेंसिक जांच कराई जाए कि यह वीडियो और आवाज अमर सिंह का है या नहीं, और इसे कोर्ट में चलाया जाए। बजे नीरज सिंह अपने फॉच्यूनर कार जेएच10एआर-4500 से सरायढ़ेला स्थित अपने आवास रघुकुल लौट रहे थे। वह ड्राईवर के साथ आगे सीट पर बैठे थे। पीछे के सीट पर उनका सहायक सरायढ़ेला न्यू कॉलोनी निवासी अशोक यादव और दो निजी अंगरक्षक मुन्ना तिवारी बैठे थे। स्टील गेट के पास बने ब्रेकर पर नीरज की गाड़ी की रफ्तार कम होते ही दो बाईक पर सवार कम से कम चार हमलावरों ने उनकी कार पर गोलियों की बरसात कर कर दी थी। हमले में नीरज के अलावे तीन अन्य लोगों, अशोक यादव, मुन्ना तिवारी व ड्राइवर घोल्टू महतो की भी मौत हुई थी।

## एगयारकुंड प्रखंड विकास पदाधिकारी मधु कुमारी को अनुमंडल पदाधिकारी बनाया गया



**कुमारधुबी।** एगयारकुंड प्रखंड विकास पदाधिकारी मधु कुमारी को अनुमंडल पदाधिकारी बनने पर प्रखंड कार्यालय में बधाई दिया एवं गुलदस्ता भेंट किया। बधाई देने वालों में रेणु कुमारी, प्रकाश चंद्र, जूनियर इंजीनियर मुकेश कुमार, पंचायत सचिव विनय किशोर, सावित्री, ममता गुप्ता, सूरज कुमार, वसीम अंसारी, समदानी अंसारी, अंबे सोरेन, लालू रोहिदास, जेई विवेक कुमार, बीपीओ श्रीकांत मंडल, अविनाश बाउरी, जुगल बाउरी, रसीद, सीआरपी पंकज कुमार सिंह सहित सभी प्रखंड कार्यालय कर्मी ने बधाई दी।

## नियोजन की मांग को लेकर रैयतों का आंदोलन 12वें दिन भी जारी

**मैथन।** नियोजन एवं मुआवजे की मांग को लेकर रैयतों एवं ग्रामीण ने खुशरी पंचायत के पूर्व मुखिया साधन रवानी के नेतृत्व में शनिवार को 12 दिनों से ईसीएल मुगमा एरिया के खुशरी ओसीपी का उत्पादन बंद कर रखा है। रैयतों का कहना है कि जब तक हम लोगों को नियोजन एवं मुआवजे का भुगतान नहीं हो जाता आंदोलन जारी रहेगा।संबंध में जानकारी देते हुए रैयत गोलक मोदक, अशोक मोदक, विपिन मोदक, विक्रम धाड़ा, सिद्धेश्वर मोदी आदि ने बताया कि ईसीएल प्रबंधन हमारी जमीन पर ओबी गिराकर उसे नष्ट कर दिया है। साथ ही हमारी जमीन से कोयला निकल लिया है। अब ना तो हम लोग अपनी जमीन पर खेती ही कर पा रहे हैं और ना ही हमें नियोजन एवं मुआवजा दिया जा रहा है। मजबूरन हम लोगों को यह कदम उठाना पड़ रहा है।मालूम रहे की नियोजन एवं मुआवजे की मांग को लेकर खुशरी ओसीपी के रैयत एवं ग्रामीण 6 मई से ओसीपी का काम बंद कर धरना पर बैठे हुए हैं। एक और जहां ईसीएल प्रबंधन का कहना है कि जिस जमीन पर रैयत अपना दावा ठोक रहे हैं वह जमीन इन्हेरीटेड एवं ओसीपी के बाहर का है। वही रैयतों का कहना है कि जमीन के सारे कागजात हम लोगों के पास हैं। प्रबंधन नियोजन नहीं देने के नाम पर हम लोगों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों को बरगला रही है।

## जमीन विवाद में पहुंची चिरकुण्डा अंचल की पुलिस, देखरेख में करवाया घेराबंदी



**कुमारधुबी।** चिरकुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत बूटबाड़ी में पिछले चार महीनों से चल रहा जमीन विवाद शनिवार को चिरकुंडा अंचल की पुलिस ने अपने मौजूदगी में घेराबंदी करवा विवाद समाप्त कर दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए जमीन मालिक पवन शर्मा ने बताया की यह जमीन लगभग 50 साल पहले मेरे पिताजी स्वर्गीय ओम प्रकाश शर्मा खरीदे थे। जिसका ऑनलाइन रसीद सहित अन्य कागजात मौजूद है। जब इस जगह की घेराबंदी करने पहुंचे तो अजय राय एवं उसके परिवार वाले विरोध करने लगे तथा घेराबंदी करने से मना कर दिए। कहने लगे की यह मेरे दादी की जमीन है। हमलोगों ने उनसे कागजात की मांग की परन्तु वें दिखाने में असक्षम रहे। चिरकुंडा थाना प्रभारी रामजी राय ने भी कई बार कागजात मांगे। परन्तु उन्हें भी कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाया। कई बार समय देने के बाद भी जब कागजात नहीं दिए उसके बाद चिरकुंडा पुलिस मेरे जमीन पर घेराबंदी कराने में मेरी सहयोग किया है। उधर जमीन की दावदारी कर रहे अजय राय ने कहा की यह मेरे दादी की जमीन है उसका कागजात भी प्रस्तुत कर रहा हूं फिर भी पुलिस जबरन कब्जा करवा रही है। इस दौरान चिरकुण्डा अंचल पुलिस निरीक्षक फागू होरो, पंचेत ओपी प्रभारी प्रभात राय, गलफरबाड़ी ओपी प्रभारी दीपक दास, मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन, कुमारधुबी ओपी प्रभारी राजेश लोहरा दलबल के साथ उपस्थित रहे।

स्पीड न्यूज

## 20 मई को भाकपा माले का धरना, जनता भरेगी हुंकार

गिरिडीह। बिरनी प्रखंड की जमीनी हकीकत अब सबके सामने है न बिजली, न पानी, न पेंशन, और न ही जमीन से जुड़े मसलों का समाधान। जन सरोकारों की लगातार अनदेखी से आक्रोशित जनता अब सड़क पर उतरने को तैयार है। भाकपा माले ने 20 मई को प्रखंड मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन की घोषणा कर दी है।भाकपा माले के शेखर सुमन ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने अब भी आंखें मूंदे रखीं, तो आंदोलन को और तीखा किया जाएगा।

## प्राण प्रतिष्ठा और यज्ञ में प्रतिनिधियों के आने का सिलसिला जारी



लोयाबाद। लोयाबाद हनुमान मंदिर मे प्राण प्रतिष्ठा और यज्ञ महोत्सव में जन प्रतिनिधियों के आने का सिलसिला जारी है। सांसद ढुलू महतो, विधायक शत्रुघ्न महतो, विधायक राज सिन्हा, विधायक रागनी सिंह हनुमान मंदिर प्राणप्रतिष्ठा यज्ञ में शामिल हुए है।
जनप्रतिनिधियों ने हनुमान मंदिर में माथा टेका। समिति के लोगों ने पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। शनिवार दिन में झारिया विधायक पहुचीं और पूजा अर्चना की। बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो पहुँचकर खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया। लोगो ने जय श्रीराम व बजरंगबली के जयकारे लगाए। शुक्रवार देर शाम धनबाद विधायक राज सिन्हा पहुंचे थे। कमिटी वालों ने उनका स्वागत किया। इससे पहले सांसद ढुलू महतो दो बार मन्दिर प्राणप्रतिष्ठा में भाग ले चुके है। मौके पर जय प्रकाश पाण्डे, बिनोद पासवान शंकर केसरी, कृपा सिंह, सुनील पांडे, मुकेश झा, बबलू झा, मनोज मुखिया, डब्लू आलम, राम सिंह, अरुण गुप्ता आदि थे।

## कॉमर्शियल टैक्सस बार एसोसिएशन की नई कमेटी का हुआ गठन

धनबाद। कॉमर्शियल टैक्सस बार एसोसिएशन की आम सभा शनिवार को कोर्ट मोड़ स्थित एक रेस्टोरेंट में हुई। जिसमें गत वर्ष के आय-व्यय को प्रस्तुत किया गया। सभी सदस्यों ने अपनी अपनी बात रखी। साथ ही वर्ष 2025-27 के लिए नई कमेटी गठन का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। नई कमेटी के संरक्षक डीएन चौधरी, अध्यक्ष पीसी अम्बष्ट, उपाध्यक्ष शरबानी सिउलिया,गौतम राय, सचिव बीएम चौधरी, संयुक्त सचिव सत्यजीत चटर्जी, सतेंद्र श्रीवास्तव, विजय कुमार सिन्हा, कुंदन प्रकाश सिन्हा, कोषाध्यक्ष आरके झा आदि चुने गए।

## वज्रपात की घटना में चार दुधारू गाय की मौत

गिरिडीह। जमुआ प्रखड़ के अंतर्गत बलगो पंचायत के ग्राम बलगो मे शनीवार को करीब तीन बजे तेज बारिश व गर्जन के साथ वज्रपात की घटना हुई। जिसमें गांव के किसान भुसो महतो पिता चुरखी महतो की चार दुधारू गाय की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पीड़ित किसान परिवार के सदस्यों में मातम पसर गया। इस संबंध में पीड़ित किसान ने बताया कि रोज की तरह शनीवार दोपहर में चरने के लिए खेत की तरफ गई थी वापस घर आने क्रम में तेज बारिश व गर्जन के साथ वज्रपात की घटना हो गई जिसमें मौके पर चार गायो की मौत हो गई। इधर मामले को लेकर बलगो पंचायत समिति सदस्य फुलवा देवी ने पीड़ित किसान परिवार को सरकारी सहायता मुआवजा दिलाने की मांग प्रशासन से की है।

## नशा मुक्त समाज के लिए महिलाओं ने चलाया जन जागृति अभियान




खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** नशा नाश का घर है, इससे परिवार के साथ-साथ समाज पर भी गलत असर पड़ता है। नशा मुक्त समाज के लिए भारत समाज विकास समिति के बैनर तले रांगामाटी पंचायत के घांगासाल की महिलाओं ने जन जागृति अभियान की शुरूआत की। इस दौरान महिलाओं के साथ कई पुरुष भी इस अभियान में शामिल हुए। इस संबंध में जानकारी देते हुए पूर्णिया देवी, शोभा देवी, रेशमी देवी गुड़िया देवी, कविता देवी, सीता देवी, सुलेखा देवी, मीरा देवी, मीना देवी, दमयंती देवी आदि ने बताया कि नशा के कारण हमारे गांव के युवा वर्ग बबार्दी के रास्ते पर जा रहे हैं। लोग काम धंधा छोड़कर सिर्फ नशा के चक्कर में पड़े रहते हैं। महिलाओं द्वारा नशा मुक्ति के खिलाफ शुरू किए गए अभियान का समर्थन ग्रामीण गंगा नारायण सिंह, राजीव सिंह, राज कुमार सिंह, चंद्रशेखर सिंह, प्रभाष महतो आदि ने भी किया है।

# आंधी बारिश ने मचाई तबाही, कई पेड़ गिरे एक ही गांव के पांच घर ध्वस्त, तीस लोग बेघर

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** जमुआ प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में शनिवार की दोपहर अचानक आई आंधी बारिश ने भारी तबाही मचाई। दर्जनों पेड़ जड़ सहित उखड़ गए तो कितने ही पेड़ों की डालियां टूटी। जमुआ प्रखंड अंतर्गत टीकामगहा पंचायत के ग्राम सकरडीहा में पांच घर पूरी तरह ढह गए। पेड़ घरों पर ही गिर गए। उन घरों में 30लोग रहते थे जो अब बेघर हो गए। आसपास घने और पुराने पेड़ थे। पुराने पेड़ जड़ सहित उखड़ कर घरों पर जा गिरे जिससे घर ढह गए।गनीमत हुई कि कोई हताहत नहीं हुए। आंधी आते ही लोग सतर्क हो गए थे। पेड़ गिरने की आवाज आई तो लोग घरों से बाहर निकल गए नहीं तो कई लोगों की जानें जा सकती थी।घर कच्चे थे और सभी एक ही कैंपस में आसपास ही थे इस दरमियान सदानंद सिंह, मनोज सिंह, दिवाकर सिंह, किशोरी सिंह, महेंद्र सिंह और विभूति सिंह के मकान पेड़ गिरने से क्षतिग्रस्त हुए। टीकामगहा पंचायत के उपमुखिया ममता देवी ने स्थानीय प्रशासन और सांसद व विधायक से बेघर परिवारों के पुनर्वास की मांग की है एवं मुआवजे की मांग की है। सामाजिक कार्यकर्ता सुनील कुमार राय ने कहा कि वे पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं और हर संभव सहायता प्रदान करेंगे। इस घटना के बाद, स्थानीय प्रतिनिधि ने तुरंत घटनास्थल का दौरा किया और प्रभावित लोगों से मुलाकात की। कहा कि वे पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता प्रदान करेंगे।

## ईसीआरईयू के मंडल कार्यकारिणी बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** रेलवे आडिटोरियम में चल रहे ईस्ट सेंट्रल रेलवे इम्पलाईज यूनियन (ईसीआरईयू) की मंडल कार्यकारिणी कमिटी की दो दिवसीय बैठक शनिवार को संपन्न हो गई। यूनियन के महासचिव मृत्युंजय कुमार एवं संस्थापक बीआर सिंह ने रेलवे के निजीकरण निगमीकरण का विरोध किया। एनपीएस यूपीएस को खत्म कर ओपीएस देने की बात की। साथ ही चारों मजदूर विरोधी श्रम कानूनों को अविलंब खत्म किया जाए। कर्मचारियों का शोषण एवं उन पर हो रहे अत्याचार पर भी कड़ा विरोध किया।

वहीं सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्रों की समस्याओं को रखा। मंडल कमिटी ने पीएनएम हेतु एजेंडा, शाखा गठन, कार्यालय प्राप्ति, प्रशासन के साथ तालमेल एवं सहयोग से विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को आ रही समस्याओं को खत्म करने पर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। मंडल कमिटी ने महिला अधिकारों पर भी गंभीरता से विचार करते हुए उनके लिए सुविधायुक्त कार्यस्थल सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। अत्यधिक गर्मी के मौसम एवं हीट वेव को देखते हुए सभी कार्यालयों में आरओ वाटर मशानी लगाने एवं रनिंग कर्मचारियों पर विशेष ध्यान दिए जाने साथ ही सभी लाइन कर्मचारियों के बीच ओआरएस वितरण सुनिश्चित कराने की बात की गई। युनियन में पारदर्शिता और अनुशासन को सर्वोपरि रखने हेतु एक अनुशासनात्मक समिति बनाने पर भी सहमति जताई गई।बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार साव ने किया। मौके पर मंडल सचिव सुनील कुमार सिंह, रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन के सचिव एमके बनर्जी, एसपी साहु, राजेश कुमार, प्रवीण कुमार, शैलेश कुमार, नागेन्द्र पासवान, पंकज कुमार, श्रवण कुमार एवं कमलेश कुमार उपस्थित रहे।

## 26 सेंटरों पर पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा आज डीसी व एसएसपी ने जारी किया संयुक्त आदेश

### सभी सेंटरों पर दंडाधिकारी, गश्ती दल दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल रहेंगे मौजूद

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** आज जिले के 26 सेंटरों पर पॉलिटेक्निक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसे लेकर शनिवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा, एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन तथा एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा ने संयुक्त आदेश जारी किया। जिसमें बताया गया है की परीक्षा एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय, जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल डिगवाडीह, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज, झरिया गुजराती हिंदी हाई स्कूल, एसएसएनएमएस इंटर कॉलेज सिजुआ, सरस्वती विद्या मंदिर भूली सहित 26 सेंटरों पर रविवार को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक परीक्षा आयोजित की जाएगी।वहीं परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, डिजिटल डायरी, स्मार्ट वॉच सहित अन्य सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी तथा हर परीक्षार्थी की बायोमेट्रिक उपस्थिति ली जाएगी सभी सेंटरों के लिए दंडाधिकारी, गश्ती दल दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए कार्यपालक दंडाधिकारी लाल बाल किशन नाथ सहदेव के नेतृत्व में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार कंट्रोल रूम के वरीय प्रभार में रहेंगे।

## सेल पीकर मजदूरों के 3 महीना से बकाया वेतन को लेकर महाप्रबंधक से वार्ता

**कतरास।** ब्लॉक 2 क्षेत्र के असंगठित सेल पीकर मजदूरों का पिछले 3 महीना से बकाया मासिक वेतन भुगतान की मांग को लेकर यूनाइटेड कॉल वर्कर्स यूनियन के नेता संतोष गोराई नेतृत्व में महाप्रबंधक ब्लॉक दो क्षेत्र से वार्ता हुई। काफी देर तक चली वार्ता के बाद विधायक सह यूनाइटेड कॉल वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष शत्रुघ्न महतो के हस्तक्षेप के बाद महाप्रबंधक ने तीन दिनों के अंदर मासिक वेतन भुगतान करने का आश्वासन दिया। तीन दिनों के अंदर यदि दो महीना का वेतन भुगतान नहीं किया जाता है तो चक्का जाम आंदोलन किया जाएगा। वार्ता में मुख्य रूप से संतोष गोराई एन डी पांडेय, उदय शंकर चौहान, सुमन पांडे बालमुकुंद प्रसाद सिंह कृष्णा रवानी, प्रदीप रवानी, हराधन चक्रवर्ती, दारा रवानी और अधनु कुम्हार, बंटी रवानी आदि मजदूर शामिल थे।

## नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास करने वाला ने किया समर्पण

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** सिंदरी बस्ती में 45 वर्षीय उज्जवल मंडल द्वारा एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म का प्रयास को लेकर शनिवार को बस्ती में लोगों का आक्रोश चरम पर था। बस्ती के लोगों के आक्रोश को देखते हुए उज्जवल मंडल के भाई ने दुष्कर्मी उज्जवल मंडल को सिंदरी थाना में लाकर समर्पण करवा दिया। इस दौरान बस्ती की महिलाओं ने भी सिंदरी थाना पर प्रदर्शन करते हुए दुष्कर्मी उज्जवल मंडल को गिरफ्तार करने की मांग कर रही थी। सूचनानुसार सिंदरी बस्ती में घटना को अंजाम देकर उज्जवल मंडल गांव से भागकर पश्चिम बंगाल के आद्रा में छिपा हुआ था। वहीं बस्ती के कुछ युवक उज्जवल मंडल के भाई उत्तम मंडल को लेकर बंगाल पहुचे और उज्जवल मंडल को पकड़कर लाया तथा सिंदरी पुलिस के हवाले कर दिया। सिंदरी थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि रविवार को आरोपी को जेल भेजा जाएगा।

# स.शि.वि.मंदिर बाघमारा में मेधावी छात्र का अभिनंदन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** स.शि.वि. मंदिर बाघमारा में शनिवार को सीबीएसई बोर्ड परीक्षा कक्षा दशम व द्वादश में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले भैया-बहनों के लिए मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ।

मंचासीन अतिथियों का परिचय विद्यालय प्राचार्य संतोष कुमार झा ने करवाया। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव विनय कुमार पाण्डेय, कोषाध्यक्ष गोपाल अग्रवाल उपस्थित थे। प्राचार्य ने कहा कि यह बड़े गर्व की बात है कि हमारे विद्यालय का दशम व द्वादश कक्षा का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।कक्षा दशम के भैया राजबीर साव 97.2 अंक लाकर धनबाद जिला में अपना एक सम्मानित स्थान प्राप्त किया। भैया-बहनों ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न सिर्फ अपने अभिभावकों का बल्कि विद्यालय का भी नाम रोशन किया। उन्होंने इस सफलता का श्रेय उनके आचार्यों, अभिभावकों व भैया-बहनों को दिया। आचार्य नीरज कुमार पंडित के द्वारा उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले वाले भैया-बहनों के नामों घोषणा की गई। अतिथियों द्वारा भैया-बहनों व उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया।

सचिव विनय कुमार पांडेय ने सभी अभिभावकों व भैया-बहनों को बधाई व शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह विद्यालय केवल शिक्षा ही नहीं देता बल्कि इसके अतिरिक्त संस्कार, अनुशासन व खेलकूद जैसे अन्य क्षेत्रों में भी आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है ताकि भैया-बहनों का सर्वांगीण विकास हो सके। आप सभी इसी प्रकार जीवन में आगे बढ़ते रहें और नए कीर्तिमान स्थापित करें। कार्यक्रम का संचालन आचार्या विभा श्रीवास्तव व धन्यवाद ज्ञापन आचार्य राजेश कुमार ने किया।

स्पीड न्यूज

## रेडिसन होटल का उद्घाटन आज

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर शहर का हॉस्पिटैलिटी सेक्टर अब एक नए मुकाम की ओर बढ़ने जा रहा है। आगामी 18 मई 2025 को रेडिसन होटल जमशेदपुर के भव्य उद्घाटन झारखंड के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार करेंगे। पूर्वान्ह 11.30 बजे से आयोजित उद्घाटन समारोह में एमडी आरके अग्रवाल, एमडी प्रकाश झा और रेडिसन ग्रुप के सीओओ साउथ इस्ट एशिया एवं एमडी निखिल शर्मा उपस्थित रहेंगे।

## आज गोलमुरी जॉगर्स पार्क से शहीद स्मारक तक निकाली जायेगी 'सिंदूर यात्रा'

**जमशेदपुर।** भारतीय नारी के आत्म-सम्मान और संसति की प्रतीक ''सिंदूर'' को समर्पित विशेष सिंदूर यात्रा का आयोजन जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र की भाजपा विधायक पूर्णिमा साहू के नेतृत्व में रविवार को गोलमुरी स्थित जॉगर्स पार्क से प्रारंभ होगी। सुबह 10 बजे प्रारंभ होने वाली इस यात्रा का समापन गोलमुरी पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि के साथ किया जाएगा।

## एनआइटी के छात्र ने छत से कूद कर दे दी जान

**जमशेदपुर।** एनआइटी जमशेदपुर में बीटेक प्रथम वर्ष कंप्यूटर साइंस में अधयनरत छात्र दिब्यांशु गाँधी काफी समय से तनावग्रस्त थे और बीती रात 16 डंल 2025 को उन्होंने अपने निवास स्थान में छत से कूद कर आत्महत्या कर ली। उक्त छात्र पिछले छह महीने से अपने माता पिता के साथ एनआइटी कैंपस से बाहर किराये का मकान लेकर रह रहा था। इस मामले की जांच एनआइटी पुलिस स्टेशन द्वारा की जा रही है।

## ट्रेन से गिर कर एक 24 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति घायल

**जादूगोड़ा।** टाटा-खड़गपुर खंड पर स्थित पुराना राखा माइनस रेलवे स्टेशन ( सासपुर गांव) के समक्ष ट्रेन से गिर कर एक 24 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।इधर जादूगोड़ा की हाइवे पेट्रोलिंग ने मानवता दिखाते हुए रेलवे ट्रैक से आफ किलोमीटर दूर झाड़ी किनारे गिरे घायल व्यक्ति को स्ट्रेचर से उठाकर उसे यूसिल अस्पताल पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद एमजीएम अस्पताल भेज दिया गया।घायल की अस्पताल। पहुंचाने में हाइवे पेट्रोलिंग की ओर से सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार,शाहजहा हुसैन, व चालक रणजीत दास ने अहम योगदान दिया।

## भारत आदिवासी पार्टी की जिला इकाई भंग

**जमशेदपुर।** भारत आदिवासी पार्टी, पूर्वी सिंहभूम जिला कमेटी को सक्रिय भूमिका में लाने के उद्देश्य से प्रांतीय आदेशानुसार पूर्वी सिंहभूम जिला कमेटी,महानगर कमेटि,प्रखंड कमेटी सहित जिला के अंतर्गत सभी इकाइयों को तत्काल प्रभाव से भंग किया गया। इस बात की जानकारी जिला अध्यक्ष मदन मोहन ने प्रेस को दिया। उन्होंने कहा कि झारखंडी और आदिवासी जन अभी भी अपने हक अधिकार से वंचित हैं।सरकार ठोस नीतिगत फैसला लेने में असक्षम है। तमाम ज्वलंत मुद्दों पर जन आंदोलन के लिए सड़क पर उतरेंगे।

## जमशेदपुर में चोरी और छिनतई की घटनाओं पर रोक लगाये पुलिस : जदयू

जमशेदपुर। जनता दल (यूनाइटेड) पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने प्रेस वक्तव्य जारी कर जमशेदपुर के विभिन्न इलाकों में लगातार घटित हो रही चोरी एवं छिनतई की घटना पर चिंता व्यक्त की है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि शहर में चेन छिनतई गिरोह पूर्ण रूप से सक्रिय है। छिनतई की घटना आम हो गई है। बाइक पर सवार बदमाश सुनसान इलाके में महिलाओं के गले से सोने के जेवरात छीन कर फरार हो जा रहे हैं। कोई अगर बीच बचाव या विरोध की कोशिश करता है तो चेन स्नैचर आक्रामक हो जाते है और हमला कर फरार हो जाते है।

फाल्स सीलिंग, सेंट्रलाइज्ड एयर कंडिशनर के तांबा के केबुल और एसी मशीनों की चोरी, जुडको ने इस मामले में एफआईआर तक दर्ज नहीं कराया, विधायक सरयू राय क्षुब्ध, 'कदमा के कंवेंशन सेंटर का सरयू राय और जेएनएसी के उप नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण'

# कंवेंशन सेंटर, कदमा में करोड़ों की संपत्ति की चोरी

## कंवेंशन सेंटर जिस हालत में है, उसी हालत में उप नगर आयुक्त प्रभार जुडको से इसका प्रभार लें : सरयू राय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने शनिवार को कदमा स्थित कंवेंशन सेंटर के बंद पड़े भवन का निरीक्षण किया और जेएनएसी के उप नगर आयुक्त को भवन की मरम्मत कराकर उसे चालू कराने का निर्देश दिया। इस कंवेंशन सेंटर का निर्माण श्री राय की अनुशंसा पर नगर विकास विभाग द्वारा 2018 में आरम्भ हुआ और करीब 1230 लाख के व्यय पर 2021 में पूरा हो गया।

यहां जारी एक बयान में श्री राय ने कहा कि भवन का निर्माण कराने वाली नगर विकास विभाग की संस्था जुड़को ने अभी तक कंवेंशन सेंटर को जेएनएसी को हस्तगत नहीं कराया है।

भवन के तीनों तल्लों में लगे फाल्स सीलिंग, सेंट्रलाइज्ड एयर कंडीशनर के तांबा के केबुल और एसी मशीनों की चोरी हो गई है। चोरों ने पूरे सीलिंग को तोड़कर क्षत-विक्षत कर दिया है। प्रवेश द्वार एवं खिड़कियों और उनमें लगे शीशों को तोड़ दिया है। फर्श एवं दीवारों को नुकघ्सान पहुंचाया है। ऐसा लगता है कि एक सुनियोजित षड्यंत्र के तहत चोरी एवं तोड़-फोड़ को अंजाम दिया गया है। कघ्रीब 2. 5 करोड़ रूपया से अधिक सरकारी संपत्ति के नुकसान पहुँचा है। आश्चर्य है कि जुडको ने इस बारे में एफआईआर तक दर्ज नहीं कराया है।

शनिवार को श्री राय ने जेएनएसी के उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ कंवेंशन सेंटर का गहन निरीक्षण किया तो पाया कि भवन का जो नकघ्शा नगर विकास विभाग ने पारित किया था, उसमें काफी बदलाव कर दिया गया है। भवन की सारी खिड़कियां बंद कर दी गई हैं। नतीजतन कंवेंशन सेंटर भवन माचिस की डिबिया बन गया है। यह बदलाव किसके द्वारा हुआ है और किसने इसका आदेश दिया है, उसकी जांच कराने का आदेश भी उन्होंने जेएनएसी को दिया।

श्री राय के अनुसार, कंवेंशन सेंटर के भीतर के तीनों तल्लों में लगे कघ्रीमती सामानों की चोरी हो गई है। सीलिंग को तहस नहस कर दिया गया है। यह काम एक दिन का नहीं है। इसमें महीनों लगे होंगे। इससे सटे तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री का निवास है, भारी सुरक्षा बंदोबस्त रहता था। फिर भी इतनी बड़ी चोरी हो जाना आश्चर्यजनक है। इसकी जांच होनी चाहिए और जिम्मेदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। जुडको के उपर सरकारी संपत्ति नष्ट कराने की कार्रवाई होनी चाहिए और पूछा जाना चाहिए कि नुकसान का पता होने पर एफआईआर क्यों नहीं किया और भवन के डिजाइन में परिवर्तन कैसे हुआ?

सरयू राय ने जेएनएसी के उप नगर आयुक्त को भवन का कब्जा लेने और मरम्मत कराकर इसे चालू कराने का निर्देश दिया और कहा कि कंवेंशन सेंटर भवन जिस हालत में है, उसी हालत में इसका प्रभार वे जुडको से ग्रहण कर भवन में गतिविधियां चालू कराएं। भवन चालू होने से जेएनएसी को आर्थिक लाभ होगा और कदमा का यह इलाका जगमगा जाएगा। चोरी का एफआईआर कराने का निर्देश भी उन्होंने दिया।

पहले फूड प्लाजा था और बन्ना गुप्ता के कब्जे में थी जमीन

सरयू राय के अनुसार, पहले इस जगह पर कदमा फूड प्लाजा था, जिस पर तत्कालीन विधायक बन्ना गुप्ता ने कघ्ब्जा कर लिया था। 2014 में विधायक निर्वाचित होने के बाद श्री राय ने फूड प्लाजा की जमीन से कब्जा हटवाया और इस जमीन पर कंवेंशन सेंटर बनाने का प्रस्ताव दिया। कब्जा हटा और 2018 में कंवेंशन सेंटर का निर्माण आरम्भ हुआ। 2019 में सरयू राय पूर्वी विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए। 2021 में कंवेंशन सेंटर का निर्माण तो पूरा हो गया पर आज तक यह चालू नहीं हुआ।




कंवेंशनल सेंटर का निरीक्षण करने जाते विधायक सरयू राय, केंवेंशनल सेंटर के अंदर क्षतिग्रस्त फाल्स सीलिंग।

टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन: प्लांट वन में

## अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद का हुआ स्वागत



टाटा मोटर्स यूनियन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के नए अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद का प्लांट वन के सभागार में स्वागत किया गया। इस दौरान महामंत्री आरके सिंह , डिविजनल हेड मनीष वर्मा, सत्यजीत महंता , मलय , राकेश समेत अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद एवं महामंत्री आरके सिंह को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधा भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन अलि रजा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन गुरमीत सिंह लखनपाल ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महामंत्री आरके सिंह ने कहा कि यूनियन एवं प्रबंधन के समन्वय से कंपनी आगे बढ़ सकती है। प्लांट वन में यदि कोई समस्या सामने आएं तो मिलकर बातचीत होनी चाहिए, बातचीत से समस्या का समाधान संभव है। उन्होंने सेफ्टी, क्वालिटी, उत्पादकता की बात को दोहराते हुए इन तीनों बातों पर ध्यान केंद्रित करने का सुझाव दिये। कार्यक्रम को अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद ने भी संबोधित किया। उन्होंने महामंत्री के बातों का समर्थन करते हुए उचित निर्देशों का ईमानदारी से पालन करने का सुझाव दिये।

डिविजनल हेड मनीष वर्मा ने कहा कि प्लांट वन में हर कोई अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाते हैं। कंपनी में कोई मालिक और मजदूर नहीं है , बल्कि परस्पर सहयोगात्मक भाव से कार्य करने की परंपरा प्रचलन में है। हम सबों को कंपनीहित में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने पर बल दिया। अमलेश रजक एवं सुबोध सिंह का हुआ स्वागत। कार्यक्रम के दौरान महामंत्री आरके सिंह के हाथों अमलेश रजक का तथा अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद के द्वारा सुबोध सिंह को अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया।

# पॉलिटेक्निक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा आज, प्रशासनिक तैयारी पूरी

## आज 12 परीक्षा केन्द्रों पर 7507 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा,एसडीओ ने की बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पॉलिटेक्निक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2025 का आयोजन 18 मई 2025 (रविवार) को होगा । पूर्वी सिंहभूम जिला में 12 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं । इस परीक्षा में 7507 परीक्षार्थी शामिल होंगे ।10:30 बजे पूर्वाह्न से 01:00 बजे अपराह्न तक संचालित परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में होगी । वहीं परीक्षार्थियों की बायोमैट्रिक उपस्थित दर्ज की जाएगी । इलेक्ट्रनिक उपकरणों या गजेट्स यथा मोबाईल, कैलकुलेटर, डिजिटल डायरी, पेजर, लग टेबल, स्मार्ट वच इत्यादि का प्रयोग वर्जित रहेंगे।

कोई परीक्षार्थी इन इलेक्ट्रनिक उपकरणों या गजेट्स का प्रयोग नहीं करेंगे। परीक्षा केन्द्रों पर इसे ले जाने की मनाही है। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा को लेकर संयुक्त आदेश जारी कर कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने का निदेश दिया है।

परीक्षा के दौरान विधि व्यवस्था के बेहतर संधारण को लेकर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देशानुसार समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित की गई । अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम श्रीमती शताब्दी मजूमदार की अध्यक्षता में सभी केन्द्राधीक्षक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, उड़नदस्ता-सह-गश्ती दण्डाधिकारी के साथ बैठक हुई। बैठक में परीक्षा को कदाचारमुक्त, शांतिपूर्ण एवं सुगमतापूर्वक संचालन कराने का निदेश दिया गया। नोडल पदाधिकारी ने परीक्षा केन्द्र पर नियुक्त कर्मियों को निषक्षता एवं नियमबद्धता के साथ कार्य करने तथा परीक्षा संचालन संबंधी विभिन्न निदेशों एवं नियमों का समुचित पालन करने का निदेश दिया । परीक्षा केन्द्रों पर शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाये रखने तथा कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन सुनिश्चित कराने के लिए प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों के लिए स्ट्रैटिक दंडाधिकारी एवं उड़नदस्ता-सह-गश्ती दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है।



परीक्षा की तैयारी बैठक को संबोधित करतीं एसडीओ शताब्दी मजुमदार।

**निम्नलिखित परीक्षा केन्द्रों पर होगी परीक्षा :** पॉलिटेक्निक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के लिए जिला में 12 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। सभी परीक्षा केन्द्र जमशेदपुर शहरी क्षेत्र में अवस्थित हैं । इन परीक्षा केन्द्रों में एलबीएसएम कॉलेज, करीम सिटी कॉलेज, को ऑपरेटिव कॉलेज, दयानन्द पब्लिक स्कूल, ग्रेजुएट कॉलेज, जे के एस इंटर कॉलेज ऑफ कमर्स, गुरूनानक हाई स्कूल, आर के एम लेडी इंदिरा हाई स्कूल, एबीएम कॉलेज, आदिवासी प्लस टू हाई स्कूल, शारदामणी गर्ल्स हाई स्कूल, सिस्टर निवेदिता हाई स्कूल शामिल हैं ।

**परीक्षा को ले कर निषेधाज्ञा लागू :** पोलिटेकनिक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2025 के आयोजन को लेकर परीक्षा केन्द्रों पर निषेधाज्ञा लागू गया है। धालभूम के अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि में परीक्षा की तिथि को परीक्षा के दौरान बीएनएसएस. के अंतर्गत निषेधाज्ञा घोषित की गई है। यह निषेधाज्ञा परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगा।

निषेधाज्ञा घोषित होने से परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि के अंदर कोई भी व्यक्ति घातक हथियार, लाठी (बूढ़ा एवं अपंग) को छोड़कर भाला, गड़ासा, छूरा, अग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेगा। वहीं दाह-संस्कार, धार्मिक एवं शादी-विवाह के जुलूस को छोड़कर पांच अथवा पांच से अधिक व्यक्ति एक साथ एक जगह पर जमा नहीं होंगे। कोई भी संस्थाध्व्यक्ति द्वारा बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग वर्जित होगा।

एक नजर में

## कोल्हान को बांग्लादेशी घुसपैठियों का शरणास्थली बनने नहीं देंगे : डा. दिनेशानंद गोस्वामी

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि बंग्लादेशी घुसपैठियों की नजर अब कोल्हान पर है। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बंग्लादेशी घुसपैठिए बड़ी संख्या में सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं में अपना नाम जोड़वाने में सफल हो रहे हैं। चाकुलिया प्रखंड के माटियाबांधी एवं मालकुंडी पंचायतों में 1 भी मुस्लिम परिवार निवास नहीं करता परन्तु वहां से सैकड़ों की संख्या में मुसलमानों का फर्जी जन्म प्रमाणपत्र निर्गत हुआ। वहीं गुड़ाबांदा प्रखंड के बालिजुड़ी पंचायत,घाटशिला प्रखंड के हेंदलजुड़ी तथा चाकुलिया प्रखंड के बेंद, भादकुंडा, कालियाम सहित अनेक पंचायतों में मुस्लिम महिलायें फर्जी तरीके से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि ले रहे हैं जबकि इन पंचायतों में कोई मुस्लिम परिवार निवास नहीं करता।

## डीसी ने आकांक्षी प्रखंड मुसाबनी में की समीक्षा बैठक

**मुसाबनी/जमशेदपुर।** मुसाबनी प्रखंड कार्यालय में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल ने एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस बैठक में उप विकास आयुक्त श्री अनिकेत सचान, प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता समेत अन्य विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य सरकार की विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन की समीक्षा करना और आकांक्षी प्रखंड के समग्र विकास के लिए रणनीतिक दिशा तय करना था। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विशेष रूप से सरकारी योजनाओं से 100: आच्छादन सुनिश्चित करने, स्थानीय षि उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने, तथा हस्तशिल्प एवं पारंपरिक कलाओं को प्रोत्साहन देने पर बल दिया। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे और किसी भी स्तर पर कोई लाभुक छूटने न पाए। गोहला पंचायत को मडल पंचायत के रूप में विकसित करने की योजना पर भी बैठक में विस्तार से चर्चा की गई।

## बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान के लिए हर जिले में बनेगा स्पेशल टास्क फोर्स

**जमशेदपुर।** केंद्र सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठियों एवं रोहिंग्या की पहचान के लिए राज्य सरकार को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किया है, जिसके तहत हर जिले में इन अवैध घुसपैठियों की पहचान के लिए स्पेशल टास्क फोर्स बनाई जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए झारखंड के पूर्व सीएम चंपई सोरेन ने बताया कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ लड़ाई में यह निर्णायक कदम उठाने के लिए माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी को धन्यवाद। अब इन घुसपैठियों को पहचानना तथा उन्हें डिपोर्ट करना आसान होगा। सोरेन ने कहा कि पिछली बार जब हाई कोर्ट ने इन घुसपैठियों की पहचान हेतु कमिटी बनाने का आदेश दिया था, तो झारखंड सरकार उसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट चली गई थी। इस बार उनके पास ऐसा कोई विकल्प नहीं है, तो उम्मीद है कि इस राज्य के आदिवासियों-मूलवासियों का हक मार रहे, इन लाखों घुसपैठियों को बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू होगी।

## दुर्लभ जनजातियों को संरक्षित करने के लिए 17 जगहों पर बनेगा बहुद्देश्यीय भवन

**जमशेदपुर।** पीएम जनमन योजना के तहत पी वी टी जी (पीवीटीजी)अर्थात विशेष रूप से संरक्षित आदिवासी समुदाय के लिए केंद्र सरकार द्वारा पूर्णतया वित्त पोषित कुल 17 बहुउद्देश्यीय भवन(एमपीसी.) की स्वीकृति प्रदान की गई है । विशेष रूप से दुर्लभ जनजातियों को संरक्षित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी ने विशेष रूप से इसे स्वीकृत किया है। इसके तहत बहुउद्देश्यीय केंद्र/भवन पोटका प्रखंड के झरिया और टांगराईन, गुड़ाबांदा के अर्जुन बेड़ा, घाटशिला के दीघा, बासाडेरा, रामचंद्रपुर, घुटिया, दारीसाई,गुड़ाजोर, चेंगजोड़ा और हलुदबनी, मुसाबनी के सोहदा, लोकेसरा, पाथरगोड़ा,डुमरिया के चटनीपानी, केंदुआ एवं लखाईडीह में निर्माण किया जाएगा। उक्त जानकारी जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद विद्युतबरण महतो ने दी है।

## हर गांव को सड़क से जोड़ पहुंचाएंगे विकास : जोबा माझी

**जमशेदपुर।** पश्चिम सिंहभूम जिला अंतर्गत आनंदपुर प्रखंड में सांसद जोबा माझी और स्थानीय विधायक जगत माझी ने शनिवार को चार पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। सभी सड़कें डीएमएफटी फंड से ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा निर्माण कराया जाएगा। शिलान्यास के मौके पर सांसद जोबा माझी ने कहा आज का दिन आनंदपुर प्रखंड के लिए खास है। अन्य प्रखंडों की अपेक्षा आनंदपुर विकास के मामले में थोड़ा पीछे हैं। लेकिन चार सड़कों के निर्माण के बाद यहां के विकास को रफ्तार मिलेगी। सांसद ने बताया सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र समेत मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव को सड़क से जोड़ने की दिशा में कार्य किये जा रहे है। उन्होंने बताया सड़क निर्माण के अलावा अन्य विकास के कार्यों को भी धरातल पर उतारा जा रहा है। वहीं विधायक जगत माझी ने कहा ग्रामीण सड़कों के निर्माण को लेकर वह गंभीर है। चारों योजना ग्रामीणों की काफी पुरानी मांग थी।

फिर जगमग होगा सूर्यधाम, सोन मंडप का होगा जीर्णोद्धार

# विधायक पूर्णिमा साहू ने विभिन्न विकास योजनाओं का किया शिलान्यास



सूर्यधाम के सौंदर्यीकरण का शिलान्यास करती विधायक पूर्णिमा।

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने सिद्गोड़ा स्थित प्रसिद्ध सूर्य मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण और सुरक्षा को लेकर विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजना के अंतर्गत चिल्ड्रन पार्क में झूलों की मरम्मत, आगंतुकों के लिए शौचालय की मरम्मति एवं रंग-रोगन कार्य तथा पूरे मंदिर परिसर की साज-सज्जा शामिल है। सुरक्षा व्यवस्था को भी ध्यान में रखते हुए परिसर में आवश्यक विकास कार्यों की नींव रखी गई है। इन कार्यों का उद्देश्य मंदिर परिसर को श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए और अधिक सुविधाजनक और आकर्षक बनाना है।

शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि सूर्य मंदिर परिसर की खूबसूरती में आज एक नया अध्याय जुड़ रहा है। सूर्य मंदिर परिसर पूरे झारखंड में अपनी भव्यता और धार्मिक आस्था के लिए प्रसिद्ध है।

उन्होंने आश्वस्त किया कि भविष्य में अन्य आवश्यकताओं को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।


इसके पश्चात, विधायक पूर्णिमा साहू ने सूर्य मंदिर परिसर से सटे सोन मंडप का भी दौरा किया। निरीक्षण के दौरान सोन मंडप की स्थिति अत्यंत खराब पाई गई। भवन में रंग-रोगन की कमी, पीने का पानी, एयर कंडीशनर, फर्श की दशा एवं परिसर में स्वच्छता की स्थिति बेहद दयनीय दिखी।

श्रीमती साहू ने सोन मंडप की मौजूदा स्थिति पर चिंता जताते हुए आधारभूत संरचनाओं की मरम्मति को लेकर गंभीरता दिखाई। उन्होंने आगामी दिनों में विधायक निधि से सोन मंडप के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू करने की बात कही।

जिससे सोन मंडप की सुरक्षा के साथ नागरिकों को सुविधायुक्त सेवा का लाभ मिल सके। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि गुंजन यादव, सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, दिनेश कुमार, मिथिलेश सिंह यादव, कुलवंत सिंह बंटी, अमरजीत सिंह राजा, लक्ष्मीकांत सिंह, सुशांत पांडा, शैलेश गुप्ता, बंटी अग्रवाल, शशिकांत सिंह, प्रेम झा, बोलटू सरकार, कंचन दत्ता, प्रमोद मिश्रा, पवन अग्रवाल, राकेश सिंह, टुनटुन सिंह, पप्पू उपाध्याय, सूरज सिंह, विकास शर्मा, युवराज सिंह, हरेराम यादव, छक्कन चौधरी, बिमला साहू, कुमार अभिषेक, साकेत कुमार, ममता भूमिज, अनिकेत रय समेत अन्य मौजूद रहे।

ग्रामीणों की दशकों पुरानी मांग हुई पूरी

# 2 करोड़ 60 लाख की लागत से तेतला-बड़ा बांदुआ के बीच बनेगा पुल



पुल का शिलान्यास करते विधायक संजीव सरदार।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत पोटका प्रखंड के तेतला और बड़ा बांदुआ गांव के बीच बहने वाली नदी पर 2 करोड़ 60 लाख रुपये की लागत से पुल का निर्माण किया जाएगा। इस बहुप्रतीक्षित परियोजना का विधिवत शिलान्यास शनिवार को विधायक संजीव सरदार ने ग्रामीणों की भारी भीड़ के बीच किया। इस पुल की मांग ग्रामीणों द्वारा आजादी के बाद से ही की जा रही थी। बरसात के मौसम में नदी का जलस्तर बढ़ने से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। कभी-कभी तो गांव पूरी तरह से बाकी क्षेत्रों से कट जाता था। अब पुल बनने से दोनों पंचायतों के हजारों लोगों को राहत मिलेगी। पुल के शिलान्यास के अवसर पर तेतला एवं जुड़ी पंचायत के ग्रामीणों ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों और सांस्तिक कार्यक्रमों के साथ विधायक का जोरदार स्वागत किया। ग्रामीणों ने इस क्षण को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह पहली बार है जब किसी जनप्रतिनिधि ने इस दिशा में ठोस पहल की है। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विधायक संजीव सरदार ने कहा, मेरा प्रयास है कि पोटका विधानसभा के सभी गांवों में विकास की रौशनी पहुंचे। हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली अबुआ सरकार द्वारा मेरी अनुशंसा पर अब तक 60 से अधिक सड़कों के सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मती की योजनाएं स्वीत हुई हैं।

स्पीड न्यूज

## डीवीसी चंद्रपुरा प्रबंधन ने स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर निकाला प्रभात फेरी

**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन द्वारा मनाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत शनिवार की सुबह प्रभात फेरी निकाला गया और शहर की सफाई की गई। इस अवसर पर डीवीसी के वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान विजया नन्द शर्मा उप महाप्रबंधक दीपक कुमार राजीव रंजन ओझा कंचन स्मिता टोप्पो राजकुमार चौधरी अनुतोष एक्का अक्षय कुमार राम सुधिष्ट स्नेही भुवनेश्वर महतो प्रदीप श्रीवास्तव सरयू रविदास अमूल्य सिंह सरदार आर के निराला गिरधारी महतो सहित केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवान विद्यालय के छात्र एवं अन्य लोगों ने यहां के प्लांट के मुख्य द्वार के समक्ष एकत्रित होकर प्रभात फेरी निकाला। प्रभात फेरी यहां के बाजार एवं कॉलोनी भ्रमण करते हुए निदेशक भवन तक पहुंची और शहर की सफाई की। मौके पर परियोजना प्रधान श्री शर्मा ने कहा कि स्वच्छता समाज और देश के उत्थान में अहम भूमिका रखता है । हम सभी को अपने आप को ही स्वच्छ रखना है तभी हमारा घर समाज और देश स्वच्छ होगा । उन्होंने कहा कि गंदगी को दूर कर हम बीमारी से बच सकेंगे और विकसित भारत के निर्माण में शामिल हो सकेंगे।

## जनवादी लेखक संघ ने किया गोष्ठी का आयोजन

**बोकारो।** जनवादी लेखक संघ बोकारो जिला द्वारा- आज के दौर में नफरत और उसका समाज पर प्रभाव के विषय पर सेक्टर 2 ए में आयोजित गोष्ठी के मुख्य वक्ता थे युवा कवि व आलोचक डॉ अच्युतानंद मिश्र। अध्यक्षता गोपाल प्रसाद ने की और संचालन कुमार सतेन्द्र ने किया। इस अवसर पर अच्युतानंद मिश्र ने कहा कि नफरत एक मजबूत और विनाशकारी भावना है जो किसी व्यक्ति- समूह या विचार के प्रति तीव्र नकारात्मक प्रतिक्रिया है। इसे संचार सूचनाओं ने बढ़ावा दिया है। खासकर मीडिया की भूमिका बेहद अफसोसजनक है। लोगों के बीच भ्रामक खबरें परोसी जा रही हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार प्रहलाद चन्द्र दास ओमराज अज्ञानी आरपी वर्मा कथाकार ललन तिवारी ने अपने विचार रखें। मौके पर कवि शांति भारत प्रदीप कुमार दीपक श्याम सुंदर केवट विक्रांत कुमार रामानंद सिंह अजय यतीश उपस्थित थे।

## शिशु मंदिर-विद्यालयों में प्रारंभ से ही पंचपदी शिक्षा पद्धति का समावेश है: राजेंद्र

**बोकारो।** विद्या भारती योजना के तहत विद्या विकास समिति के तत्वावधान में 3सी संकुल का संकुल स्तरीय एक दिवसीय आचार्य कार्यशाला पंचपदी अधिगम एवं कम्यूनिकेशन स्किल विषय पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9 डी बोकारो में संपन्न हुआ। इसमें 3सी संकुल से पांच विद्यालय 3सी- 9 डी - 2ए व बालीडीह एवं रितुडीह बोकारो सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के आचार्य एवं दीदी जी सम्मिलित हुए। इस कार्यशाला की प्रस्तावना को रखते हुए संकुल संयोजक मार्कण्डेय पाण्डेय ने कहा कि आज ऐसे बालकों के निर्माण की आवश्यकता है जो ज्ञान-विज्ञान एवं अनुसंधान की परिकल्पना को एक साथ साध सके। जो राम के जैसा मयार्दा पुरुषोत्तम हो जो जनमानस को एक सूत्र में बांधकर राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाने का कार्य करे और दुश्मनों का भी सर्वनाश करे। 3सी विद्या मंदिर के सचिव राजकुमार सिंह ने कहा कि जो सीखता है वही सिखा सकता है। कार्यशाला के मुख्य रिसोर्स पर्सन 9 डी बोकारो के प्राचार्य एवं विद्या भारती उत्तर-पूर्व क्षेत्र तथा सीबीएसई के रिसोर्स पर्सन राजेंद्र कामत ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में समायोजित पंचपदी शिक्षा पद्धति को शिशु मंदिर के विद्यालयों ने प्रारंभ से ही अपनाया है। उन्होंने पंचपदी के पांच विषय अधीति (अध्यापन कार्य) बोध (कक्षाकार्य ) अभ्यास (गृहकार्य) प्रयोग (सह पाठ्य क्रियाएं) और प्रसार (स्वाध्याय और प्रवचन) पर विस्तार से चर्चा की। हमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत एक मॉडल विद्यालय बनना होगा जो दूसरे विद्यालयों के लिए प्रेरणादायी हो।

## उपराजधानी में उपडाकघर बैंक प्रणाली सुरक्षित नहीं

**काठीकुंड।** ग्रामीण डाक विभाग के उप डाकघर काठीकुंड के खाताधारक पासबुक संख्या- 8643....25 के जमाकर्ता सुशील सोरेन पिता यासान सोरेन गांव दलदली पोस्ट आमगाछी थाना काठीकुंड के रहने वाले हैं। खाताधारक ने समाज सेवी मोहम्मद इमामुल हक से विभाग से मदद की गुहार लगाई। जमाकर्ता वर्ष 2009 से 2014 तक कई किस्तों में डाकघर बचत खाते में कुल 80 हजार रुपए जमा किए थे जो खाते में विवरण उपलब्ध है। जमाकर्ता जब पैसे की निकासी के लिए पोस्ट ऑफिस बैंक उप डाकघर काठीकुंड गए तो विभाग के कर्मचारी ने बचत खाते में पैसे नहीं होने की बात कही। मो० इमामुल हक ने कहा मामला वर्ष 2009 से 2014 का है इस तरह की और भी खाताधारकों की समस्यायें हैं ग्रामीण गरीबों का रुपया बैंक प्रणाली के पास भी सूरक्षित नहीं है। ग्रामीण डाक विभाग के इस लापरवाही के लिए जिला उपायुक्त महोदय को विभाग के कर्मचारी पर कठोर कार्रवाई के लिए आस्वस्त करेंगे।

# चलन्त लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में कोडरमा प्रखण्ड मुख्यालय में चलन्त लोक अदालत सह कानूनी जागरूकता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने कहा कि समाज का कोई भी व्यक्ति साधन के आभाव में न्याय से वंचित नहीं रह सकता। लोगो के मौलिक अधिकारों के संरक्षण के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार कृत संकल्पित है। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा प्रदान की जाने वाली सभी सुविधाओं के बारे में लोगों को अवगत कराया तथा उन्होंने कहा कि कानून की जानकारी सभी को होनी चाहिए, कानून की जानकारी नहीं होने के कारण लोगों को बहुत सारी परेशानियों को झेलना पड़ता है। वहीं सचिव गौतम कुमार ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिसके द्वारा समाज के सभी कुरीतियों को दुर किया जा सकता है तथा जागरूकता के माध्यम से ही लोग अपने अधिकारों को प्राप्त कर सकते हैं। वहीं सीओ हलधर प्रसाद सेट्ठी ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा लोगों को हर प्रकार की कानूनी सहायता उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि लोग आपस में छोटी-छोटी बातों को लेकर झगड़ जाते है, जिसके कारण वे अपने समय एवं पैसे को बर्बाद करते है, लोगों को इनसे बचने की जरुरत है। मौके पर न्यायालयकर्मी संतोष कुमार सिंह, पारा लीगल वोलेनटियर सुभाष मिस्त्री, मनोज कुमार, मंटू कुमार राम, सोनाली सिन्हा, राम चन्द्र यादव, सुनील कुमार, प्रीति आर्या सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## जालसाजी कर जमीन हड़पने का आरोप

**दुमका।** जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के शिउली बोना गांव के दृष्टिहीन आदिवासी बगाल मरांडी ने बीते शुक्रवार को डीसी के जनता दरबार में आवेदन देकर पत्थर माफियाओं से अपनी जमीन की सुरक्षा करने की गुहार लगायी है। बंगाल ने पत्थर माफिया मानिक चंद्र महेश्वरी एवं उनके सहयोगी सुरेंद्र टुडू पर जालसाजी कर शिउली बोना मौजा के जमाबंदी नंबर 16, प्लॉट संख्या 595/ 617/618 एवं 619 की संपूर्ण जमीन रकवा 20 बीघा का कागज तैयार कर खनन पट्टा स्वीकृति करने के प्रयास को रोकते हुए जमीन की सुरक्षा करने एवं उपरोक्त धोखाधड़ी करने वालों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने की गुहार लगायी है। बगाल का कहना है कि 23 दिसंबर 24 को उसने अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला खनन पदाधिकारी को भी इस आशय का आवेदन देकर जमीन की सुरक्षा की गुहार लगायी थी। उसे भय है कि उसकी संपूर्ण जमीन को पत्थर माफिया हड़प लेंगे। बगाल को डीसी से ही उसकी उम्मीद है कि वह गरीबों का कल्याण करने वाले हैं और दृष्टिहीन गरीब आदिवासी पर कृपा जरूर करेंगे।

# विश्व डेंगू दिवस के अवसर पर साड़म में कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोमिया।** गोमिया प्रखंड के साड़म पश्चिमी पंचायत स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र साड़म में विश्व डेंगू दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आयुष चिकित्सक डॉ पूर्णेन्दु गोस्वामी, एमटीएस मनोज कुमार सोरेन, पिरामल फाउंडेशन के कुणाल कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ गोस्वामी ने बताया कि डेंगू बीमारी से बचने के लिए थोड़ी सी सावधानी एवं सामुहिक प्रयास की जरूरत है। डेंगू से ग्रसित व्यक्ति, विशेषज्ञ चिकित्सक के परामर्श का पालन कर पूरी तरह ठीक हो सकता है। उन्होंने बताया कि घर के आसपास कहीं गंदा पानी का जमाव न होने दें, या फिर जमे हुए गंदे पानी में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कर दें। घर में अगर फ्रीज, कूलर आदि चीजें हो तो, उसे कम से कम सप्ताह में एक बार जरूर सफाई करें। सोने के समय मच्छरदानी का उपयोग करें। पानी के बर्तन व टँकी को पूरी तरह ढक कर रखे। मच्छर के काटने से बचे एवं पूरे बाजू के कपड़े पहने। बताया कि इस तरह के छोटे छोटे सावधानियां का पालन कर डेंगू से बचाव किया जा सकता है। वहीं कार्यशाला के दौरान 25 फाइलेरिया रोगियों की जांच भी की गई, जहां फाइलेरिया रोगी को निःशुल्क दवा देने के साथ साथ उन्हें रुग्णता प्रबंधन के उपयोग करने का तरीका भी बताया गया। मौके पर स्थानीय मुखिया शोभा देवी, वार्ड सदस्य सावित्री देवी, एएनएम नीरा कुमारी, मो0 सफरुद्दीन, एमपीडब्ल्यू, क्षेत्र की सहिया सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## कोयला उत्पादन लक्ष्य को हर हाल में पूरा करें : सीएमडी

**बेरमो।** सीसीएल के सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह ने बीएंडके क्षेत्र के एकेकेओसीपी और कारो परियोजना का निरीक्षण किया। सीएमडी श्री सिंह ने जीएम चित्तरंजन कुमार से कोयला उत्पादन और डिस्पैच से संबंधित जानकारी ली। साथ ही प्रोजेक्ट का नक्शा का अवलोकन करते हुए प्रोडक्शन में तेजी लाने का निर्देश दिया। इस मौके पर सीएमडी श्री सिंह ने कहा कि देश की ऊर्जा में कोयले की अहम भूमिका है। इसलिए लक्ष्य के अनुसार कोयले का उत्पादन और सम्प्रेषण करना है।

### बोकारो रोटरी ने संत जेवियर्स में किया

# सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण-शिविर का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी ने संत जेवियर्स स्कूल बोकारो स्टील सिटी में दूसरे सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण शिविर का सफल आयोजन किया जिसमें कुल 50 स्कूली छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु प्रथम डोज का टीका लगाया गया। यह शिविर रोटेरियन डॉ एससी मुंशी और उनकी विशेषज्ञ चिकित्सा टीम की कुशल निगरानी में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन क्लब अध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में संत जेवियर्स स्कूल के इंटरैक्ट क्लब ने भी पूर्व अध्यक्ष चंद्रिमा रे के मार्गदर्शन में उत्साहपूर्ण भागीदारी निभाई जिससे शिविर को संगठनात्मक मजबूती और युवाओं का सहयोग प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता डॉ एससी मुंशी और पूर्व अध्यक्ष प्रदीप नारायण के अलावा पूर्व अध्यक्ष चंद्रिमा रे पूर्व अध्यक्ष मनु श्रीवास्तव पुष्पा केजरीवाल अल्का गुप्ता शायनी जकारिया पूर्व अध्यक्ष पीए जकारिया अशोक जैन घनश्याम दास तथा प्रदीप रे आदि की सक्रिय भागीदारी रही। अध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता ने बताया कि इस श्रृंखला का तीसरा सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण शिविर रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी के क्लब परिसर में आयोजित किया जाएगा।

### श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल में लगभग 1500 विद्यार्थियों ने भाग लिया

# चार दिवसीय समर कैंप सह प्रदर्शनी संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल सेक्टर 5 के प्रांगण में आयोजित ग्रीष्मकालीन कैंप में विभिन्न विषयों के प्रशिक्षणों के साथ-साथ अंतिम दिन प्रतिभागी बच्चों के द्वारा बनाई गई वस्तुओं की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। इस समर कैंप में विद्यालय के लगभग 1500 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों का शैक्षिक तथा सांस्कृतिक विकास और उनकी छुट्टियां को मजेदार बनाना है। 4 दिवसीय इस प्रशिक्षण सह प्रदर्शनी कार्यक्रम की गतिविधियों में फुटबॉल बास्केटबॉल वॉलीबॉल एथलेटिक शतरंज कैरम पाक कला कक्षाएं कला और शिल्प सॉफ्ट टॉय मेकिंग एरोबिक्स और जुम्बा समकालीन नृत्य ग्राफिक और एनिमेशन गीता चैंटिंग को शामिल किया गया था जिसमें खेल शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को खेल के नियम एवं उसके विभिन्न विषयों से अवगत कराया गया। घर में अभिभावकों की अनुपस्थिति एवं आत्मनिर्भर बनाने और पौष्टिक भोजन के विषय में जानने के उद्देश्य से विद्यार्थियों को पाक कला की शिक्षा दी गई।

प्रशिक्षण के अंतिम दिन विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न विषयों पर सुंदर एवं आकर्षक कलाकृतियों की एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। इस प्रदर्शनी के माध्यम से उन्होंने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ग्रीष्मकालीन अवकाश की बधाई देते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजगोपालन ने कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। श्री अय्यप्पा सेवा संगम के उपाध्यक्ष शशीचंद्रन करात एवं मोहनन आर नायर कोषाध्यक्ष बालाचंद्रन महासचिव ईएस सुशीलन बोर्ड ऑफ डायरेक्टर सुरेश कुमार केए डा सुरेश बाबू ने विद्यालय के सभी सदस्यों को ग्रीष्मावकाश की बधाई दी। विद्यालय की प्राचार्या पी शैलजा जय कुमार ने कहा कि इस समर कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ने-लिखने के साथ-साथ उनकी रुचियां एवं उनके व्यक्तित्व को निखारने के लिए किया जाने वाला एक प्रयास है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के उप प्रधानाचार्या उप प्रधानाचार्य शिक्षक- शिक्षिकाओं अभिभावकों विद्यार्थियों एवं सभी कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### 40 डिग्री गर्मी में मशरूम उपजा रही हैं गोड्डा की महिलाएं, अदाणी फाउंडेशन से नि:शुल्क किट और ट्रेनिंग

# मिल्की मशरूम उत्पादन से महिलाएं बनी आत्मनिर्भर

खबर मन्त्र संवाददाता




**गोड्डा।** जहां एक तरफ गर्मी में खेती करना चुनौती बनता जा रहा है, वहीं गोड्डा की महिलाएं 'दूधिया सोना' यानी मिल्की मशरूम उगाकर न सिर्फ मौसम को मात दे रही हैं, बल्कि आत्मनिर्भरता की मिसाल भी पेश कर रही हैं। 45 डिग्री तापमान में भी यह खास किस्म का मशरूम शानदार उत्पादन दे रहा है। तपती गर्मी में खेती का नया विकल्प है मिल्की मशरूम मिल्की मशरूम की सबसे बड़ी खासियत यही है कि इसे तेज गर्मी में 35 से 40 डिग्री तापमान में भी आसानी से उगाया जा सकता है। जहां दूसरी फसलें इस तापमान में नष्ट हो जाती हैं, वहीं यह मशरूम 90 प्रतिशत नमी और बंद कमरे के वातावरण में तेजी से विकसित होता है। गोड्डा जिले की महिलाएं गर्मी के इस मौसम में भी मशरूम उगा रही हैं और अपने घर की आर्थिक स्थिति को मजबूत बना रही हैं। यह मुमकिन हो पाया है अदाणी फाउंडेशन की मदद से, जो महिलाओं को मुफ्त ट्रेनिंग और मशरूम उत्पादन के लिए जरूरी सामान मुहैया करवा रहा है। अदाणी पावर प्लांट के आस-पास के गांव मोतिया, डुमरिया, पटवा, रंगनिया, बक्सरा, नयाबाद, गंगटा आदि गांवों की 200 से अधिक महिलाएं अदाणी फाउंडेशन की ओर से ट्रेनिंग लेकर न केवल खुद मशरूम उगा रही हैं, बल्कि दूसरी महिलाओं को भी इसकी ट्रेनिंग दे रही हैं। इससे पूरे गांव की सामाजिक और आर्थिक तस्वीर बदल रही है। अदाणी फाउंडेशन की यह पहल ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण का बेहतरीन उदाहरण बन चुकी है। पटवा गांव की बिन्दु देवी पहले सिर्फ घर के कामों तक सीमित थीं, लेकिन अदाणी फाउंडेशन की ट्रेनिंग लेने के बाद अब वह मशरूम उत्पादन करके हर महीने 8 से 10 हजार रुपये तक कमा रही हैं। बिन्दु कहती हैं, पहले लगता था खेती सिर्फ पुरुषों का काम है, लेकिन अब मशरूम उत्पादन से मेरी खुद की पहचान बनी है।

मिल्की मशरूम की खासियत यह है कि इसे गर्मी में भी उगाया जा सकता है। एक छोटे से कमरे में 35-40 डिग्री तापमान और 90% नमी में यह अच्छी पैदावार देता है। मात्र 20-25 रुपये प्रति किलो की लागत से तैयार यह मशरूम बाजार में 200 से 400 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। यानी लागत का दस गुना तक मुनाफा संभव है। महिलाएं सबसे पहले भूसे को फॉर्मलीन और दवाओं से उपचारित करती हैं। फिर बीज मिलाकर पॉलिथीन की थैलियों में भरकर अंधेरे कमरे में रखती हैं। 20 दिन बाद केसिंग होती है, जिसमें मिट्टी और खाद मिलाकर हल्की सिंचाई की जाती है। लगभग 15 दिन में मशरूम उगने लगते हैं। मशरूम का स्वाद और पौष्टिकता ही नहीं, बल्कि इसके औषधीय गुणों के चलते भी इसकी मांग तेजी से बढ़ रही है। डॉक्टर भी कई बीमारियों में मिल्की मशरूम को खाने की सलाह देते हैं। गोड्डा के इन गांवों की महिलाएं ने साबित कर दिखाया है कि अगर सही मार्गदर्शन और संसाधन मिले, तो गर्मी जैसी चुनौती भी अवसर में बदली जा सकती है। मिल्की मशरूम गर्मियों में खेती का एक मजबूत विकल्प बनकर उभरा है, और ग्रामीण महिलाएं इसका पूरा लाभ उठाकर सामाजिक और आर्थिक बदलाव की कहानी लिख रही हैं।

## एक नजर में

## 11वें ग्रीष्मकालीन आवासीय नेटबॉल प्रशिक्षण शिविर

**गोड्डा।** गांधी मैदान में चल रहे 11वें ग्रीष्मकालीन आवासीय नेटबॉल प्रशिक्षण शिविर में भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा के साथ आई टोली कैंप का हिस्सा बनी। बच्चों को खेलते देखा उन्हें बहुत प्रसन्नता हुई और बच्चों को प्रोत्साहित किया। वहीं बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए कहा कि जिस प्रकार इस भीषण गर्मी में वह खेल के प्रति और खासकर नेटबॉल के प्रति अपनी उत्साह को दिखा रहे यह देखकर वह अचंभित हुए और गर्मी में सारे नेटबॉल के खिलाड़ियों को शीतल पेयजल पिलाकर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने नेशनल खिलाड़ी मोनालिसा सह कोच को आश्वासन दिया कि आगे आने वाले दिनों में नेटबॉल को उनका पूरा समर्थन रहेगा और किसी भी परिस्थिति में अगर वे रहे तो साथ खड़े रहेंगे। इनके साथ चलकर आए युवा मोर्चा संथाल परगना प्रमंडलीय प्रभारी रविंद्र तिवारी भी खिलाड़ियो का उत्साह देखकर काफी प्रभावित हुए। उन्होंने भी नेटबॉल को पूर्ण समर्थन देने की बात कही। साथ में मौजूद थे वहीं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सौरभ सुमन, भाजपा जिला महामंत्री मुरारी चौबे, जिला कोषाध्यक्ष राजेश भगत, जिला ओवैसी मोर्चा अध्यक्ष दीपक कुमार, लाल बहादुर सिंह, राजेश टेकरीवाल, आशीष यादव, पप्पू, भावेश, रोहित आदि मौजूद रहे साथ ही मिलकर शीतल पेयजल बच्चों को पिलाया।

## ठाकुरगंगटी में महर्षि मेंही आजीविका सखी मंडल की हुई बैठक

**गोड्डा/ ठाकुरगंगटी।** प्रखंड क्षेत्र के ठाकुरगंगटी ग्राम स्थित समूह की सचिव पूनम देवी के निवास पर शुक्रवार को महर्षि मेंही आजीविका सखी मंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समूह की अध्यक्ष रंभा देवी ने किया। इस दौरान सभी के द्वारा साप्ताहिक बचत राशि को जमा किया गया। ऋण लेन देन के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। समूह संबंधी प्रार्थना किया गया। बैठक पंजी में सभी सदस्या द्वारा अपनी-अपनी उपस्थिति दर्ज की गई। अध्यक्ष रंभा देवी द्वारा सभी सदस्या को यह चेतावनी दी गई की जो सदस्या लगातार तीन बैठक में उपस्थित रहेंगी उनके बारे में प्रस्ताव लिया जाएगा। साथ ही साथ सभी सदस्यों को बैठक में ही साप्ताहिक बचत राशि और ऋण वापसी की राशि जमा करने का निर्देश दिया गया। कहा कि ग्रामीण विकास विभाग झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा जो दिशा निर्देश दिया जाता है, शत प्रतिशत उसी के आधार पर समूह के सभी प्रकार के कार्यों का संचालन किया जाना है।यह भी कहा गया कि जिस सदस्या को ग्राम संगठन और संकुल स्तरीय संघ के साथ-साथ प्रखंड कार्यालय और बैंक से संबंधित कार्यों के लिए अधिकृत किया जाएगा संबंधित सदस्या को उक्त कार्यों का निष्पादन नियमानुसार समय पर करना होगा। बैठक पंजी, आय- व्यय पंजी के अलावे अन्य सभी पंजीयों का संधारण समय पर नियमानुसार करने का भी प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में चार सदस्या को व्यापार बढ़ाने के लिए 350000 की राशि बैंक से संबंधित सदस्या के बैंक खाते में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में अध्यक्ष रंभा देवी, सचिव पूनम देवी, कोषाध्यक्ष राखी झा, सदस्या शोभा देवी, रेखा देवी, वंदना कुमारी, कल्याणी देवी आदि सदस्या शामिल थी।

## देवरों ने भाभी को बेरहमी से पीटा, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**गोड्डा/ बसंतराय।** घरेलू विवाद और पुरानी रंजिश के चलते बसंतराय थाना क्षेत्र के धपरा पंचायत अंतर्गत वादे गांव में शुक्रवार की संध्या एक महिला पर उसके देवरों ने जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने धारदार हथियार और लाठी-डंडों से महिला को पीटकर बुरी तरह से घायल कर दिया जिसके बाद पीड़िता नूतन देवी को गंभीर हालत में गोड्डा के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर पीड़िता नूतन देवी पर उनके देवर मुनीलाल यादव, लालू यादव और राजेश यादव ने हमला कर दिया। वहीं बताया जा रहा है कि इससे पहले भी इन आरोपियों ने महिला के ऊपर जानलेवा हमला कर महिला को खेत में फेंक दिया था, तब भी आरोपियों के विरुद्ध पुलिस की ओर से कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई थी और अब ये जानलेवा हमला दूसरी बार किया गया था। मिली जानकारी के अनुसार घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मनीष यादव दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। लेकिन ग्रामीणों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए घंटों विरोध प्रदर्शन किया। वहीं ग्रामीणों की मांग थी कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, क्योंकि यह हमला दोहराया गया है और पुलिस ने पूर्व में भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया। थाना प्रभारी मनीष यादव ने बताया कि घायल महिला को सदर अस्पताल भेजा गया है। मामले का आवेदन मिलने पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बीएसएल में वित्त एवं वाणिज्य से सम्बंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में- वित्तीय विकास एवं वाणिज्यिक कौशल विषय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों की तकनीकी जानकारी के साथ-साथ उनके वित्तीय एवं वाणिज्यिक कौशल को विकसित कर उन्हें व्यापारिक निर्णयों में सशक्त रूप से सहभागी बनाना था। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य महाप्रबंधक-ज्ञानार्जन एवं विकास सुश्री नीता बा तथा मुख्य महाप्रबंधक वित्त एवं लेखा निर्मल कुमार सिंह उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 33 अधिशासी ने भाग लिया। सीजीएम सुश्री नीता बा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम से अधिकतम लाभ उठाने पर बल दिया तथा उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी वातावरण में वाणिज्यिक दृष्टिकोण विकसित करना आवश्यक है। सीजीएम निर्मल कुमार सिंह ने इस कार्यक्रम को वर्तमान बदलते व्यावसायिक परिवेश में अत्यंत उपयोगी बताया।

## पेज एक का शेष

### पलामू के मनातू...

इसी सूचना के आलोक में पलामू के एसपी अभियान राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में एक सर्च अभियान शुरू किया गया। पुलिस जैसे ही जसपुर गांव के समीप जंगली क्षेत्र में पहुंची नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में गोली चलाना प्रारंभ की। दोनों तरफ से कई राउंड गोली चली। पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। एसपी ने बताया कि नक्सली उन्मूलन के तहत सर्च ऑपरेशन जारी है। उन्होंने कहा कि मुठभेड़ के बाद अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। उन्होंने बताया कि सर्च अभियान में पुलिस ने गोली, मोबाईल, खाद्य सामग्री के अलावे कई सामान बरामद किया है। पिछले 20 दिनों के अंदर शशिकांत के दस्ते के साथ पलामू पुलिस के यह दूसरी मुठभेड़ है। शशिकांत फिलहाल टीएसपीसी का दूसरा सबसे बड़ा कमांडर है।

### पाक की जासूस...

भारत लौटने के बाद ज्योति ने सोशल मीडिया के जरिये संवेदनशील जानकारी साझा की। हरियाणा के कैथल से देवेंद्र सिंह नामक युवक को भी गिरफ्तार किया गया। देवेंद्र सिख जत्थे के साथ पाकिस्तान गया था। वहां वह आईएसआई के संपर्क में आया। उसे हनी ट्रैप में फंसाकर पटियाला कैंट की तस्वीरें और वीडियो साझा करने को कहा गया। बार-बार पाकिस्तान की यात्रा की वजह से ज्योति मल्होत्रा भारत की सुरक्षा एजेंसियों की नजर में थी। वहीं देवेंद्र सिंह ने वहां के आर्मी कैंट क्षेत्र की तस्वीरें अपने मोबाइल फोन से खींचकर आईएसआई एजेंटों को भेजी थीं। इन तस्वीरों के अलावा आरोपी ने ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी जानकारी भेजी थी।

# नूर खान एयरबेस पर गिरी थी मिसाइल

## पाकिस्तान के पीएम शहबाज ने आखिरकार कबूला सच, रात ढाई बजे मुनीर ने बताया था

एजेंसी

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पहली बार कबूल किया है कि भारतीय सेना की ओर रावलपिंडी में नूर खान एयरबेस पर 9 -10 मई की रात को एयर स्ट्राइक किया गया था। भारतीय सेना ने एयर स्ट्राइक में कई पाकिस्तानी एयरबेस पर मिसाइल हमले किए थे। शरीफ ने यह बयान यौम-ए-तशाकुर (धन्यवाद) नामक भव्य समारोह में अपने भाषण के दौरान दिया। इस्लामाबाद में प्रतिष्ठित स्थल द मॉन्यूमेंट में आयोजित समारोह के दौरान, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने घटनाक्रम की श्रृंखला का विवरण दिया और कहा कि इसके बाद हमने भारत के प्रति अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। पीएम ने अपने संबोधन में नूर खान एयरबेस पर भारतीय मिसाइल हमले को लेकर भारत के दावे को स्वीकार किया। शरीफ ने

**9-10 मई की रात भारतीय सेना ने की थी एयर स्ट्राइक**

कहा कि 9 और 10 मई की रात करीब 2:30 बजे सेना प्रमुख ने मुझे फोन कर बताया कि भारत ने अपने बैलिस्टिक मिसाइलों के जरिए हम पर हमला किया है। एक मिसाइल नूर खान एयरबेस पर गिरी और कुछ अन्य मिसाइलें अन्य इलाकों में गिरी हैं। उन्होंने कहा कि सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने भारत की ओर से की गई एयर स्ट्राइक का पूरी ताकत से जवाब देने की अनुमति मांगी थी। भारत की एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान ने ड्रोन, और मिसाइल हमलों के जरिए हमले किए। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के भाषण में शांति वार्ता के आह्वान पर भी प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि मैं उन सभी मित्र देशों का बहुत आभारी हूं, जो



दुनिया के इस हिस्से में शांति और युद्धविराम को बढ़ावा देने में बहुत मददगार रहे हैं। शरीफ ने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने में मदद के लिए सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, ईरान, तुर्की, चीन, ब्रिटेन और अन्य देशों को धन्यवाद दिया। उन्होंने संकट के अंतिम समय में हस्तक्षेप करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की विशेष प्रशंसा की। पीएम ने कहा कि मैं राष्ट्रपति ट्रंप को उनके नेतृत्व के लिए धन्यवाद देना चाहूंगा, और उनके इस दृष्टिकोण के लिए भी कि दक्षिण एशिया में जल्द से जल्द शांति बहाल होनी चाहिए। उनके पथ-प्रदर्शक और रणनीतिक नेतृत्व ने काम किया और दो देशों के बीच होने वाले घातक युद्ध को टाल दिया।

## दोनों देशों के बीच तनाव चरम पहुंच गया था : ट्रंप

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत और पाकिस्तान से बातचीत करना और उन्हें (पूर्ण युद्ध) के कगार से वापस लाना उनकी इतनी बड़ी सफलता है कि उसका उचित श्रेय उन्हें कभी नहीं मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच बहुत नफरत है और तनाव उस स्तर पर पहुंच गया था जहां अगला चरण संभवतः परमाणु इस्तेमाल था। ट्रंप ने शुक्रवार को फॉक्स न्यूज से एक साक्षात्कार में कहा कि यह मेरी इतनी बड़ी सफलता है कि इसका उचित श्रेय मुझे कभी नहीं मिलेगा। वे बड़ी परमाणु शक्तियां हैं। उनमें जरा भी समानता नहीं है। वे आक्रोशित थे। साक्षात्कार के दौरान ट्रंप से पश्चिम एशिया की उनकी यात्रा से पहले की विदेश नीति की कुछ सफलताओं का जिक्र करते हुए पूछा गया कि क्या उन्होंने भारत और पाकिस्तान को फोन किया था। ट्रंप ने जवाब दिया कि हां, मैंने किया था। साक्षात्कार लेने वाले ने कहा कि यह एक सफलता है। ट्रंप ने कहा कि क्या आपने देखा कि यह (संघर्ष) किस दिशा में जा रहा था? यह जैसे को तैसा की तरह था। यह गहराता जा रहा था। मेरा मतलब है कि मिसाइलों का इस्तेमाल बढ़ता जा रहा था। दोनों मजबूत हैं। लिहाजा अगले जिस चरण पर यह पहुंचने वाला था, आप जानते हैं कि वह क्या है?

## स्पीड न्यूज

### कान्स में अनुष्का सेन ने किया डेब्यू



**कान्स।** ग्लोबल स्टार अनुष्का सेन ने कान्स फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर अपना डेब्यू कर एक नया कीर्तिमान रच दिया है। अनुष्का सेन अपनी पीढ़ी की सबसे प्रतिभाशाली और होनहार अभिनेत्रियों में से एक हैं। कम उम्र में अपनी अभिनय प्रतिभा से लोगों का दिल जीतने वाली अनुष्का ने इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बनाई है।

### पाक में डॉक्टर की गोली मारकर हत्या

**इस्लामाबाद।** अहमदिया समाज के वरिष्ठ डाक्टर शेख महमूद की गोली मारकर हत्या कर दी गई। एक हमलावर उनके क्लीनिक में घुसा और गोलियों की बौछार कर दी। हमलाकर मौके से फरार होने में सफल रहा। पिछले दो महीने में अहमदिया समुदाय के तीसरे व्यक्ति की हत्या है। जमात ए अहमदिया पाकिस्तान (जेएपी) के मुताबिक घटना पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के सरगोधा में शुक्रवार देर शाम की है। डा. शेख महमूद अपने क्लीनिक पर थे। तभी उन पर हमला कर दिया गया।

### आरबीआइ 20 रुपये के नए नोट जारी करेगा

**नयी दिल्ली।** आरबीआइ जल्द ही महात्मा गांधी (नई) सीरीज में 20 रुपये मूल्यवर्ग के नए बैंक नोट जारी करेगा। इन नोटों पर गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। आरबीआई ने शनिवार को बताया है कि महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला में 20 रुपये मूल्यवर्ग के बैंक नोट जारी किए जाएंगे, जिन पर गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। बयान के अनुसार इन नोटों का डिजाइन हर तरह से महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 20 रुपये मूल्यवर्ग के बैंक नोटों जैसा ही है।

### यूपी : मथुरा में पकड़े गये 90 बांग्लादेशी

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के नौहझील थाना क्षेत्र में दो ईंट-भट्ठों पर काम कर रहे 90 बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस और एलआईयू ने शुक्रवार रात को गिरफ्तार किया है। कई प्रदेशों में मजदूरी करते हुए यहां पहुंचे थे। ये लोग यहां पर पिछले पांच महीने से काम कर रहे थे। एसएसपी श्लोक कुमार ने शनिवार को बताया कि अवैध रूप से भारत में रहने वालों को चिन्हित किया जा रहा था।

### मुंबई में चार करोड़ की ड्रग्स जब्त, दो गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम ने जोगेश्वरी बस डिपो के पास चार करोड़ रुपये की दो किलोग्राम ड्रग्स सहित दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपितों की पहचान अब्दुल करीम नजीर शेख (44) और यासीन अली शेख (29) के रुप में की गई है। दोनों के पास से 2 किलोग्राम ड्रग्स बरामद कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।
आप के 15 पार्षदों ने दिया इस्तीफा

### आप के 15 पार्षदों ने दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के शीर्ष नेतृत्व से नाराज 15 निगम पार्षदों ने शनिवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। आप के वरिष्ठ पार्षद मुकेश गोयल ने कहा कि हमारे 15 पार्षदों ने पार्टी से इस्तीफा दिया है और अलग दल इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी बनाई है। पिछले ढाई साल में हम लोगों का काम नहीं कर पाये।

# भारत 100 % टैरिफ कम करने को तैयार

## ट्रंप ने किया दावा, जल्द होगा समझौता

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया कि भारत अमेरिकी वस्तुओं पर 100 प्रतिशत शुल्क कम करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच जल्द ही व्यापार समझौता होने वाला है। हालांकि, ट्रंप ने फॉक्स न्यूज को दिए साक्षात्कार में कहा कि उन्हें प्रस्तावित व्यापार समझौते के लिए कोई जल्दबाजी नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बार-बार यह दावा किया है कि भारत अमेरिकी वस्तुओं पर सभी शुल्क कम करने की पेशकश कर रहा है। ट्रंप ने एक



बार फिर भारत को दुनिया में सबसे अधिक शुल्क लगाने वाले देशों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि वे व्यापार करना लगभग असंभव बना देते हैं। क्या आप जानते हैं कि वे अमेरिका के लिए अपने शुल्क में 100 प्रतिशत कटौती करने को तैयार हैं। जब उनसे पूछा गया कि भारत के साथ समझौता कब तक होगा, तो अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि जल्द ही होगा। मुझे कोई जल्दी नहीं है। देखिए, हर कोई हमारे साथ सौदा करना चाहता है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल प्रस्तावित व्यापार समझौते के लिए वार्ता की प्रगति का आकलन करने के लिए इस समय वाशिंगटन में हैं। उम्मीद है कि वह अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जैमीसन ग्रीर के साथ बातचीत करेंगे।

## पीएसएलवी-सी61 का प्रक्षेपण आज

**चेन्नई।** पीएसएलवी-सी61/ईओएस-09 मिशन के रविवार को प्रक्षेपित करने के लिए 24/25 घंटे की उल्टी गिनती शनिवार सुबह शुरू हो गई। यह मिशन पृथ्वी की निगरानी क्षमताओं को बढ़ाएगा और विशेष रूप से भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों की हाई-रिजॉल्यूशन रडार इमेजरी प्रदान करेगा। इसरो के सूत्रों ने बताया कि उल्टी गिनती शुरू हो गई है। सूत्रों ने कहा कि यह 24 घंटे है या 25 घंटे, इस बारे में अपडेट किया जाएगा। यह इसरो का 101वां मिशन है। चार चरणों वाला 44.5 मीटर लंबा पीएसएलवी-सी61, जिसका भार 321 टन है, अपनी 63वीं उड़ान में, रविवार सुबह 0559 बजे श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से प्रथम लॉन्च पैड से उड़ान भरेगा, जिसमें 1,692.24 किलोग्राम वजनी पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस-09 होगा।

# लालू के खिलाफ कोर्ट ने जारी किया इश्तेहार

**सिवान में आचार संहिता उल्लंघन मामले में नहीं हुये थे उपस्थित**

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** सिवान के एमपी-एमएलए कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के खिलाफ एक इश्तेहार जारी किया है। इस इश्तेहार के जरिये कोर्ट ने उन्हें ससमय पेश होने का आदेश दिया है। लालू प्रसाद आचार संहिता उल्लंघन के एक पुराने मामले में पिछले कई सुनवाई में उपस्थित नहीं हुए थे। इस कारण कोर्ट ने उनके खिलाफ यह इश्तेहार जारी किया है। दरअसल, कोर्ट में उपस्थिति को लेकर जमानतीय और गैर-जमानतीय वारंट जारी होने के बाद भी यदि आरोपी उपस्थित नहीं होता है, तो उसके विरुद्ध इश्तेहार जारी किया जाता है। एक पुराने मामले



में न्यायालय ने उन्हें ससमय कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है। लालू यादव से जुड़ा यह मामला 2011 का है। सिवान जिले में दरौंदा थाना के विधानसभा क्षेत्र में 2011 में उपचुनाव हुआ था, जिसमें राजद उम्मीदवार परमेश्वर राय, लालू यादव के पार्टी से चुनाव लड़ रहे थे। इसी बीच चुनाव प्रचार-प्रसार के दौरान उनपर अचार संहिता 144-188 धारा लगा था।

## मुंबई में आइएसआइएस के फरार दो गुर्गे गिरफ्तार

**मुंबई।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए दो फरार आरोपियों अब्दुल फैयाज शेख और तल्हा लियाकत खान को गिरफ्तार किया। जिनकी पहचान प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन आईएसआईएस के स्लीपर मॉड्यूल के प्रमुख सदस्यों के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी महाराष्ट्र के पुणे में आईईडी के निर्माण और परीक्षण से जुड़े 2023 के एक मामले से जुड़े हैं। केंद्रीय एजेंसी ने पहले उनकी गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले को 3 लाख रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा की थी। आव्रजन ब्यूरो ने आरोपियों को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रोका, जब वे इंडोनेशिया के जकार्ता से आए थे, जहां वे छिपे हुए थे। उन्हें एनआईए ने गिरफ्तार किया।

# प्रधानमंत्री 29 मई को ही आयेंगे पटना

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिहार दौरे के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। बदले हुए कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री अब दो दिवसीय बिहार दौरे पर आएंगे। पीएम मोदी 29 मई को ही पटना पहुंच जाएंगे। 29 को वो पटना में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे, जबकि 30 मई को विक्रमगंज में जनसभा को संबोधित करेंगे। पहले उनका कार्यक्रम एक दिन का तय था, लेकिन अब इसे विस्तारित कर दो दिन का कर दिया गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने शनिवार को बताया कि पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक दिवसीय दौरे पर बिहार आने वाले थे, लेकिन अब उनके कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। पहले केवल बिक्रमगंज में एकदिवसीय कार्यक्रम तय था, लेकिन अब पीएम दो दिन के प्रवास

**▸▸ जेपी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नये टर्मिनल भवन का उद्घाटन और छह एयरपोर्ट करेंगे शिलान्यास मोदी**



पर बिहार आ रहे हैं। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि केंद्र सरकार की उड़ान योजना के अन्तर्गत बिहार में जो 10 नये एयरपोर्ट बनने हैं, उनमें से मधुबनी, मुजफ्फरपुर, वाल्मीकि नगर, बीरपुर, सहरसा और मुंगेर में बनने वाले छह एयरपोर्ट का शिलान्यास भी करेंगे।

## गाजा में इजराइल ने शुरू किया 'ऑपरेशन गिदोन'

**यरुशलम।** इजराइल ने गाजा पट्टी में ऑपरेशन गिदोन रथ नामक एक नया सैन्य अभियान शुरू किया है, जिसका उद्देश्य हमास पर दबाव बनाकर बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करना है। इस अभियान की घोषणा शनिवार को इजराइली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने की। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन ₹पूरी ताकत₹ के साथ संचालित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पहले ही संकेत दिया था कि गाजा में हमास को समाप्त करने और बंधकों को छुड़ाने के लिए दबाव और तेज किया जाएगा। यह सैन्य अभियान ऐसे समय में शुरू किया गया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपना मध्य पूर्व दौरा समाप्त किया, लेकिन इस बार वे इजराइल नहीं गए। ट्रंप की यात्रा से पहले कुछ उम्मीदें थीं कि इससे संघर्ष विराम या मानवीय सहायता बहाल हो सकती है, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, 24 घंटे में इजराइल हमलों में 150 से अधिक लोगों की मौत हुई है। कुल मिलाकर, 18 मार्च को संघर्षविराम टूटने के बाद से 3,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं।

# थरूर ने स्वीकारी पाक की पोल खोलने की जिम्मेदारी

**ऑपरेशन सिंदुर**

## सात सांसदों का डेलिगेशन जायेगा विदेश

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सरकार द्वारा शुरू किए गए वैश्विक प्रचार अभियान में सांसदों के चयन को लेकर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस पार्टी की ओर से भेजी गई सूची में नाम नहीं होने के बावजूद शशि थरूर ने सरकार का न्योता स्वीकार कर लिया है और सात में से एक महत्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने को तैयार हो गए हैं। वहीं, एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने भी सरकार का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। शनिवार को जैसे ही संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इस बहुपक्षीय प्रचार अभियान की रूपरेखा पेश की, थरूर ने तुरंत सरकार के

**कांग्रेस की सूची में नहीं था शशि थरूर का नाम**



निमंत्रण को स्वीकार करते हुए एक्स पर लिखा कि मुझे भारत सरकार द्वारा पांच प्रमुख वैश्विक राजधानियों में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने का सम्मान मिला है, ताकि हालिया घटनाओं पर भारत का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया जा सके। जब बात राष्ट्रीय हित की हो और मेरी सेवाओं की आवश्यकता हो, तो मैं पीछे नहीं हटूंगा। जय हिंद। थरूर को पार्टी द्वारा नामित नहीं किया गया था। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इसके कुछ देर बाद ट्वीट कर जानकारी दी कि कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकार को चार नामों की सूची भेजी थी, जिनमें आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, सैयद नासिर हुसैन और अमरिंदर सिंह राजा वडिंग के नाम शामिल थे।

रिजिजू ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ भारत की कड़ी प्रतिक्रिया के संदर्भ में सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विश्व के प्रमुख देशों, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों में भेजे जाएंगे। ये प्रतिनिधिमंडल भारत की आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति व राष्ट्रीय एकजुटता को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करेंगे।

इन नेताओं को दी गई जिम्मेदारी : शशि थरूर (कांग्रेस), रविशंकर प्रसाद (भाजपा), संजय कुमार झा (जदयू), बैजयंत पांडा (भाजपा), कनिमोझी करूणानिधि (डीएमके), सुप्रिया सुले (एनसीपी), श्रीकांत एकनाथ शिंदे (शिवसेना)।

## ऑपरेशन सिंदूर में कितने विमान खोये, सरकार बताए : राहुल गांधी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि ऑपरेशन सिंदूर की शुरूआत में पाकिस्तान को सूचना देने का अपराध किसने किया और इसके कारण हमने कितने विमान खोये हैं। गांधी ने कहा कि सबसे बड़ा अपराध यह है कि युद्ध की शुरूआत में पाकिस्तान को सूचना देने का काम किसने किया और इस सूचना को बांटने के लिए कौन अधिकृत था।




# पटना रेलवे स्टेशन के समीप जाम से मिलेगी मुक्ति

खबर मन्त्र संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पटना जंक्शन के पास सब-वे का शुभारम्भ और स्मार्ट सिटी के तहत पटना के जीपीओ गोलंबर के नजदीक बने मल्टी मॉडल हब का उद्घाटन किया। पटना जंक्शन के सामने एक 440 मीटर लंबा अंडरग्राउंड सब-वे और इसके ऊपर तीन मंजिला मल्टीलेवल पार्किंग बनाई गई है। इसमें रेस्टोरेंट, एटीएम से लेकर दुकानें तक हैं। जीपीओ गोलंबर से पटना जंक्शन गोलंबर वाया न्यू मार्केट एरिया में पीक आवर में गाड़ियां रेंगती रहती है। पटना जंक्शन पर गाड़ियों की पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था भी अब तक नहीं थी। अभी जीपीओ गोलंबर के पास ही बस स्टैंड और ऑटो स्टैंड भी



है। ऐसे में लोगों को स्टेशन आने और जाने में काफी परेशानी हो रही थी। इसके उद्घाटन के बाद अब जंक्शन के पास से खुलने वाली बसों को यहीं पार्क किया जाएगा। ऑटो को भी यहीं खड़े करने की व्यवस्था होगी। आम जन के लिए यह रविवार , यानी 18 मई से शुरू होगा। मल्टी मॉडल हब और टनल की देखरेख की जिम्मेदारी स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ही होगी। इसके रखरखाव और देखरेख के लिए

**▸▸ नीतीश ने किया सब-वे और मल्टी मॉडल हब का उद्घाटन**
**▸▸ 400 मीटर भूमिगत टनल से पहुंचेगे पटना जंक्शन**

टेंडर के माध्यम से एजेंसी का चयन किया जाएगा। सुरक्षा के लिहाज से हर जरूरी बंदोबस्त किए गए हैं। हर एंट्री और एग्जिट पॉइंट पर सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। आग से बचाव के लिए हर मंजिल पर सेंट्रलाइज्ड फायर इस्टिंग्विशर का सेटअप तैयार किया गया है। पूरे टनल में सेंट्रलाइज्ड एसी का सेटअप किया गया है। टनल में सीसीटीवी कैमरे, लाइट्स, डिस्प्ले स्क्रिन और साउंड सिस्टम भी है। साउंड सिस्टम के जरिए लोगों को इस बात की जानकारी दी जाएगी कि टनल के किस गेट के जरिए किस साइड बाहर निकला जा सकता है। टनल में तीन एंट्री और एग्जिट गेट बनाए गए हैं। इससे जीपीओ गोलंबर और इस्कॉन टेंपल की तरफ से लोग आसानी से पटना जंक्शन पहुंच सकते हैं। गाड़ियों की बेहतर पार्किंग के साथ स्टेशन आने-जाने में भी लोगों को सहूलियत होगी। सब-वे से पैसेंजर्स को महावीर मंदिर जाने में सुविधा होगी।मल्टी मॉडल हब को पटना जंक्शन, मेट्रो स्टेशन और बुद्ध स्मृति पार्क के पास बने मल्टी मॉडल पार्किंग से स्मार्ट और अल्ट्रा मॉडल टनल से जोड़ा गया है।

### टनल में तीन जगह से एंट्री

1. **पहला एंट्री-** एग्जिट मल्टी मॉडल पार्किंग।
2. **दूसरी एंट्री-** मल्टी मॉडल कार पार्किंग ।
3. **तीसरी एंट्री-** महावीर मंदिर, रेलवे स्टेशन गेट नंबर-3 के पास।

